CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :27°C
न्यूनतम: 12°C

बरेली, सोमवार 10 नवम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 346 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 18 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिहार के लिए चली स्पेशल ट्रेनों पर कपिल सिब्बल ने उठाए सवाल पेज 2



मेघालय के आकाश चौधरी ने 8 गेंद में लगातार 8 छक्के मारे खेल टाइम्स



वोट चोरी: देश चाहता है राहुल के सवालों के जवाब सम्पादकीय



पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर अब तीनों सेनाओं के प्रमुख बनेंगे पेज 12

# उत्तराखंड से मेरा गहरा लगाव: प्रधानमंत्री

## उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के मुख्य समारोह में शामिल हुए मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड पहुंचे। प्रधानमंत्री ने एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने गढ़वाली में अपना संबोधन शुरू कर लोगों में जोश भरा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 8140 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

ये परियोजनाएं पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास सहित कई प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ी हैं। वन अनुसंधान संस्थान देहरादून के विशाल मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में पीएम मोदी ने गढ़वाली से शुरू किया संबोधन: दीदी भुल्यों...दाणा सयाणों। आप सभी तैं म्यार नमस्कार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गढ़वाली में संबोधन की शुरुआत की तो लोग उत्साह और जोश से भर गए। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड का मन प्रफुल्लित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रजत जयंती समारोह के मौके पर उत्तराखंड को -शेष पृष्ठ दो पर



■ पीएम मोदी ने दी 8260 करोड़ की सौगात, स्थापना के 25वें वर्ष पर स्मारक डाक टिकट भी किया जारी

### पीएम मोदी ने पूरी दुनिया को दिखाया, हम किसी से कम नहीं: धामी

सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि बाबा केदारनाथ, भगवान बदरीनाथ, महासू देवता, गोल्ज्यू देवता समेत सभी देवताओं का स्मरण करता हूं। देश की रक्षा करने वाले वीर जवानों और अमर बलिदान देने वाले राज्य आंदोलनकारियों को याद करता हूं। पीएम मोदी ने पूरी दुनिया में ये विश्वास जगाया है कि हम किसी से कम नहीं। उत्तराखंड भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में अपनी भागीदारी करने को तैयार है।

### प्रदर्शनी में उत्तराखंड की सफलता की गाथा: पीएम

रजत जयंती पर लगाई गई खास प्रदर्शनी को देखने के लिए पीएम मोदी ने सभी से अपील की। उन्होंने कहा कि इसमें उत्तराखंड की सफलता की गाथा है। 25 साल पहले बजट सिर्फ 4000 करोड़ रुपये था। आज ये बढ़कर एक लाख करोड़ को पार कर चुका है। बिजली उत्पादन 4 गुना ज्यादा हो गया। सड़कों की लंबाई 2 गुनी हो गई। 6 माह में 4000 यात्री हवाई जहाज से आते थे ,आज एक दिन में 4000 से ज्यादा आते हैं। आज 10 मेडिकल कॉलेज हैं।

## बिहार चुनाव 2025: दूसरे फेज की 122 सीटों पर प्रचार थमा

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए जारी सियासी दलों के चुनावी प्रचार अभियान पर रविवार को पांच बजते ही विराम लग गया। अब मतदान 11 नवम्बर को होगा। रविवार को चुनाव प्रचार का आखिरी दिन रहा। दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। इसके लिए 45339 मतदान केंद्र बनाएं गए हैं। इनमें से 4109 बूथों को संवेदनशील बनाया गया है। इसमें 4003 अतिसंवेदनशील बूथ घोषित हैं। यहां पर चार बजे तक मतदान होगा। कटोरिया, बेलहर, चौनपुर, चेनारी, गोह, नवीनगर, कुटुंबा, औरंगाबाद, रफीगंज, गुरुआ, शेरघाटी, इमामगंज, बाराचट्टी के (36 बूथ), बोधगया (200 बूथ), रजौली, गोविंदपुर, सिकंदरा, जमुई, झाझा, चकाई विधानसभा में बनाए गए बूथों पर शाम चार बजे मतदान होगा। वहीं बोधगया में 106 बूथों पर शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इन बूथों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात रहने का निर्देश दिया गया है। दूसरे चरण के मतदान में 1302 प्रत्याशी चुनावी मैदान हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### संघ को तीन बार बैन किया, तब मान्यता मिली: भागवत

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि हमारे संगठन को व्यक्तियों के एक निकाय के रूप में मान्यता दी जाती है। संघ की 1925 में स्थापना हुई थी। क्या आपको लगता है कि ब्रिटिश सरकार इसका रजिस्ट्रेशन करती? असल में कांग्रेस आरोप लगाती है कि आरएसएस बिना रजिस्ट्रेशन के ही चलने वाला संगठन है। भागवत ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य नहीं किया। हम लोगों के समूह की श्रेणी में आते हैं और हम एक जाना-माना संगठन हैं। इनकम टैक्स विभाग और अदालतें आरएसएस को लोगों का समूह मानती हैं। हमारे संगठन को इनकम टैक्स से छूट दी गई थी। भागवत ने कहा कि संगठन को तीन बार बैन किया गया। इसके बाद हमारे संगठन को मान्यता दे दी। अगर हम नहीं थे, तो किस पर प्रतिबंध लगाया? ऐसी कई चीजें हैं, जो रजिस्टर्ड नहीं है। हिंदू धर्म भी रजिस्टर्ड नहीं है।

### भाजपा सांसद बोले- राहुल गांधी बूढ़े हो गए हैं, शादी नहीं की

**नई दिल्ली।** झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी के विदेश दौरे पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा कि जब आपका परिवार कहता है कि उनके पास कोई संपत्ति नहीं है, तो सारा पैसा कहां से आ रहा है। आप कोलंबिया या कंबोडिया क्यों जा रहे हैं, किस वजह से। आपके परिवार की इटली में क्या संपत्ति है। हर चीज की जांच होगी। निशिकांत ने कहा कि राहुल के पास पैसा कहां से आ रहा है, राहुल गांधी की शादी नहीं हुई तो इसका मतलब ये नहीं कि वे युवा हैं। मेरी और राहुल गांधी की उम्र बराबर है। मेरे दो बेटे हैं, वे शादी की उम्र के हैं। हो सकता है कि अगले साल मैं उनकी शादी कर दूं। इसका मतलब वे (राहुल गांधी) बूढ़े हो गए हैं। जब आपके (राहुल) परिवार के पास कोई संपत्ति नहीं तो आप पैसा कहां से ला रहे हैं। दुबे ने कहा कि आप कंबोडिया, वियतनाम क्यों जा रहे हैं, किसलिए जा रहे हैं? इटली में आपके परिवार के पास कितनी संपत्ति है, इसकी जांच होगी। क्या जेन-जी को समझ नहीं आ रहा है कि उनकी उम्र 55-56 साल हो गई है। मेरी भी उतनी उम्र हो गई है, मैं बूढ़ा हो गया हूं।

### तमिलनाडु के ऊटी में ओस जमी, मप्र में शीतलहर

**नई दिल्ली।** हिमालय की 4000 मीटर ऊंची चोटियों पर हुई ताजा बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में नजर आने लगा है। बर्फबारी के बाद पहाड़ों से आने वाली बर्फीली हवा सीधे मैदानों में पहुंच रही है। इसे रोकने वाला कोई सिस्टम नहीं होने से ठंड और शीतलहर बढ़ गई है। राजस्थान के 12, मध्य प्रदेश के 10, छत्तीसगढ़ के 1, हरियाणा के 1 और हिमाचल के 8 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। मध्य प्रदेश के भोपाल, राजगढ़, इंदौर जैसे शहर गुलमर्ग, श्रीनगर जैसे पहाड़ी इलाकों के साथ देश के टॉप 12 ठंडे शहरों में शामिल हो गए। इधर, दक्षिण में लौटते मानसून की बारिश के बीच ऊटी में ठंड का असर नजर आने लगा है।

# गुजरात में ISIS के तीन आतंकी गिरफ्तार

## देश में कई जगह हमले करने की प्लानिंग का एटीएस का दावा

अहमदाबाद, वार्ता

**गुजरात में आतंकी** साजिश रचने के आरोप में तीन संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आतंक रोधी दस्ते (एटीएस) ने हथियार सप्लाई करते समय तीनों संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। देश में आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में पकड़े गए इन लोगों की पहचान डा. सैयद अहमद मोहिउद्दीन, मोहम्मद सुहेल और आजाद के रूप में की गई। पुलिस ने तीनों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किए हैं।

पुलिस की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि गुजरात एटीएस ने अहमदाबाद से तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। ये पिछले एक साल से गुजरात एटीएस के रडार पर थे। तीनों को हथियार सप्लाई करते हुए गिरफ्तार किया गया। ये देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकी हमले करने की योजना बना रहे थे। गुजरात एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया, पुलिस को सूचना मिली थी कि हैदराबाद का एक व्यक्ति सैयद अहमद मोहिउद्दीन आतंकी गतिविधियों में शामिल है और उसी के लिए अहमदाबाद आने वाला था। जांच करने पर, अहमदाबाद में उसकी गतिविधि का पता चला। उसे अडालज के पास एक टोल प्लाजा पर गिरफ्तार किया गया। उसके पास से दो ग्लॉक पिस्टल, एक बेरेटा पिस्तौल, 30 जिंदा कारतूस और 4 लीटर अरंडी का तेल बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि सैयद अहमद मोहिउद्दीन की उम्र 35-36 साल है। उसने चीन से एमबीबीएस किया था। वह एक ऐसी आतंकी गतिविधि को अंजाम देना चाहता था, जिससे भारी नुकसान हो। वह कई विदेशियों -शेष पृष्ठ दो पर



■ हथियार जमा करने पहुंचे थे गुजरात, तीन पिस्तौल, 30 कारतूस और भारी मात्रा में केमिकल बरामद किया गया

### कश्मीर में पाक नेटवर्क का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में दो पुलिस अधिकारियों को आतंकवादियों से संबंध रखने और उनकी मदद करने के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया है। बर्खास्त अधिकारियों की पहचान अब्दुल लतीफ और मोहम्मद अब्बास के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, अब्दुल लतीफ आतंकवादियों के संपर्क में था और उनका सपोर्ट कर रहा था। एफआईआर दर्ज की गई है और वह फिलहाल डोडा जेल में बंद है। वहीं दूसरे अधिकारी के खिलाफ 4 एफआईआर दर्ज हैं। कश्मीर में आतंक नेटवर्क को तोड़ने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। जम्मू-कश्मीर पुलिस, काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर और नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की संयुक्त टीमों ने 120 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की थी।

### बेंगलुरु सेंट्रल जेल में आतंकी व सीरियल किलर फोन चला रहे

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की पराप्पना अग्रहरा सेंट्रल जेल के अंदर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें आईएसआईएस आतंकी जुहैब हमीद शकील मन्ना फोन इस्तेमाल करता दिख रहा है। शकील को एनआईए ने 17 नवम्बर 2021 को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था, उस पर युवाओं को आतंकी संगठन में भर्ती करने और फंड जुटाने का आरोप है। इसके अलावा वीडियो में सीरियल किलर और रेपिस्ट उमेश रेड्डी को भी मोबाइल फोन इस्तेमाल करते हुए देखा जा सकता है। कुछ कैदी जेल के अंदर टीवी देखते भी नजर आ रहे हैं। हालांकि अभी इस वीडियो की पुष्टि होनी बाकी है।

# दिल्ली एयरपोर्ट के ट्रैफिक सिस्टम पर साइबर हमले का शक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक सिस्टम में आई खराबी की उच्चस्तरीय जांच शुरू हो गई है। यह फैसला केंद्र सरकार ने शुक्रवार शाम को ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) कार्यालय में बैठक में लिया था। इसमें एयरपोर्ट, सुरक्षा एजेंसियों समेत अन्य सभी स्टेकहोल्डरों को बुलाया गया था।

जांच में ये भी देखा जाएगा कि कहीं इसमें बाहरी ताकत या साइबर हमले का हाथ तो नहीं था। 7 नवम्बर को आईजीआई पर एटीसी के आटोमैटिक मैसेज स्विच सिस्टम (एएमएसएस) में तकनीकी खराबी से फ्लाइटस ऑपरेशन 12 घंटे से ज्यादा प्रभावित रहा था। 800 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स देरी से उड़ीं थीं, जबकि 20 को रद्द करना पड़ा था। एयरपोर्ट का ऑपरेशन 48 घंटे के बाद नॉर्मल हुआ। गुरुवार की शाम से गड़बड़ी शुरू हो गई। शुक्रवार को 9 बजे सिस्टम फेल हो चुका था। एयरपोर्ट पर लोगों की लंबी लाइन देखी गई। एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) के सूत्रों ने बताया कि ऑटोमैटेड सिस्टम लागू होने के बाद से इतनी देर तक खराबी रहने की यह पहली घटना है। लगभग 24 घंटे तक दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन बाधित रहा। ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) में गड़बड़ी इस बात का साफ संदेह है कि ये बड़ा कोऑर्डिनेटेड साइबर अटैक हो सकता है। एक टर्मिनल से शुरू हुई इस समस्या से पूरा सिस्टम हैंग हो गया था। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स (एटीसी) ने दावा किया कि यह घटना टाली जा सकती थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एटीसी गिल्ड ऑफ इंडिया ने कहा कि हमने इसी साल जुलाई में एयरपोर्ट के आटोमेशन सिस्टम में खामियों और अपग्रेड की जरूरत पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) को अलर्ट किया था, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

■ अचानक आई खराबी की हाई लेवल जांच शुरू
■ फ्लाइट्स ऑपरेशन 12 घंटे प्रभावित रहा था

### प्रदूषण के बावजूद बड़ी संख्या में दिल्ली चिड़िया घर पहुंचे दर्शक

**नई दिल्ली।** लगभग दो महीने बंद रहने के बाद शनिवार को दिल्ली चिड़ियाघर फिर से खुल गया। शहर में बढ़ते प्रदूषण और ठंड के बावजूद, यहां आने के लिए उत्सुक दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। बच्चों के साथ बड़ी संख्या में लोग मास्क और सर्दियों के कपड़े पहने शनिवार को चिड़ियाघर पहुंचे थे। 12 स्कूलों के 954 स्कूली बच्चों सहित कुल 8,065 दर्शकों ने चिड़ियाघर के फिर से खुलने के पहले दिन इसका आनंद लिया।

# पूर्वोत्तर भारत में IAF का पहला एयर शो

## वायु योद्धाओं ने दिखाई ताकत



**गुवाहाटी।** भारतीय वायुसेना के 93वें स्थापना दिवस पर नार्दर्न कमांड गुवाहाटी में पहला एयर शो हुआ। वायुसेना के एयर वॉरियर्स ने ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर लचित घाट पर 25 से ज्यादा फॉर्मेशन बनाए। इसके लिए राफेल, सुखोई, तेजस समेत 75 से ज्यादा प्लेन और हेलीकॉप्टरों ने फ्लाइंग डिस्प्ले किया।

इस साल वायुसेना दिवस की थीम अचूक, अभेद्य और सटीक है, जो भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता, लचीलेपन और सटीकता पर ध्यान केंद्रित करने का प्रतीक है। फ्लाइंग डिस्प्ले के लिए वायुसेना के वॉरियर्स ने गुवाहाटी, तेजपुर, जोरहाट, छाबुआ, हासीमारा, बागडोगरा और पानागढ़ से उड़ान भरी। लड़ाकू विमानों में राफेल, सुखोई-30, अपाचे, मिग-29, आईएल-78 रिफ्यूलर, मिराज, जगुआर, सी-17 ग्लोबमास्टर, एमआई-17, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर-एमके1, सी-130 हरक्यूलिस, एंटोनोव एएन-32 और सूर्य किरण विमान शामिल हुए। एयर शो के मौके पर पूर्वी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल सूरत सिंह ने कहा कि एयर शो के लिए हमने पूर्वोत्तर क्षेत्र को इसलिए चुना, क्योंकि इस क्षेत्र के लोगों का प्रतिनिधित्व बहुत बड़ा है। यह भारतीय वायुसेना की ओर से पूर्वोत्तर के लोगों से जुड़ने का एक प्रयास है।

■ ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर लचित घाट पर 75 विमानों का फ्लाइंग डिस्प्ले, राफेल, सुखोई, तेजस ने बनाए 25 फॉर्मेशन

# कांग्रेस सांसद शशि थरूर का चौंकाने वाला बयान

## पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को केवल चीन युद्ध व आडवाणी को रथयात्रा से न आंका जाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक लाल कृष्ण आडवाणी की विरासत का बचाव किया है।

उन्होंने कहा कि जैसे भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सिर्फ चीन युद्ध की हार से नहीं आंका जा सकता या इंदिरा गांधी को केवल आपातकाल से नहीं, वैसे ही आडवाणी के लंबे राजनीतिक जीवन को भी एक घटना तक सीमित कर देना अनुचित है। शशि थरूर ने 'एक्स' पर यह बयान आडवाणी के 98वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए दिया। थरूर ने आडवाणी को एक सच्चे राजनेता बताते हुए कहा कि उनका लोकसेवा के प्रति समर्पण, विनम्रता और ईमानदारी देश के लिए प्रेरणा है। हालांकि, थरूर के इस पोस्ट पर विवाद भी खड़ा हो गया। सुप्रीम कोर्ट के वकील संजय हेगड़े ने थरूर की आलोचना करते हुए लिखा माफ कीजिए थरूर साहब, लेकिन इस देश में नफरत के बीज बोना लोकसेवा नहीं कहा जा सकता। इसके जवाब ने थरूर ने लिखा नेहरूजी के पूरे करियर को चीन की हार से नहीं आंका जा सकता, न ही इंदिरा गांधी को सिर्फ आपातकाल से। इसी तरह, हमें यही दृष्टिकोण आडवाणी जी के साथ भी अपनाना चाहिए। उनके लंबे सार्वजनिक जीवन को सिर्फ एक घटना से आंकना गलत है। यह बयान उन्होंने 1990 की राम रथ यात्रा का हवाला देते हुए दिया, जिसमें आडवाणी ने राम मंदिर आंदोलन को नई दिशा दी थी। हेगड़े ने लिखा कि यह यात्रा भारतीय गणराज्य के मूल सिद्धांतों को बदलने की कोशिश थी, जिसके दूरगामी राजनीतिक प्रभाव आज भी दिखते हैं। थरूर ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन को एक घटना से परिभाषित करना इतिहास के साथ अन्याय होगा। इस बीच, पीएम मोदी ने भी 8 नवम्बर को दिल्ली में आडवाणी से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उन्हें भारत के लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में अमिट छाप छोड़ने वाला नेता बताया। मोदी ने कहा आडवाणी जी की दूरदर्शिता और सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता ने भारत की प्रगति को मजबूती दी है। मैं उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

■ कहा: आडवाणी के लंबे राजनीतिक जीवन को भी एक घटना तक सीमित कर देना अनुचित



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में छात्र समेत दो की मौत

**फर्रुखाबाद।** जिले के थाना कादरीगेट क्षेत्र के बढ़पुर में शनिवार देर रात सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन श्याम पाल ने बताया कि नुनहाई निवासी बीटेक छात्र संभव मिश्रा अपने दोस्त निश्चय अग्निहोत्री के साथ जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे युवक प्रवीन यादव की बाइक आपस में टकरा गई। फतेहगढ़ी निवासी प्रवीन डिलीवरी बॉय का काम करता है। हादसे में संभव सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराया। कुछ मिनटों बाद मौके पर मौजूद फूड डिलीवरी बॉय के साथी पहुंचे और पुलिस व परिजनों को सूचना दी। हादसे के दौरान संभव को आनन-फानन में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बाद में शव को लोहिया अस्पताल लाया गया। गंभीर रूप से घायल प्रवीन यादव ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### अलीगढ़ में पुलिस पर फायरिंग, एक सिपाही घायल

**अलीगढ़।** तालों की नगरी अलीगढ़ की पुलिस पर रविवार की सुबह हमला हो गया। पुलिस टीम टप्पल थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में एक वांछित हिस्ट्रीशीटर की गिरफ्तारी के लिए सुबह दबिश देने गई थी। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। हमले में एक पुलिसकर्मी गोली लगने से घायल हो गया। उसे पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर भारी पुलिस बल और वरिष्ठ अधिकारी पहुंच गए। टप्पल थाने की पुलिस टीम रविवार सुबह करीब 11 बजे ग्राम जलालपुर में वांछित हिस्ट्रीशीटर शाका की गिरफ्तारी के लिए गई थी। शाका पर पहले से कई आपरा. धिक मुकदमे दर्ज हैं।

### अररिया में कांग्रेस और राजद पर जमकर बरसे सीएम योगी

# बिहार में फिर लाना चाहते हैं जंगलराज

**पटना, वार्ता**



■ जनता को जंगलराज नहीं, विकासराज को चुनना होगा
■ कांग्रेस और राजद का काम सिर्फ भ्रष्टाचार व दलाली तक सीमित

बिहार के अररिया में सीएम योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस व राजद रामद्रोही हैं और फिर से बिहार में जंगलराज लाना चाहते हैं। बिहार में इस बार के विधानसभा चुनाव में यूपी के सीएम और बीजेपी के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ ने जमकर प्रचार किया है। 9 नवंबर को उन्होंने अररिया के सिकटी विधान सभा क्षेत्र में चुनावी रैली के दौरान विशाल जनसभा को संबोधित किया।

योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा और कहा कि बिहार का विकास केवल एनडीए सरकार ही कर सकती है। योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन दे रही है, जबकि कांग्रेस और राजद का काम सिर्फ भ्रष्टाचार और दलाली तक सीमित रहा है। सीएम योगी ने कहा कि आज बिहार के पास वो सब कुछ है जिसकी उसे जरूरत है। पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास और गरीबों के कल्याण की विरासत है। कांग्रेस-आरजेडी कहते थे कि राम नहीं हैं और अगर राम नहीं हैं, तो माता जानकी कैसे होंगी। कांग्रेस कहती थी कि राम मंदिर कभी नहीं बनेगा। आरजेडी ने राम मंदिर की रथ यात्रा रोक दी। उत्तर प्रदेश में उनकी सहयोगी समाजवादी पार्टी ने राम भक्तों पर गोली चलवाई। सीएम योगी ने कहा कि जब कांग्रेस, आरजेडी और सपा ने कहा कि वे राम मंदिर नहीं बनने देंगे, तो हमने कहा कि राम लला, हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे और अयोध्या में राम मंदिर बना। अयोध्या में भगवान श्री राम को समर्पित दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर बनकर तैयार हो गया है। राम लला विराजमान हो गए हैं। राम लला के साथ, माता जानकी, भगवान राम, बजरंगबली, लक्ष्मण जी भी हैं। अयोध्या में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखा गया है। सीएम योगी ने कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने देश की आस्था को अपमानित किया और अब फिर से बिहार में अस्थिरता लाने की कोशिश कर रहे हैं। सीएम योगी ने राजद के शासनकाल को जंगलराज बताते हुए कहा कि उस दौर में 60 से ज्यादा नरसंहार की घटनाएं हुई थीं।

### बिहार के लोगों ने इन दलों को चुना, तो फिर अराजकता के दौर में चला जाएगा

उन्होंने जनता को चेतावनी दी कि अगर कांग्रेस और आरजेडी वापस सत्ता में आईं, तो बिहार फिर से अपराध और अराजकता के दौर में चला जाएगा। योगी ने कहा कि 2005 में नीतिश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनने के बाद बिहार ने विकास की नई राह पकड़ी। आज हर गांव तक सड़कें, बिजली और अन्य सुविधाएं पहुंच चुकी हैं। योगी ने कहा कि आज का बिहार बदला हुआ है। पहले जो राज्य अंधेरे और भय से भरा था, वहां अब विकास की रफ्तार दिखती है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने शिक्षा, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं में सुधार किया है। जनता को यह देखना होगा कि जो पार्टियां कभी राम मंदिर का विरोध करती थीं, वे आज भी उसी मानसिकता में जी रही है। योगी ने कहा कि बिहार को आगे बढ़ाना है, तो जनता को जंगलराज नहीं, विकासराज को चुनना होगा।

# भाजपा लोकतंत्र में नहीं, लूटतंत्र में करती है यकीन: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर लोकतंत्र को कमजोर करने और चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ियों को बढ़ावा देने का गंभीर आरोप लगाया है और कहा है कि भाजपा राज में फैली चुनावी धांधली के कूड़ा को गटाना जरूरी है।

यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि 'सच्चे स्वच्छ भारत' के लिए भाजपा राज में चुनाव आयोग के कुछ अधिकारियों द्वारा फैलाए गए धांधलियों के कूड़े को हटाना भी उतना ही जरूरी है, जितना सड़कों की सफाई। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी लोकतंत्र में नहीं, बल्कि लूटतंत्र में विश्वास करते हैं। आजादी के पहले से लेकर आज तक भाजपा और उसके संगी-साथी सदैव 'पिछले दरवाजे वाली राजनीति' और 'खुफियाखोरी' का सहारा लेते रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब जनता इनकी मुखबरी और सेंधमारी की राजनीति को समझ चुकी है। समाज अब घपले-घोटालों को बर्दाश्त करने की सीमा पार कर चुका है। सपा प्रमुख ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था में ईमानदार और निष्पक्ष अधिकारियों की उपेक्षा की जा रही है, जबकि कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिन लग गए हैं। पार्टी ने कहा कि मिलीभगत से चुनावी गोरखधंधे में शामिल अधिकारियों के कारण आयोग की शुचिंता और प्रतिष्ठा पर आंच आई है, जिसे दूर करना समय की मांग है।

# यूपी में पड़ने वाली है कड़ाके की ठंड

**लखनऊ, वार्ता**



■ कोहरे के आगोश में लखनऊ और अयोध्या

यूपी में गुलाबी ठंड शुरू हो चुकी है। गुलाबी ठंड बीतने के साथ ही तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इससे रजाई-कंबल की जरूरत महसूस होने लगी है। लखनऊ और अयोध्या जैसे शहरों में सुबह-शाम घना कोहरा छा रहा है, जिससे दृश्यता प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग ने अगले हफ्ते में न्यूनतम तापमान में और गिरावट की भविष्यवाणी की है। हालांकि बारिश की कोई संभावना नहीं है।

पूर्वांचल के जिलों में तो दो दिन पहले से ही लोग रजाई निकाल लिए है, अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी अच्छी ठंड पड़ने लगी है। खासतौर पर रात के समय तापमान 14 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे चला जा रहा है। ऐसे में बिना कंबल-चादर ओढ़े नींद आने का तो सवाल ही नहीं। मुश्किल सुबह सुबह काम पर निकलने वालों के लिए है। सुबह मौसम काफी ठंडा रह रहा है, जबकि दोपहर के समय थोड़ी गर्मी रह रही है। मौसम विभाग के मुता. बिक अगले एक हफ्ते में रात का तापमान और नीचे जाएगा। दिन के तापमान में भी कमी आएगी। ऐसी स्थिति में चाहें पूर्वांचल हो या पश्चिमी उत्तर प्रदेश, रजाई तो निकालना ही पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अभी कंपाने वाली ठंड शुरू नहीं हुई है, लेकिन उम्मीद है कि अगले एक सप्ताह के अंदर ठिठुराने वाली ठंड शुरू हो जाएगी। फिलहाल पूरे उत्तर प्रदेश में सुबह और रात के समय हल्का कोहरा रहा रहा है, वहीं दिन में धूप भी निकल रही है। शनिवार-रविवार की रात राजधानी लखनऊ में चारबाग रेलवे स्टेशन कोहरे के आगोश में रहा। कुछ यही स्थिति अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की भी रही। उधर बनारस में कोहरे की वजह से कैंट स्टेशन भी धुंधला नजर आया, जबकि बलिया के ददरी मेले में आए श्रद्धालुओं को कोहरे की वजह से काफी परेशानी हुई।

# गाजियाबाद, सहारनपुर व शामली के एएसपी बदले

**लखनऊ, वार्ता**

■ यूपी पुलिस में बड़ा फेरबदल, 23 आईपीएस का ट्रांसफर

उत्तर प्रदेश पुलिस में रविवार को छुट्टी के दिन बड़ा फेरबदल देखने को मिला। सीएम योगी आदित्यनाथ के आदेश पर 23 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया गया है।

तबादला आदेश के अनुसार आईपीएस बीएस वीर कुमार को उप सेनानायक 47वीं वाहनी पीएसी, गाजियाबाद, सच्चिदानंद को अपर पुलिस अधीक्षक एसएसएफ मुख्यालय लखनऊ में तैनाती दी गई है। सच्चिदानंद पहले गाजियाबाद में अपर पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात थे। डा. संजय कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ से सीतापुर में उप सेनानायक 27वीं वाहिनी पीएसी में तैनाती दी गई है। सुबोध गौतम को अपर पुलिस अधीक्षक इटावा से हरदोई ट्रांसफर किया गया है। नृपेंद्र को हरदोई से बनारस में नई तैनाती मिली है। निवेश कटियार को कुशीनगर से यूपी-112 लखनऊ में नई तैनाती दी गई है। दिनेश कुमार पुरी को लखनऊ के ट्रांसफर करके गोरखपुर में नई तैनाती मिली है। संतोष कुमार का पूर्व में हुआ स्थानांतरण निरस्त कर दिया गया है। अब वे लखनऊ में ही तैनात रहेंगे।

सीताराम को प्रयागराज से पुलिस महा. निदेशक मुख्यालय लखनऊ बुला लिया गया है। सिद्धार्थ वर्मा का सहारनपुर से कुशीनगर तबादला किया गया है। सुमित शुक्ला का गौतमबुद्धनगर से शामली ट्रांसफर किया गया है। ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद का गाजीपुर से गोरखपुर ट्रांसफर किया गया है। अशोक कुमार सिंह अभी तक हाथरस में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे। अब उनको बहराइच की जिम्मेदारी दी गई है। राजकुमार सिंह का एटा से ट्रांसफर करके लखनऊ ईओडब्ल्यू में नई तैनाती दी गई है। संतोष कुमार सिंह को शामली से हटाकर गोरखपुर में नई तैनाती मिली है। जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव को सीआईडी लखनऊ में अपर पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी मिली है। अभी तक उनकी तैनाती गोरखपुर में थी। रामानंद प्रसाद कुशवाहा का तबादला बहराइच से हाथरस किया गया है। जितेंद्र कुमार को गोरखपुर से बुलाकर प्रोन्नति बोर्ड में तैनाती दी गई है। चिरंजीव मुखर्जी को अपर पुलिस उपायुक्त प्रयागराज बनाया गया है। पहले वह लखनऊ सीआईडी यूनिट में तैनात थे। श्वेताभ पाण्डेय को ईओडब्ल्यू से हटाकर एटा में अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। आलोक कुमार जायसवाल को प्रोन्नति बोर्ड से हटाकर फतेहगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव को एसएसएफ मुख्यालय लखनऊ से सहारनपुर में स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार से डा. राकेश कुमार मिश्र को पुलिस मुख्यालय लखनऊ से रिलीज करके गाजीपुर में नई तैनाती दी गई है।



सेंसेक्स 83459.15
निफ्टी 25597.65



सोना रु. 121010
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 145924
प्रति किलो



# शेयर बाजार में पिछले सप्ताह गिरावट जारी रही

**नई दिल्ली, वार्ता**



निवेशकों को आगे बिहार के नतीजों का इंतजार

घरेलू अर्थव्यवस्था के बुनियादी संकेत मजबूत बने रहने के बावजूद वैश्विक हालात में अनिश्चितता तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से बिकवाली का दबाव बने रहने से भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख शेयर सूचकांकों में गत शुक्रवार को समाप्त हुए सप्ताह में गिरावट का सिलसिला बना रहा।

आगामी सप्ताह में बाजार की नजर बिहार विधान सभा चुनाव के नतीजों, खुदरा और थोक महंगाई दर तथा व्यापार घाटे के आंकड़ों बैंकों से कर्ज उठाव की रिपोर्ट और अमेरिका की अर्थव्यवस्था के आंकड़ों पर टिकी रहेगी। बाजार विश्लेषकों की राय में बाजार में बुनियादी तौर पर मजबूती की धारणा है पर उसे भारत- अमेरिका व्यापार वार्ता तथा भारत-चीन के बीच व्यापार की आगे की परिस्थितियों को लेकर सकारात्मक खबरों का भी इंतजार है। व्यापार वार्ता के बारे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हाल के बयानों से बाजार की उम्मीद जगी है कि अमेरिका के साथ कोई अच्छा समझौता हो जाएगा। सप्ताह के दौरान कुछ प्रमुख शेयरों में ऊंचे भाव पर मुनाफा काटने की जल्दी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के बराबर बिकवाल बने रहने से जारी गिरावट के बीच बीसई का बीएसई30 सेंसेक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 करीब 0.9 प्रतिशत दायरे में नीचे आ गए। सप्ताह के दौरान मिडकैप और स्माल कैप शेयरों में दबाव ज्यादा था। एनएसई मिडकैप सूचकांक में 0.6 प्रतिशत तक की गिरावट रही। विश्लेषकों के अनुसार आने वाले दिनों में बाजार सीमित दायरे में चढ़ता-उतरता रहेगा। मुद्रास्फीति में नरमी बने रहने के अनुमानों के बीच बिहार चुनाव के परिणाम बाजार की दिशाओं को कुछ प्रभावित कर सकते है, जहां सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन रकार विकास और सुरक्षा के एजेंडा पर पुन: जनादेश मांग रही। उसका मुकाबला कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्ववाले महा गठबंधन से है। वोटों की गिनती 14 नवम्बर को होगी। वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की स्थिति मजबूत बनी हुई है और पिछले कुछ समय में निफ्टी में 700 और मिडकैप में 1000 अंक की गिरावट के चलते इस समय भारतीय शेयर बाजार अपने जैसे दूसरे बाजारों की तुलना में और निवेश के लिए और आकर्षक बताया जा रहा है। तिमाही वित्तीय रिपोर्ट के इस सीजन में मिड और स्माल कैप के परिणाम भी तुलनात्मक रूप से अच्छे रहे हैं। अक्टूबर का पीएमआई डाटा उम्मीद से अच्छा रहा तथा कंपनियों के सितम्बर तिमाही के लाभ के आंकड़े भी कुल मिला कर संतोषजनक रहे। जीएसटी में कटौती से बाजार में मांग को प्रोत्साहन मिला है। इस तरह कुल मिला कर परिदृश्य उत्साहजनक बना हुआ है। अमेरिकी डॉलर की मजबूती एक चिंता है, पर वैश्विक कच्चे तेल बाजार में आपूर्ति अच्छी रहने से ब्रेंट कच्चा तेल नरमी के साथ 63 डॉलर प्रति बैरल के आस पर बना रहा है।

### विदेशी मुद्रा भंडार तीन सप्ताह में 21.87 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 5.623 अरब डॉलर घटकर 689.733 अरब डॉलर रह गया और इससे लगातार तीन सप्ताह की गिरावट में विदेशी मुद्रा भंडार 21.869 अरब डॉलर घट चुका है। इससे पहले 24 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में यह 6.925 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 695. 355 अरब डॉलर पर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक के 7 नवम्बर को जारी आंकड़ों के अनुसार गत 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.957 अरब डॉलर घटकर 564.591 अरब डॉलर रह गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी एन, यूरो और ब्रितानी पाउंड को शामिल किया जाता है।

# गेहूं, चावल, तेलों में गिरावट, दालों में मिला जुला रुख



**नई दिल्ली।** दिल्ली की थोक मंडियों में शनिवार को समाप्त कारोबारी सप्ताह के दौरान चावल, गेहूं, आटा और मूंगफली को छोड़ कर अन्य खाद्य तेलों में मांग की तुलना में स्टॉक की स्थिति अच्छी होने से गिरावट रही। इस दौरान दाल दलहनों में मिला जुला रुख देखा गया जबकि मूंगफली को छोड़ कर अन्य खाद्य तेलों में गिरावट दर्ज की गई। देश में चावल की आपूर्ति की स्थिति के मजबूत बने रहने के बीच स्थानीय बाजार में सामान्य स्तर के चावल की दरों में सप्ताह के दौरान नरमी दर्ज की गई।

औसत श्रेणी के चावल का भाव सप्ताहांत 3742 रुपये क्विंटल था, जो इससे पिछले सप्ताहांत 3826 रूपए क्विंटल के आस पास था। इस तरह इसके थोक भावों में सप्ताह के दौरान 84 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। भारत विश्व का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश है और कुल वैश्विक उत्पादन में करीब एक तिहाई योगदान करता है। पिछले एक दशक से भी अधिक समय से भारत चावल का सबसे बड़ा निर्यातक भी बना हुआ है और विश्व बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए हाल में दिल्ली में चावल पर एक बड़ा वैश्विक आयोजन किया गया था। सप्ताह के दौरान गेहूं और आटा की कीमतों में क्रमश: 14 रुपये और छह रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। गेहूं दड़ा 2860 रुपये से घट कर 2836 रुपये प्रति क्विंटल और आटा 3319 से घट कर 3313 रुपये प्रति 100 किलों के भाव दर्ज किया गया। चावल और गेहूं जैसी जिंसों में नरमी का असर खाद्य मुद्रास्फीति पर भी झलक सकता है। इस दौरान वैश्विक बाजार में नरमी के रुख के बीच स्थानीय बाजार में दालों में मिलाजुला रुख दिखा। उड़द और मसूर के भाव सप्ताह के दौरान कुल मिला कर चढ़े हुए थे, जबकि चना, तूअर और मूंग में नरमी का रुख दिखा। दाल चना सप्ताह के दौरान 51 रुपये टूट कर प्रति क्विंटल 7812 रुपये के स्तर पर आ गई थी। तूअर में कुल मिला कर छह रूपए की हल्की नरमी रही और सप्ताहांत भाव 10501 रुपये क्विंटल पर चल रहा था। इस दौरान मूंग दाल 37 रुपये घट कर 10041 रुपये के भाव पर आ गई। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों से आवक के मध्यम होने से उड़द का भाव सप्ताह के दौरान 28 रुपये की तेजी से सप्ताहांत 10371 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड से...**

8260 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी। ये परियोजनाएं पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास सहित कई प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ीं हैं। उन्होंने 28,000 किसानों के खाते में फसल बीमा योजना की 62 करोड़ रुपये की रकम भी जारी की, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जहां चाह वहां राह। हमें पता होगा कि हमारा लक्ष्य क्या है, तो निश्चित ही हम आगे बढ़ेंगे। उत्तराखंड ने इसे साबित कर दिखाया है। यहां आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों की मांग बढ़ी है। यहां हर विधानसभा में योग केंद्र, होम स्टे, एक कंप्लीट पैकेज यहां बनने चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल से जुड़े प्रोजेक्ट यहां विकास की यात्रा को आगे बढ़ाएंगे। उत्तराखंड सरकार अब सेब व कीवी के किसानों को डिजिटल अनुदान देना शुरू कर रही है। कहा कि उत्तराखंड आध्यात्मिक जीवन की धड़कन है। उत्तराखंड की विकास की यात्रा अदभुत। पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड का हर गांव वैक्सीन के दायरे में आ गया है। प्रदेश की विकास की ये यात्रा अदभुत है। ये बदलाव सबको साथ लेकर चलने, हर उत्तराखंडी के संकल्प का नतीजा है। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चल रही सरकार की भी कई बार तारीफ की। इस मौके पर सीएम पुष्कर सिंह धामी, राज्यपाल ले. ज. (से.नि.) श्री गुरमीत सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी, राज्यसभा सांसद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, डा. कल्पना सैनी, सांसद अजय भट्ट, माला राज्यालक्ष्मी शाह, पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक, भगत सिंह कोश्यारी, विजय बहुगुणा, तीरथ सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, रेखा आर्य सौरभ बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

**गुजरात में...** के संपर्क में था। वह अबू खदीजा नाम की एक टेलीग्राम आईडी के संपर्क में था, जो कथित तौर पर आईएसकेपी (इस्लामिक स्टेट - खुरा. सान प्रांत) से जुड़ा था, उसने रिसिन नाम का रासायनिक जहर तैयार करने की प्रक्रिया भी शुरू की थी, जो अरंडी के बीजों के प्रसंस्करण से बचे अपशिष्ट पदार्थ से बनाया जाता है। वह हथियार की डिलीवरी लेने अहमदाबाद आया था, उसे कलोल से हथियार की खेप मिली थी। डीआईजी सुनील जोशी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के दो अन्य संदिग्ध गुजरात के बनासकांठा में थे। दोनों लखीमपुर और शामली निवासी हैं। इनकी पहचान आजाद सुलेमान शेख और मोहम्मद सुहेल सलीम खान के रूप में की गई है। दोनों ने दीनी शिक्षा प्राप्त की है और कट्टरपंथी हैं। विदेश में रहने वाले लोगों के संपर्क में रहने के अलावा इन्होंने लखनऊ, दिल्ली और अहमदाबाद के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में रेकी भी की है। कश्मीर में भी उनकी गतिविधियों को रिकॉर्ड किया गया है। उन्होंने राजस्थान के हनुमानगढ़ से सामान रिसीव करने के बाद कलोल में डिलीवर किया। पुलिस आगे की जांच कर रही है। हमें एक आरा. पी की रिमांड 17 नवम्बर तक मिली है। बाकी दो को आज अदालत में पेश किया जाएगा।

# बिहार के लिए चली स्पेशल ट्रेनों पर कपिल सिब्बल ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**



राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले फेज से पहले 3 नवम्बर को हरियाणा से बिहार के लिए चलाए गए स्पेशल ट्रेनों पर सवाल खड़े किए हैं।

सिब्बल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सवाल किया कि क्या ये ट्रेनें विशेष सेवाओं के रूप में चलाई गईं? यदि हां, तो इन्हें हरियाणा से अभी क्यों चलाया गया, छठ के दौरान क्यों नहीं चलाया गया? पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं यहां पर एक बात पर प्रकाश डालने आया हूं कि क्या चुनाव आयोग कोई कार्रवाई कर रहा है या भाजपा के सहयोगी के रूप में काम कर रहा है, जैसा कि कई लोग आरोप लगाते हैं। उन्होंने कहा कि 3 नवम्बर को लगभग 6 हजार लोगों को लेकर चार ट्रेनें हरियाणा से बिहार गईं, पहली दो करनाल से पानीपत होते हुए बरौनी और अगली दो गुरुग्राम से पटना होते हुए भागलपुर। सिब्बल ने सवाल उठाया कि ये लोग यात्रा क्यों कर रहे थे? उन्होंने कहा या तो यात्रा कर रहे लोग बिहार के असली मतदाता थे या किसी 'सुनियोजित अभियान' का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि मैं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से पूछता हूं क्या ये ट्रेनें विशेष सेवाओं के रूप में चलाई गईं? उन्होंने फिर सवाल किया कि यदि हां, तो इन्हें हरियाणा से अभी क्यों चलाया गया, छठ के दौरान क्यों नहीं चलाया गया? सिब्बल ने सवाल उठाया कि क्या हरियाणा के इन असली मतदाताओं को विशेष ट्रेनों की जरूरत थी या उन्हें खास तौर पर बिहार में वोट देने के लिए भेजा गया था? उन्होंने चुनाव आयोग पर तंज कसते हुए कहा मुझे मालूम है चुनाव आयोग इस मसले पर कुछ नहीं करेगा, क्योंकि चुनाव आयोग भाजपा से मिला हुआ है। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने हरियाणा से बिहार चलाए गए स्पेशल ट्रेन के टाइमिंग पर सवाल उठाया है। उन्होंने संदेह जताया है कि बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए स्पेशल ट्रेन के जरिए लोगों को हरियाणा से बिहार भेजा गया है।














### वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# यश हत्याकांड के आरोपियों की जमानत सुप्रीम कोर्ट से निरस्त

## दादरी स्थित कॉलेज के हॉस्टल से बुलाकर दोस्तों ने ही दिया था घटना को अंजाम, परिजनों से मांगी थी छह करोड़ रुपये की पिरौती

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** इलैक्ट्रोनिक्स सामान के बड़े कारोबारी प्रदीप मित्तल के पुत्र यश मित्तल हत्याकांड के सभी आरोपियों की जमानत सुप्रीम कोर्ट ने भी निरस्त कर दी है, पहले आरोपियों ने गलत साक्ष्य प्रस्तुत करके उच्च न्यायालय से जमानत स्वीकृत करा ली थी, मगर प्रदीप मित्तल पक्ष की मजबूत पैरवी के चलते पहले सुप्रीम कोर्ट में जमानत पर स्टे लिया गया तो वहीं अब सुप्रीम कोर्ट ने सभी हत्यारोपियों की जमानत निरस्त कर दी है।

बता दें कि नगर के मोहल्ला टीचर्स कालोनी में रेलवे ओव. रब्रिज के नीचे सूर्य इलेक्ट्रानिक के नाम से प्रदीप मित्तल का शोरूम है। उनका 19 वर्षीय पुत्र यश मित्तल दादरी के बेनेट यूनिवर्सिटी में बीबीए का छात्र था। होस्टल के सी–9 ब्लॉक के कमरा नंबर–116 में रहता था। पिछले वर्ष 25 फरवरी 2024 की शाम साढ़े छह बजे यश मित्तल होस्टल से अपने दोस्तों के बुलाने पर बाहर आया था। वहां से वह अपने साथ ले गए और बाद में अपहृत कर छह करोड़ रुपये की फिरौती मांगने लगे थे। दादरी थाना में पहले अज्ञात केखिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी लेकिन, बाद में छानबीन की तो दादरी पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन के आधार पर गजरौला के मोहल्ला तिगरिया भूड़ में छापेमारी कर उसके दोस्त रचित


यश मित्तल का फाइल फोटो

नागर को हिरासत में लिया था। उसने बताया था कि यश मित्तल को अन्य दोस्तों के साथ मिलकर पीट–पीटकर हत्या कर दी। मंडी धनौरा मार्ग पर तेवा कंपनी के सामने एक तालाब परिसर में गड्ढ़ा खोदकर शव उसमें दबा दिया था। 28 फरवरी को उसकी निशानदेही पर शव बरामद कर लिया गया था। इस प्रकरण में हत्यारोपी दोस्त शिवम चौधरी, सुशांत वर्मा, शिवम उर्फ मोंटी, शशिकांत, रचित नागर व सुमित के खिलाफ केस दर्ज करते हुए सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और अभी भी जेल में ही हैं। तीन हत्यारोपी मुठभेड़ के दौरान दबोचे गए थे। हत्यारोपियों ने पूछताछ में बताया था कि घटनास्थल पर पहले पार्टी हुई थी, फिर पैसों के लेनदेन को लेकर यश मित्तल की हत्या कर दी। लेकिन, पुलिस के इस खुलासे से पीड़ित परिवार के लोग संतुष्ट नहीं थे। यही वजह रही कि उन्होंने इस प्रकरण को लेकर प्रदेश सरकार में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और डीजीपी प्रशांत कुमार सहित कई बड़े अधिकारी और नेताओं से मिलकर हत्यारो. पियों के खिलाफ कड़ी सजा दिलाने की मांग की थी। जिसके बाद सीबीसीआईडी के निरीक्षक हेतेंद्र सिंह तोमर द्वारा फिर से पूरे घटनाक्रम की जांच पड़ताल, परिजनों के बयान आदि दर्ज किए गए। सीबीसीआईडी ने दादरी पुलिस द्वारा केवल गवाह के रूप में नामजद यश मित्तल के सबसे पुराने दोस्त विनम्र ठाकुर को भी घटना में जिम्मेदार मानते हुए 28 सितम्बर को गिरफ्तार करके उसका चालान किया गया था। इसी के कहने पर यश मित्तल होस्टल से बाहर आया था। कुछ समय पूर्व गलत साक्ष्य दिखाकर आरोपियों ने उच्च न्यायालय से जमानत मंजूर करा ली थी, लेकिन उनके जमानत पर बाहर आने से पहले ही यश मित्तल परिवार ने मजबूत पक्ष रखते हुए पहले तो जमानत पर स्टे कराया, फिर सुप्रीम कोर्ट में जमानत निरस्त कराने के लिए प्रयास किए। अब सुप्रीम कोर्ट ने घटना में शामिल गजरौला निवासी शुभम चौधरी व रचित नागर एवं सैदनगली निवासी सुमित व शिवम आदि आरोपियों की जमानत निरस्त कर दी है। सभी आरो. पियों गिरफ्तार होने के बाद से लगातार जेल में हैं।

# धारदार हथियारों से युवक को किया अधमरा

## तीन सगे भाईयों समेत चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पड़ोसियों और पुलिस से शिकायत करने पर तीन भाइयों ने आपा खो दिया। लोहे की रॉड और धारदार हथियार लेकर घर पर चढ़ाई कर दी। युवक के भाई को पीट पीटकर अधमरा कर दिया। बचाव में आए परिजनों और मोहल्ले के लोगों के साथ भी मारपीट की। मामले में तीन सगे भाइयों समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

यह घटना शहर के मोहल्ला लकड़ा सलावाली की है। यहां प्रशांत का परिवार रहता है। उनका मोहल्ले में रहने वाले रमेश से नाली को लेकर आए दिन विवाद होता रहता है। झगड़ा करने पर बीते दिनों प्रशांत ने इसकी शिकायत पुलिस चौकी के अलावा पड़ोसियों से कर दी थी। इसी बात पर रमेश और उसके भाई प्रशांत से रंजिश रखे हुए थे। घटना 6 नवंबर की सुबह दस बजे की है। प्रशांत का भाई प्रिंस घर में मौजूद था। आरोप है कि उसी दौरान रमेश ने अपने भाई कपिल, सुभाष व दोस्त नीरज को साथ लेकर उनके घर पर धावा बोल दिया। आरोपियों के पास लोहे की रॉड और धारदार हथियार भी थे। जान से मारने की नीयत से किए गए हमले में सिर पर गंभीर चोट लगने से प्रिंस लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। आरोपियों ने बचाव में आए परिजनों व मोहल्ले के लोगों के साथ भी मारपीट की, इसके बाद जान से मारने की धमकी देते चले गए। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने मामले में आरोपी रमेश, सुभाष, कपिल व नीरज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही। वहीं, घायल प्रिंस को गंभीर हालत में उपचार के लिए मेरठ रेफर किया गया है।

# मछली कारोबारी के अपहरण का प्रयास

## विरोध पर तमंचे की बट से किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** कार सवार बदमाशों ने धोखे से तालाब पर बुलाने के बाद मछली कारोबारी पर जानलेवा हमला कर दिया। खींचते हुए जबरन कार में बिठाने का प्रयास किया। विरोध कर तमंचे की बट से सिर पर वार कर दिया। हमले में मछली कारोबारी लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। लोगों को जमा होते देख बदमाश कार में बैठकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में अज्ञात हमलवारों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव जाजरू की है। यहां मोहम्मद शरीफ का परिवार रहता है। उनका बेटा असलम पेशे से मछली कारोबारी है। गांव में ही वह एक तालाब में मछली पालन करता है। शनिवार दोपहर करीब पौने दो बजे असलम के मोबाइल पर एक अंजान नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने व्यक्ति ने मछली की खरीद–फरोख्त के सिलसिले में मिलने के लिए गांव आने की बात कही। इसके बाद असलम गांव के बाहर निकल अपने तालाब पर आ गया। आरोप के मुताबिक दोपहर में करीब ढाई बजे कार में सवार होकर चार लोग उनसे मिलने के लिए तालाब पर आए। उन्होंने असलम से कहा कि तुमसे कुछ जरूरी बात करनी है, कार में बैठ जाओ और

**■ ग्रामीणों को देख फरार हुए बदमाश**

बात बब्ली प्रधान के घर पर बैठकर होगी। असलम ने साथ में कार में बैठने से मना कर दिया और उनकी कार के पीछे अपनी बाइक से चलने लगा। आरोप है कि जंगल में सरकारी कुएं के पास कार सवार बदमाश बीच रास्ते में रुक गए और असलम को रोकते हुए अचानक लाठी–डंडों से हमला कर दिया। उसी दौरान सिर पर तमंचे की बट से भी वार किया। हमले में गंभीर घायल असलम लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। शोर सुनकर खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर आ गए, जिन्हें जमा होते देख हमलावर कार में बैठ धमकी देते हुए भाग निकले। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में अज्ञात हमलवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा

# नाला खोदते चार दुकानों का छज्जा गिरा

## दुकानदारों के विरोध के चलते मजदूर काम छोड़कर भागे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नाला निर्माण के लिए जेसीबी से चल रही खुदाई के कारण चार दुकानों का छज्जा गिर गया। दुकानदारों ने भागकर

**■ नुकसान की भरपाई की मांग को दुकानदारों ने किया हंगामा**

अपनी जान बचायी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। इस दौरान दुकानदारों ने जमकर हंगामा किया। मौका पाकर मजदूर व ठेकेदार भाग खड़े हुए।

रोडवेज के समीप नगर पालि. का द्वारा नाला निर्माण किया जा रहा है। रविवार को ठेकेदार जेस. ीबी लेकर यहां पहुंचा तथा उसने जमीन की खुदाई शुरू कर दी। यहां कई दुकाने स्थित हैं। जिस समय मशीन द्वारा खुदाई की जा रही थी तभी अचानक अरमान, फरमान की बिरयानी, अनूप की लैब, आफताब के मेडिकल स्टोर की दुकान के छज्जे की छत गिर गयी। जिससे दुकानदारों व ग्राहकों में हड़कम्प मच गया। गनीमत रही




कि सबसे सुरक्षित रहे। घटना को लेकर दुकानदार भड़क गये तथा उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। उनका कहना था कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण ही यह हादसा हुआ है। काफी देर तक जब दुकानदार हंगामा करते रहे तो ठेकेदार व मजदूर भाग खड़े हुए। घटना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गयी। दिन का समय होने के कारण उस समय दुकानों पर ग्राहक भी मौजूद थे। लेकिन जिस समय हादसा हुआ वह जा चुके थे। उधर सूचना नगर पालि. का को दी गयी। जिस पर चेयरमैन के नेता भाजता नेता निखिल जैन ने मौके पर पहुंचकर दुकानदारों को आश्वासन दिया कि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। आगे से ठेकेदार को नसीहत दी जायेगी कि वह जो भी काम करे उससे पहले दुकानदारों को अवगत कराये। ताकि कोई हादसा न हो सके।

# घर की चौखट पर पहुंचते ही रुकी दुल्हे की सांसें

## हार्टअटैक से मौत होने पर परिवार में छाया मातम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बैंक्वेट हाल में शादी के बाद परिवार के लोग नई–नवेली दुल्हन के घर आने की खुशी भी नहीं मना सके कि दूल्हे की हार्ट अटैक से मौत हो गई। दूल्हे की मौत से परिवार में मचे कोहराम के बीच हर किसी की आंख नम हो गई। गमगीन माहौल में शव को सुपुर्द खाक करने की तैयारी की जा रही है। वहीं शहर निवासी अधिवक्ता की भी हार्ट अटैक से मौत के बाद परिवार में को. हराम मचा हुआ है।

शहर के मोहल्ला नौगजा निवासी 42 वर्षीय गुड्डू उर्फ परवेज आलम जामा मस्जिद रोड पर किताबों की दुकान चलाता था। परिवार में तीन भाइयों में सबसे छोटे बुकसेलर के अलावा एक भाई पप्पू हैं। बड़े भाई असलम समेत मां–बात का पहले ही देहांत हो चुका है। मोहल्ला बड़ा दरबार के रहने वाले बाबू की बेटी सायमा के साथ बुकसेलर का निकाह हुआ था। शनिवार रात मोहल्ला नल नई बस्ती में एक बैंक्वेट हाल में बारात गई थी। रविवार को बैंक्वेट हाल में वलीमा था। दुल्हन को विदा कर रात करीब एक बजे बारात घर लौटी। रात दो बजे अचानक परवेज की तबियत बिगड़ गई। घबराए परिवार के लोग पहले नजदीकी अस्पताल फिर जोया रोड पर एक और अस्पताल में दिखाने के बाद मुरादाबाद ले गए। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद परवेज को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने मौत की वजह हार्ट अटैक बताई। परवेज की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परि. जनों का रो–रोकर बुरा हाल है। गमगीन माहौल के बीच मृतक के शव को सुपुर्द खाक करने की तैयारी है। वहीं, दूसरी घटना मोहल्ला नौबतखाना की है। यहां पेशे से अधिवक्ता 54 वर्षीय मुस्ते हसन खां का परिवार रहता है। वह सदर तहसील में प्रेक्टिस करते थे। दो दिन से उनकी तबियत खराब चल रही थी। परिजन मुरादाबाद के निजी अस्पताल में उपचार करा रहे थे। रविवार रात करीब एक बजे हार्ट अटैक से अधिवक्ता की मौत हो गई। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

# सड़क हादसे में मासूम की मौत, कोहराम

## मनौटा पुल के पास की घटना, मां घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली इलाके में शनिवार की देर शाम 7 बजे मनौटा पुल के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो वर्षीय मासूम जुनैरा की मौत हो गई। जबकि उसकी माँ सबीना गंभीर रूप से घायल हो गईं। यह परिवार हसनपुर से रहरा थाना क्षेत्र के पौरारा गांव निवासी युसूफ के साथ अपनी ससुराल मनौटा जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार हसनपुर से मनौटा जाते समय युसूफ की बाइक अचानक खराब हो गई। इसके बाद युसूफ पैदल ही बाइक ले जाने लगे और उनकी पत्नी सबीना अपनी दो वर्षीय बेटी जुनैरा के साथ पीछे–पीछे पैदल चल रही थीं। इसी दौरान पीछे से आई एक तेज रफ्तार पिकअप ने सबीना और जुनैरा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों माँ–बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सकों ने जुनैरा की गंभीर हालत देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन मासूम को लेकर अमरोहा पहुँचे, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सबीना का इलाज जारी है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने पिकअप चालक को पकड़ लिया। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि परिजनों ने मामले में कोई कानूनी कार्यवाही कराने या तहरीर देने से मना कर दिया है। मृतक मासूम जुनैरा अपने दो भाइयों, समद और जुबेर, की इकलौती बहन और सबसे छोटी थी। इस हृदय विदारक घटना से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है, और भाइयों का रो–रोकर बुरा हाल है।

# गुब्बारे में गैस भरते समय फटा सिलेंडर

## एक बच्चे की मौत, कई बच्चे हुए घायल, गुब्बारा विक्रेता की दोनों टांगे कटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** सिलेंडर से गुब्बारों में गैस भरते समय अचानक तेज धमाके के साथ गैस सिलेंडर फट गया। इस दौरान मौके पर गुब्बारे खरीद रहे बच्चे घायल हो गए जबकि एक मासूम बच्चे के चीथड़े उड़ गए। उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गुब्बारे बेचने वाला व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं धमाके की आवाज सुनकर लोग मौके की तरफ दौड़े। घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना के बाद देरी से पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

यह घटना थाना नौगावां सादात



क्षेत्र में कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती की है। रविवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे गैसे के फुलाने वाले गुब्बारे बेचने वाला मोहल्ले में आया। इस दौरान मोहल्ले के निवासी फरमान का 5 वर्षीय बेटा अली रजान भी गुब्बारा लेने के लिए उसके पहुंचा। इसके अलावा दो और बच्चे वहां पहुंचे। पुलिस के अनुसार, गुब्बारे बेचने वाला व्यक्ति सिलेंडर से गुब्बारों में गैस भर रहा था, तभी अचानक तेज धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। विस्फोट इतना भीषण था कि आसपास के घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए और इलाके में अफरा–तफरी मच गई। धमाका इतना भयंकर था कि मानो कोई बम फटा हो। आवाज सुनकर लोग मौके की तरफ दौड़े। इस हादसे में 5 वर्षीय अली रजान की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य बच्चा और गुब्बारे बेचने वाला व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। यह घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि गुब्बारे में गैस भरने वाले सिलेंडर फटने से एक बच्चे की मौत हुई है। जबकि गुब्बारे बेचने वाला व एक बच्चा घायल है। उनका उपचार कराया जा रहा है। परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से मना कर दिया है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## स्कालर्स होम के शिखर ने ताईक्वांडो में जीता कांस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** स्कॉलर्स होम वर्ल्ड क्लास स्कूल के छात्र आदित्य शिखर गर्ग ने ताइक्वांडो में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता लखनऊ के के.डी. बाबू स्टेडियम में आयोजित की गई, जिसमें आदित्य ने 74 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रबंधक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि आदित्य की यह उपलब्धि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा, हमारे विद्यालय में पढ़ाई के साथ–साथ खेलों को भी बराबर महत्व दिया जाता है। आदित्य ने मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। विद्यालय की निर्देशिका सोना अग्रवाल ने कहा, आदित्य की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी। स्कॉलर्स होम के छात्र हर क्षेत्र में उत्कृष्टता का परिचय दे रहे हैं। प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगणों ने भी आदित्य को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है।

# 2027 में प्रदेश में बनेगी बसपा की सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता जाफर मलिक ने कहा कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनावों में बसपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियां जन जन तक पहुंचाएं।

नगर के मुहल्ला जलालनगर में स्थित आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में जाफर मलिक ने कहा कि, आज जनता बसपा सरकार को याद कर रही है, क्योंकि पार्टी अध्यक्ष एवं चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं मायावती ने सभी के हित और उत्थान के लिए कार्य किया। कानून व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रही। कहा कि बसपा की 09 अक्तूबर को लखनऊ में हुई रैली में उमड़ी भीड़ को देखकर विरोधियों के हौंसले पस्त हैं। कहा कि आने वाले

**■ सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है बसपाः जाफर**



2027 के विधानसभा चुनावों में बसपा की सरकार बनने जा रही है, क्योंकि बसपा सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। दलित, मुस्लिम, पिछड़े और अगड़े सभी को उचित प्रतिनिधित्व देती है। बताया कि पार्टी अध्यक्ष ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसे वे पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ निभा रहे हैं।

# धूं–धूंकर जली अपाची, तेज धमाके से हड़कम्प

## बाल–बाल बचे दो युवक, बाइक बनी राख



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा।** नगर के बायपास मार्ग स्थित हीरा फार्महाउस के पास रविवार की देर शाम उस वक्त अफरा–तफरी मच गई, जब दौड़ती हुई अपाची मोटरसाइकिल अचानक आग का गोला बन गई। देखते ही देखते मोटरसाइकिल धूं–धूं कर जल उठी और कुछ ही मिनटों में राख के ढेर में बदल गई।

जानकारी के मुताबिक दो युवक अपाची बाइक पर सवार होकर रामलीला मैदान की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे रामलीला गेट के पास पहुंचे, बाइक से धुआं उठने लगा और पलभर में आग भड़क उठी। युवक किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग इतनी भीषण थी कि मौके पर तेज धमाका हुआ और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। आग की लपटें दूर तक नजर आ रही थीं। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पानी डालकर आग पर काबू पाने की को. शिश की, लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। गनीमत रही इस हादसे में कोई जनहा. नि नहीं हुई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की खबर लगते ही मौके पर भीड़ जुट गई और देर तक लोग उस जली हुई अपाची को देखते रहे

# बागड़ियों के डेरे में घुसी क्रेटा, चार घायल

## दो महिलाओं की हालत गंभीर होने पर रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर में रविवार की सुबह तीन बजे ब्लाक तिराहे पर एक तेज रफ्तार क्रेटा गाड़ी अनियंत्रित होकर बांगड़ियों की झुग्गी में दीवार तोड़ते हुए घुस गई। जिसमें झुग्गी में सो रही 60 वर्षीय चमेली पति रो. हतास,13 वर्षीय अंशिका पुत्री सत्ते, 40 वर्षीय राझे पुत्र रोहतास, 55 वर्षीय रमेश पुत्र रिशाल घायल हो गये। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार विद्युत पोल को तोड़ते हुए झुग्गी के अंदर घुस गई। सभी घायलों को तत्काल नजदीक के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार को कब्जे में ले लिया। वही चिकित्सकों ने अंशिका एवं चमेली की हालत नाजुक होने पर हायर सेंटर रेफर किया है। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार कार गजरौला की दिशा से हसनपुर आ रही थी। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि गाड़ी में शराब की





बोतले भी रखी हुई थी। घटना के बाद कार चालक और उसमें सवार लोग मौके से फरार हो गए। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार को कब्जे में ले लिया गया है। मामले में आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# प्रधान के साथ फरार हुई रोजगार सेविका

## 29 नवंबर को होनी है महिला रोजगार सेवक की शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** निकाह से बीस दिन पहले महिला रोजगार सेविका प्रेम प्रसंग के चलते ग्राम प्रधान के साथ फरार हो गयी। वह अपने साथ सोने चांदी के जेवर व नकदी भी ले गई है। पिता की तहरीर पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां के रहने वाले ग्राम प्रधान का महिला रोजगार सेवक से पिछले दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। ग्राम प्रधान शादीशुदा है तथा एक बेटी का पिता भी बताया जा रहा है। जब दोनों की प्रेमी कहानी ग्रामीणों व परिजनों तक पहुंची तो चर्चाएं तेज हो गई। ग्राम प्रधान की पत्नी तथा परिजन उसके विरोध में उतर गये। उन्होंने दोनों पर नजर रखनी शुरू कर दी।

**■ ग्राम प्रधान समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट**

लेकिन प्रेमी जोड़े पर इसका कोई असर नहीं हुआ। उधर रोजगार सेवक की शादी 29 नबंवर को होनी है। जब दोनों पर समाज की नजर ढेढ़ी हुई तो उन्होंने घर से दूर दुनिया बसाने की चाहत में घर से फरार हो गये। दोनों ने मोबाइल पर एक दूसरे से बात की तथा बीती रात ग्राम प्रधान अपनी प्रेमिका को लेकर चला गया। सुबह होने पर जब रोजगार सेवक घर में दिखाई नहीं दी तो परिजनों ने उसकी तलाश की। लेकिन रोजगार सेवक का कोई सुराग नहीं लगा। वह अपने साथ पांच लाख 70 हजार रूपये की नकदी, दो तौले सोना व 40 तौले चांदी के जेवर भी साथ ले गई। उधर ग्राम प्रधान भी घर से गायब है। परिजनों को समझते देर नहीं लगी। वह सारा मामला आसानी से समझ गये। पीड़ित पिता ने ग्राम प्रधान व उसके दो साथियों अय्यूब पुत्र शौकीन व शाहनवाज पुत्र नफीस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।



■ मंडी धनौरा। पपसरा बंगर स्थित गुरूद्वारे में सजा गुरू का दरबार।

# पपसर बंगर में गूंजे वाहे गुरु के जयकारे

## नगर महल में गुरु ग्रंथ साहिब का प्रथम प्रकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** ग्राम पप्सरा बांगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा साहिब में रविवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। नवनिर्मित गुरुद्वारा साहिब के नए महल में गुरु ग्रंथ साहिब का प्रथम प्रकाश बड़े हर्षोल्लास और मर्यादा के साथ कराया गया। पूरे वातावरण में वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के जयकारों से गुंजायमान रहा।

प्रात: कालीन अरदास के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सजे-धजे पालकी साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश कराया गया। इसके बाद कथावाचक योगेंद्र सिंह (हापुड़ मिशन) ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु की राह सेवा और सिमरन की राह है, जो इंसान को इंसानियत का सच्चा अर्थ समझाती है। भक्ति रस में डूबे कार्यक्रम में ढाढ़ी जथा गुरुचरण सिंह चन (दिल्ली वाले) और ज्ञानी दीपक सिंह ने कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया। उनकी मधुर वाणी से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु सत्संग सुनते हुए भाव-विभोर हो गए और गुरु की वाणी में लीन नजर आए। इस शुभ अवसर पर सरपंच जग्गा हंजरा, प्रीतम सिंह, वीरेंद्रपाल, मनजीत सिंह, सुखदेव सिंह, साहब सिंह, रविन्द्र सिंह, सूबा सिंह, जसविंदर सिंह, पलविन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। गुरु का लंगर वितरण हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## 45 वर्षो की सेवा पर मिला स्वर्णिम सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर का हीरा फार्म्स शनिवार की देर शाम भावनाओं और प्रेरणा से भर उठा। अवसर था श्रीमती कमलेश जिंदल मेमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित उस समारोह का, जिसमें धनौरा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.एस. जिंदल की 45 वर्षों की निरंतर समाजसेवा और चिकित्सा योगदान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर ही नहीं, जिलेभर से गणमान्य लोग शामिल हुए। मंच पर डॉक्टर जिंदल के चार दशकों से अधिक लंबे सेवा सफर की झलकियाँ साझा की गईं।

## पति से नाराज पत्नी ने बेटियों संग घर छोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** पति से नाराज मजदूर की पत्नी दो बेटियों को लेकर घर से चली गई। काफी तलाश के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो पति ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराकर तलाश करने की गुहार लगाई है। घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव वासीपुर की है। यहां मजदूर महावीर सिंह का परिवार रहता है। उसके घर में पत्नी गुडडी की अलावा दो बेटी कनक व सुषी है। किसी बात को लेकर दम्पत्ति में विवाद चल रहा है। 9 अक्टूबर को दोनों में कहासुनी हुई। इसके बाद महावीर मजदूरी करने चला गया। जब वह घर लौटा तो पत्नी तथा दोनो बेटियां गायब थी। उसने पड़ौसियों से जानकारी की जबकि रिश्तेदारी में फोन पर पत्नी तथा बेटियों के बारे में पूछा। लेकिन कहीं भी मां बेटी नहीं मिली। आज महावीर कोतवाली पहुंचा तथा पत्नी और बेटियों की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# नियमों के प्रति बाइक चालकों को किया जागरुक

## दुर्घटनाएं रोकने को करें यातायात नियमों का पालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर में उपनिरीक्षक प्रेमपाल सिंह के नेतृत्व में यातायात नियमों का पालन कराने और जागरूकता फैलाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस पहल का मुख्य फोकस बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चलाने वाले चाल. कों को जागरूक करना था। अभियान के तहत उपनिरीक्षक सिंह और उनकी टीम ने नगर में जगह-जगह रुककर बाइक चाल. कों से बातचीत की। उन्होंने विशेष रूप से बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वाले लोगों को रोका। पुलिस ने इस दौरान किसी प्रकार का जुर्माना लगाने के बजाये चालकों को हेलमेट पहनने की अनिवार्यता और इसके सुरक्षा लाभों के बारे में समझाया। उपनि. रीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि उनका उद्देश्य चालान काटना नहीं बल्कि लोगों की जान बचाना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हेलमेट न केवल कानूनी आवश्यकता है। बल्कि यह दुर्घटना की स्थिति में सिर की गंभीर चोटों से बचने का एकमात्र प्रभावी तरीका भी है। पुलिस ने चालकों से अपील की कि वे हमेशा यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें और खुद की तथा अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट अवश्य पहनें। यह जागरूकता अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

# मोदी योगी ने बढ़ाई देश प्रदेश की प्रतिष्ठा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** कच्छ (गुजरात) से पधारे दादा गुरु महाराज जी का नगर के हसनपुर रोड पर स्वागत किया गया। दादा गुरु ने लोगों से सद्मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

रविवार को दादा गुरु महाराज मुहल्ला अल्लीपुर भूड़ में स्थित

**■ अंतोदय का सपना हो रहा है साकारः दादा गुरु**

भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान भाजपा मंडलाध्यक्ष डॉ.उत्तम सिंह प्रजापति के आवास पर पहुंचे, जहाँ पर लोगों ने उनका स्वागत किया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। दादा गुरु महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि " आगामी समय भारत के लिए स्वर्ण युग लेकर आएगा। मोदीख्रयोगी के नेतृत्व में देश और प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का अंत्योदय का सपना अब साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार आज प्रत्येक वर्ग का विकास जाति नहीं बल्कि आवश्यकता के आधार पर कर रही है, जो सच्चे लोकतंत्र का प्रतीक है। दादा गुरू ने लोगों से आह्वान किया कि वे सद्मार्ग पर चलें और जितना भी संभव हो गरीबों और जरूरतमंदो की मदद करें। इस अवसर पर किरनपाल सिंह, शेख चिरागुद्दीन, समरपाल सिंह ठेकेदार, गोपाल कृष्ण, गुड्डू सिंह,अभिषेक व शंकर सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।



गजरौला। दादा गुरू महाराज जी का स्वागत करते लोग।

# पत्नी की हत्या में आरोपी पति गिरफ्तार

## दहेज में कार न मिलने पर की थी हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** चर्चित दहेज हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर दहेज में कार न मिलने पर अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने का आरोप है।

रहरा थाना इलाके के ग्राम खुर्तिया निवासी सूरजमुखी ने थाना रहरा में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया था कि उनकी बेटी आरती की शादी ढकिया खादर निवासी अमन पुत्र जबर सिंह से हुई थी। शादी के बाद से ही अमन और उसके परिजन लगातार दहेज में एक कार की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर आरती को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों का आरोप है कि 31 अक्टूबर 2025 को दहेज की मांग पूरी न होने के कारण आरती की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मृतका के पति अमन समेत चार लोगों विक्की, अजीत, और अरुण के खिलाफ दहेज हत्या के तहत मुक. दमा दर्ज किया था। थाना रहरा पुलिस ने 8 नवंबर को मुख्य आरा. ेपी अमन पुत्र जबर सिंह को ग्राम ढकिया खादर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जबकि अन्य तीन फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं।

# गन्ना समिति पर ताला लगाएंगे किसान

## 13 नवम्बर से अनिश्चित्कालीन धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** चीनी मिल द्वारा गन्ना प्रजाति 5009 को खरीदने से इंकार करने के विरोध में किसानों का गुस्सा भड़क उठा है। भारतीय किसान यूनियन (असली) ने साफ चेतावनी दी है कि यदि 12 नवंबर तक मिल प्रशासन इस प्रजाति की तौल शुरू नहीं करता, तो 13 नवंबर से गन्ना समिति पर तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

रविवार को ब्लॉक परिसर में आयोजित बैठक में संगठन के मण्डल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने कहा कि चीनी



मिल प्रशासन की यह हठधर्मिता किसानों के साथ सीधा अन्याय है। गन्ना प्रजाति 5009 एक अगैती व उच्च उत्पादन देने वाली किस्म है, जिसे वैज्ञानिकों ने भी अनुमोदित किया है। फिर भी मिल प्रबंधन इसका भुगतान करने से बच रहा है, जो बर्दाश्त से बाहर है। उन्होंने कहा कि यदि मिल ने गन्ना क्रय में आनाकानी की, तो किसान सड़कों पर उतरेंगे और गन्ना समिति के मुख्यद्वार पर ताला डाल देंगे। डूंगर सिंह ने दो टूक कहा, किसान अब झुकने वाला नहीं। जब तक 5009 प्रजाति की तौल शुरू नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। जिला प्रवक्ता नरेश कुमार ने मिल प्रबंधन को चेताया कि गन्ना तौल में किसी भी तरह का भेदभाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी प्रजातियों का गन्ना समान रूप से खरीदा जाना चाहिए। बैठक में गुरवचन सिंह, सोनू गिल, कपिल, जयपाल गिल, सचिन कुमार, प्रदीप कुमार, कांविंदर सिंह, नन्हे सिद्धू, खचेडू सिंह, जगदीश यादव, सुरेश यादव, वेद प्रकाश शर्मा, जावेद मलिक, ओमवीर सिंह, जुल्फीकार मलिक, सचिन कौशिक, समरपाल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। किसानों की इस चेतावनी से मिल प्रशासन में खलबली मच गई है। अब सबकी निगाहें 12 नवंबर पर टिकी हैं जब तय होगा कि गन्ना तौला जाएगा या आंदोलन की आग सुलगेगी

## चारा काट रहे युवक को सांप ने डसा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** खेत में चारा काटने गए युवक को सांप ने डस लिया, स्वजनों ने उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जानक. ारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर निवासी मनोज कुमार का 20 वर्षीय पुत्र अमन कुमार रविवार की सुबह खेत पर चारा काटने गया था। इस दौरान उसे एक सांप ने डस लिया, उसने आसपास के खेतों में काम रहे लोगों को बुलाया और अपने घर पहुंचा। स्वजन उसे वाहन में लिटाकर तुरंत सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर ने उसे एंटी स्नेक वैक्सीन लगाई। हालत में सुधार होने पर स्वजन उसे घर ले गए।

# हिंद एग्रीकल्चर का अब्बासी कप पर कब्जा

## अमन नवाब ने 48 गेंदों में खेली 107 की तूफानी पारी, बने मेन आफ दि मैच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** रोमांचक मुकाबले में हिंद एग्रीकल्चर ने विहान इलेविन को 28 रन से हराकर नफीस अब्बासी कप पर कब्जा किया। अमन नवाब ने 48 गेंदों में 107 रन की तूफानी पारी खेली। उन्हें मैन आफ दि मैच के पुरस्कार से नवाजा किया।

नफीस अब्बासी एपीएल 18 कप का फाइनल मैच हिंद एग्रीकल्चर व विहान इलेविन के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हिंद एग्रीकल्चर ने बीस ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 296 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की



तरफ से अमन नवाब ने 48 गेंदों में 107 की तूफानी पारी खेली। जबकि सनी सैनी ने 19 गेंदों में तेजी से 70 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विहान इलेविन की टीम ने जीत के लिए जमकर संघर्ष किया परन्तु आखिर में बीस ओवर में 268 रन बनाकर टीम आलआउट हो गयी। टीम की ओर से उसमान ने 33 गेंदो में 97 जबकि वारिस रजा ने 13 गेंदों में 36 रन बनाये। जो टीम को जीत नहीं दिला सकी। शानदार शतक लगाने वाले अमन नवाब को मैन आफ दि मैच का पुरस्कार दिया गया। एम्पायरिंग जमाल खान व निश्चिल चौधरी ने की जबकि कमेंट्री तैयब सलमानी, अदनान मसरूर व तैयब सुल्तान द्वारा की गयी। इस मौके पर एकेडमी के अध्यक्ष फिरोज कमाल अब्बासी, आरिफ मसूद, शादमान जैदी, फेज उद्दीन सिद्दीकी, काशिफ मंसूरी, अनस जैदी, अमीन रायनी, मोनू सागर, मयंक शर्मा, तैयब सुल्तान, अजहर अब्बासी, गुफरान, फैजी खान आदि मौजूद रहे।

# चलती कार से स्टंटबाजी का वीडियो वायरल

## खिड़की से बाहर झूलते दिखे युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढवारसी।** आदमपुर थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को ठेंगा दिखाते हुए कुछ युवाओं द्वारा चलती कार से खतरनाक स्टंटबाजी करने का मामला सामने आया है। यह घटना ढबारसी से तिगरिया नादिरशाह मार्ग की बताई जा रही है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ युवक तेज रफ्तार कार की खिड़कियों से बाहर निकलकर हाथ हिलाते, झंडे लहराते और सेल्फी लेते हुए खतरनाक करतब कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह वाकया एक रैली के दौरान का है, जहां दर्जनों गाड़ियां जुलूस की शक्ल में सड़क पर दौड़ रही थीं। इस दौरान कुछ युवाओं ने कानून की परवाह किए बिना चलती गाड़ियों से बाहर निकलकर जान जोखिम में डालते हुए स्टंट किए। न केवल उन्होंने खुद की जान को खतरे में डाला, बल्कि राहग. ीरों और अन्य वाहनों के लिए भी गंभीर हादसे की स्थिति पैदा कर दी। वीडियो के वायरल होते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया है। आदमपुर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि वीडियो की लोकेशन और गाड़ी के नंबर की पहचान की जा रही है। साथ ही, रैली आयोजकों और वाहन स्वामियों से पूछताछ की जाएगी। दोषियों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी आदमपुर ने बताया कि इस तरह की लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति स्टंटबाजी या लापरवाही भरा ड्राइविंग व्यवहार करते हुए नजर आए, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि युवा सोशल मीडिया की प्रसिद्धि पाने के चक्कर में किस हद तक अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के स्टंट न केवल कानूनन अपराध हैं, बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकते हैं। पुलिस प्रशासन अब ऐसे वीडियो पर कड़ी निगरानी रखने की बात कह रहा है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके



## सिर में ईट लगने से बालिका घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव सकतपुर में घरेलू विवाद के चलते एक चचेरी बहन ने अपनी बहन पर ईंट से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। रविवार को सकतपुर निवासी नेहा अपने घर पर बैठी थी। इसी दौरान उसकी चचेरी बहन से किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि चचेरी बहन ने आवेश में आकर नेहा के सिर पर ईंट उठाकर मार दी। इस हमले में नेहा बुरी तरह लहूलुहान हो गई। घायल नेहा को तत्काल परिजन सैद नंगली थाने ले गए। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए नेहा को हसनपुर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। थानाध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया कि घायल को मेडिकल के लिए भेजा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस तहरीर और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## सैनी समाज को सम्मान दे प्रदेश सरकार



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** ऑल इंडिया सैनी सभा की बैठक रविवार को सैनी नगर में जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समाज की उपेक्षा पर नाराजगी जताते हुए वक्ताओं ने कहा कि सैनी समाज ने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, फिर भी शासन में उसे उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा। जयपाल सिंह सैनी ने कहा कि समाज की प्रतिभाओं को सम्मान और निर्णय लेने वाली संस्थाओं में भागीदारी मिलनी चाहिए। बैठक में 25 नवंबर को धनौरा में जिला स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में राजपाल सिंह सैनी, कुलदीप सिंह, रमेश चंद्र, महेंद्र पाल, डॉ. नरेंद्र सैनी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मठ बनाने को लेकर ग्रामीणों व खेत स्वामी में विवाद

## खेत स्वामी ने मेठ को खेत के सामने से हटाने की मांग की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढवारसी।** आदमपुर थाना क्षेत्र के पाडली गांव में 100 वर्ष पूर्व से स्थापित मठ का पुनर्निर्माण करने को लेकर ग्रामीण व खेत स्वामी आमने-सामने आ गए।खेत स्वामी मठ को खेत के सामने से हटाने की मांग कर रहे हैं जबकि ग्रामीणों का कहना है कि समस्त ग्रामवासी इसी स्थान पर स्थित मठ पर पूजा अर्चना करते आ रहे हैं।

ग्राम पाडली में दक्षिण दिशा की ओर सड़क किनारे बाबा कुंवरसेन महाराज का मठ प्राचीन समय से स्थापित है।मठ पर ग्रामवासी पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। तीन दिन पूर्व ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से मठ का पुनर्निर्माण शुरू किया था। रविवार की दोपहर में खेत स्वामी नन्हे, मलखान व बाबू आदि निर्माणाधीन मठ पर पहुंच गए तथा मठ को अवैध बताते हुए भूमि को निजी बताते हुए मठ को उखाड़ने की मांग करते हुए हंगामा करने लगे।इसकी भनक लगते ही गांव के लोग दिनेश कुमार, करतार सिंह सैनी,ब्रहम सिंह,जीवन सिंह आदि भी एकत्रित होकर मौके पर पहुंच गए तथा मठ को बात सुनकर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इस मठ पर हमारे पूर्वजों से लेकर अबकी पीढ़ी पूजा कर रही है इसलिए इसे अवैध बताना गलत है जबकि मठ का निर्माण खेत की सीमा से बाहर है।इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में नोंक झोंक हो गई। हंगामा की स्थिति को क्षेत्र के संभ्रांत लोग भी मौके पर पहुंचे तथा दोनों पक्षों को समझाकर समझौता कराने का प्रयास कर रहे हैं। थानाध्यक्ष आदमपुर कुमरेश त्यागी ने बताया इस सम्बन्ध कोई सूचना थाना पुलिस को प्राप्त नहीं हुई है अगर कोई लिखित में शिकायत लेकर आता है जांचकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

## ग्रामीण के साथ मारपीट, चार पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** थाना पुलिस ने चार आरोपियों के विरूद्ध एक ग्रामीण के साथ मारपीट करके घायल करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। घटना पिछले माह की 24 तारीख को हुई थी। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव चकनवाला निवासी कलुवा का आरोप है कि 24 अक्तूबर को शाम छह बजे गांव के ही चरन व संजय पुत्रगण हेत. राम एवं राहुल व केशव पुत्रगण चरन सिंह ने उसके साथ रास्ते में रोककर मारपीट की और घायल कर दिया। इतना ही नहीं जान से मारने कीधमकी भी दी। कलुवा की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को चारों आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## हादसे में महिला व बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** घटना कोतवाली डिडौली क्षेत्र के कस्बा डिडौली के बस अड्डे की है खेतों से काम करके लौट रही महिला फूलवती पत्नी जयपाल सिंह निवासी डिडौली शाम 6:00 बजे सड़क पार कर रही थी दिल्ली की दिशा से आ रही अज्ञात कार ने टक्कर मार दी जिस महिला गंभीर रूप से घायल हो गई महिला को डिडौली पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस की सहायता के द्वारा जोया सी एच सी में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टरों ने महिला की गम्भीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। जबकि बाइक सवार बब्बू पुत्र छिद्दा निवासी नया गांव थाना टांडा बादली जनपद रामपुर भी घायल हो गया।

# विवाहिता की मौत के मामले में दहेज हत्या के आरोपी भेजे जेल



शाह टाइम्स संवाददाता

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के ग्राम गडीना में शुक्रवार को नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना के संबंध में विवाहिता महिला के भाई मनोज ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में पति सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। थाना प्रभारी ब्रह्म कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस ने रविवार को मृतका महिला के पति शिक्षक कुलदीप, ससुर इलम सिंह, सास महेंद्री को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सैफपुर निवासी तेजपाल की पुत्री आशा की शादी छह माह पूर्व 18 अप्रैल 2025 को ग्राम गडीना निवासी कुलदीप पुत्र इलम सिंह के साथ हुई थी। आशा एम ए पास थीं जबकि उसका पति बीटीसी करके चार वर्ष पूर्व से संभल में सरकारी स्कूल में अध्यापक के पद पर तैनात है। बताया गया है कि शुक्रवार को दोपहर आशा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी मृतका की ससुराल वाले विवाहिता को लेकर अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल में डाक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए। तत्पश्चात वह विवाहिता के शव को लेकर गांव गडीना लौट गए। किसी ने इसकी सूचना मृतका के भाई मनोज को दे दी। विवाहिता आशा की ससुराल में मौत होने की खबर से उसके परिवार में कोहराम मच गया था। ग्रामीणों के साथ मायके वाले मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी ब्रह्मकुमार त्रिपाठी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इस बीच मृतका की ससुराल वाले फरार हो गए। मृतका आशा के बड़े भाई सनोज ने बताया कि वह गुरुवार को अपनी बहन की ससुराल आया था। उसका पति कुलदीप छुट्टी लेकर घर पर आया हुआ था उसकी बहन को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। वह आशा की ससुराल वालों को समझा बुझाकर देर शाम अपनी बहन को साथ ले जाना चाहता था। सनोज ने बताया कि आशा की ससुराल वालों को समझाने पर उसके साथ भी बदसुलूकी की गई थी। उन्होंने अपनी बहन की शादी में 750 लाख रुपए नगद दिए थे और सात लाख रुपए का चेक अलग से दिया था दहेज के समान सहित शादी में करीब 26 लाख रुपए खर्च किया था। आरोप है कि दहेज में और नगदी की और मांग को लेकर आशा की फांसी लगाकर हत्या कर दी गई। घटना के संबंध में थाने पर मृतका महिला के भाई मनोज द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में पति शिक्षक कुलदीप, देवर अमरद. ीप, व सोनित, सास महेंद्री, ससुर इलम सिंह, ननदोई उदय सिंह को नामजद किया गया है।

## बहसूमा में आधा दर्जन दुकानों में हुई चोरी का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी देहात



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहसूमा।** नगर में हुई अज्ञात चोरों ने आधा दर्जन दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें एसपी देहात अभिजीत कुमार ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमन गोयल ने कहा कि दुकानों में हुई चोरी का खुलासा किया जाये और रात्रि में गश्त बढ़ाया जाये। एसपी देहात अभिजीत कुमार ने थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह को रात्रि में गश्त बढ़ाये जाने के निर्देश दिए और जल्द से जल्द खुलासा करने की बात कही। व्यापारियों का कहना था कि आने वाले दिनों में ठंड व कोंरा पड़ेगा इस दौरान चोरों का गैंग सक्रिय हो जाता है। व्यापारियों को डर है कि यह गैंग फिर घटना को अंजाम देंगे। एसपी देहात ने कार्रवाई की बात कही है।

## पति की हत्या कराने के मामले में...

# पत्नी और प्रेमी के बाद तमंचा बेचने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

- 10 दिन पूर्व हुई थी घटना
- परीक्षितगढ़ क्षेत्र के गांव अगवानपुर का है मामला



पुलिस की पकड़ में आरोपी।

शाह टाइम्स संवाददाता

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम अगवानपुर में 10 दिन पूर्व युवक की पत्नी द्वारा अपने प्रेमी से हत्या कराए जाने के बाद अब इस मामले में एक अन्य युवक को तमंचा व कारतूस बेचने के आरोप में पुलिस ने पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

ग्राम अगवानपुर निवासी राहुल की पत्नी अंजलि का अपने पड़ोसी अजय से पिछले डेढ़ वर्ष से अफेयर चल रहा था। इस बीच अजय अनेक बार अंजलि को अपने साथ मेरठ होटल में भी ले गया तथा घर में भी मौका मिलते ही मिलता था। इसका पता जब अंजलि के पति राहुल को लगा तो उसने विरोध किया जिसके बाद अंजलि ने अपने प्रेमी से राहुल की हत्या करा दी। पुलिस ने घटना का खुलासा कर तीन दिन पूर्व दोनों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया था जहां से उन्हें जेल भेज दिया था। थाना प्रभारी विजय कुमार राय ने बताया कि अजय ने दिलीप पुत्र लेखराज ग्राम खेड़ी थाना दौराला से 5500 में तमंचा व 3000 में 10 कारतूस 315 बोर के खरीदे थे जिससे एक नवंबर की रात को अजय ने राहुल की गोली मारकर हत्या की थी इसी मामले में दिलीप को थाने बुलाकर पूछताछ की गई जिसमें उसकी संलिप्तता पाई गई। जिसमें दिलीप को नाम दर्ज करते हुए कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# शर्ली भंडारी फिर बनीं नर्सेस संघ की अध्यक्ष, दी बधाई

## लखनऊ में आयोजित हुआ था 18वां द्विवार्षिक अधिवेशन



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** राजकीय नर्सेस संघ का 18वां द्विवार्षिक अधिवेशन लखनऊ के गांधी भवन प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। जिसमें लाला लाजपत राय मेडिकल कालेज मेरठ की नर्सिंग ऑफिसर शर्ली भंडारी निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गईं। शर्ली भंडारी को यह जिम्मेदारी दूसरी बार मिली है। लखनऊ के अशोक महामंत्री जबकि मेरठ के पवन मिश्रा उपाध्यक्ष चुने गए हैं। वहीं रविवार को लखनऊ के विज्ञान भवन में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के ज्वाइन डायरेक्टर डॉ. अलोक सक्सेना ने राजकीय नर्सेस संघ के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

## बहसूमा कस्बे में बढ़ रही चोरी से क्षेत्र में रोष

# भाकियू तोमर ने थानाध्यक्ष से कार्रवाई की रखी मांग

- चोरियों का जल्द खुलासा नहीं हुआ तो डीएम-एसएसपी के यहां देंगे धरना
- रात में गश्त बढ़ाने की मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहसूमा।** नगर में हुई चोरियों की घटनाओ को लगाम लगाने के लिए थाना प्रभारी को भाकियू तोमर जिलाध्यक्ष अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौंपा है। भाकियू तोमर के जिलाध्यक्ष अभिषेक चौधरी ने ज्ञापन सौपते हुए कहा कि कस्बे में व्यापारियों के प्रतिष्ठान में हुई चोरी का जल्द खुलासा करें और कस्बे में रात्रि में गश्त बढ़ाया जाये। थाना प्रभारी ने सभी लोगों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा और रात्रि में गश्त भी बढ़ाया जाएगा। रविवार की दोपहर भाकियू तोमर के जिलाध्यक्ष अभिषेक चौधरी ने थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह को ज्ञापन देते हुए बताया कि शुक्रवार की देर रात्रि अज्ञात चोरों ने व्यापारियों के प्रतिष्ठान में लाखों रुपए की चोरी कर फरार हो गये।

जिससे व्यापारी भयावत हो रहे है। पुलिस ने अभी तक चोरों की तलाश में कोई संज्ञान नहीं लिया है। पहले भी थाने के 100 मीटर दूरी पर सम्मुन समरसेबल वाले की दुकान का शटर तोड़कर मोटर चोरी सहित किसानो की ट्यूबवेल पर दर्जनों चोरी भी हो चुकी है। पुलिस मुकदमा तो दर्ज कर लेती है। लेकिन इसका खुलासा नहीं किया। जबकि पुलिस जनता की रहबर है। यदि इन मामलों का पुलिस जल्द खुलासा नहीं करती है तो भाकियू तोमर के नेतृत्व में जिलाधिकारी और एसएसपी के यहा जाकर धरना देने पर मजबूर हो जाएंगे। थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। रात्रि में गश्त बढ़ाया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से अमित चौधरी, गर्वित चाहल, नितिन चौधरी, राज. कुमार चौधरी, शिवांशु ककरान, स्पर्श यादव, विवेक लाम्बा, सचिन, वीरेंद्र नागर आदि लोग शामिल रहे।

# लापता युवक की तलाश में दिनभर जुटे रहे परिजन, नहीं लगा सुराग

- नहर किनारे खड़ी मिली लापता युवक की स्कूटी
- पुलिस को आशंका नहर में कूदकर की है आत्महत्या



शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** दौराला कस्बे से दो दिन पूर्व गायब हुए युवक का कोई सुराग हाथ नही लग सका, परिजन दो दिन से युवक की नहर में तलाश कर रहें है, लेकिन कोई पता नही चल सका। परिजनों को अनहोनी की आंशका के चलते रो -रोकर बुरा हाल है। दौराला निवासी 23 वर्षीय समीर पुत्र मेहराजुदीन दो दिन पूर्व घर से सरधना अपने मामा के यहां जाने की बात कहकर स्कूटी पर सवार होकर निकला था।

लेकिन न तो समीर मामा के घर पहुंचा, और न ही वापस घर लौट सका, परिजनों ने जब मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया तो मोबाइल स्विच ऑफ आता रहा। परिजनों ने दो दिनों तक काफी तलाश किया, लेकिन कोई सुराग हाथ नही लग सका। शुक्रवार दोपहर समीर की स्कूटी दौराला गंगनहर पुल पर लावारिस हालात में खड़ी मिली थी, जिसकी सूचना पर पहुंचे परि. जनों ने गोताखोरों की मदद से समीर को नहर में तलाशना शुरू कर दिया था, लेकिन रविवार देर शाम तक समीर का कोई सुराग हाथ नही लग सका। परिजनों व पुलिस को आंशका है कि युवक कहीं नहर में कूदकर आत्म हत्या न कर ली हो, जिसकी आंशका के चलते परिजनों का रो-रोकर बुरा है। समीर के परिजनों ने बताया कि वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था, बीच में दिमागी संतुलन खराब होने की वजह से उसकी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी थी।

# विद्युत लाइन की चिंगारी से छह बीघा फसल जलकर स्वाहा

## नाराज किसानों ने विद्युत विभाग के कर्मचारी व लाइनमैन को खंभे से बांधकर पीटा



शाह टाइम्स संवाददाता

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के गांव कुंडा में विद्युत लाइन की चिंगारी से किसानों के खेत में खड़ी गन्ने की फसल में आग लगने से कई बीघा फसल जलकर राख हो गई। गुस्साए किसानों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा करते हुए घटनास्थल पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों व लाइनमैनो को खंभों पर रस्सी से बांधकर बंधक बना लिया उनके साथ जमकर मारपीट करते हुए दुर्व्यवहार किया और मौके पर विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को मोके पर बुलाने की मांग और जर्जर हो रही एचटी 11 हजार के विद्युत तारों को बदलवाने की मांग पर अड़ गए। मामले की जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग के अवर अभियंता सुनील दत्त मौके पर पहुंच गए उन्होंने बड़ी मुश्किल से किसानों को समझा बुझाकर शांत किया और बताया कि जर्जर लाइनो का इस्टीमेट बना दिया है।

विभाग से धनराशि मिलते ही जर्जर लाइन को बदलवा दिया जाएगा, तब जाकर किसान शांत हुए। घटना के संबंध में पीड़ित किसान ओमवीर व अशोक पुत्रगण रामपाल ने विद्युत विभाग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई एवं आग लगने से नष्ट हुई फसल के मुआवजे की मांग रखी है। गांव निवासी ओमवीर व अशोक पुत्रगण रामपाल ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे उनके खेत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार एचटी लाइन के विद्युत तारों से जल रही चिंगारी 30 बीघा के खेत में खड़ी गन्ने की फसल में गिरने से आग लग गई। गनीमत रही उस समय किसान ओमवीर व गांव के और किसान भी वहां खेतों में काम कर रहे थे। उन्होंने तुरंत आग बुझाने के लिए ट्यूबवैल से पानी भरकर और ट्रैक्टरों को आग लगने वाले खेत में लगाकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया फिर भी 6 बीघा फसल जलकर राख हो गई। अगर किसान आग को अपने आप ना बुझाते तो आसपास खेतों में खड़ी करीब ढाई सौ बीघा गन्ने की फसल जल कर राख हो जाती।

किसानो ने सबसे पहले तुरंत विद्युत विभाग के अधिकारियों को फोन करके विद्युत सप्लाई बंद कराई। मामले की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर गडीना बिजलीघर विद्युत विभाग के लाइनमैन राहुल, रामकरण, पप्पू घटना स्थल पर किसानों के खेत पर पहुंच गए गुस्साए किसानों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा करते हुए तीनों लाईनमैनों को तो नलकूप पर लगे ट्रांसफार्मर के खंभों से बांधकर मारपीट कर दी। और जर्जर हो रहे तारों को बदलवाने की मांग को लेकर मौके पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़ गए। किसान मनोज, रामकुमार, नरेश, राजवीर, अशोक, महकार, अक्षय, मांगे, रवि, बिट्टू, विकास, योगेश, आवेश, विपिन प्रधान आदि ने बताया कि गांव के जंगल में उनके खेतों के ऊपर से 11000 की एचटी लाइन के 28 खंभों के तार पिछले वर्षों से गन्ने की फसल पर लटक रहे हैं। जिससे आए दिन विद्युत लाइन में फाल्ट होने के कारण आग लगने की घटनाएं हो रही है। यही नहीं पिछले काफी दिनों खेतों में खड़ी गेहूं की फसल पर विद्युत लाइन की चिंगारी गिरने से सैकड़ो बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई थी। इस संबंध में पिछले कई महीने से लगातार विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर जर्जर विद्युत लाइन को बदलने की मांग रखी, लेकिन आज तक समस्या का निस्तारण नहीं हो सका। गुस्साए किसानों ने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों ने अगर जल्द ही लाइन के तार नहीं बदले तो वह इकट्ठा होकर विद्युत विभाग के खिलाफ आंदोलन करेंगे। गडीना बिजली घर विद्युत विभाग अवर अभियंता सुनील दत्त ने बताया कि जर्जर लाइन का इस्टीमेट बनाकर भेज दिया गया है जैसे ही उच्च अधिकारियों का आदेश आएगा तुरंत जर्जर लाइन को बदलवा दिया जाएगा।

# महर्षि दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में आठवीं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**फलावदा।** क्षेत्र के पिलौना में स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में रविवार को स्वर्गीय बलेराम स्मृति के उपलक्ष में आठवीं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2025 का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में कक्षा 3 से कक्षा 12वीं तक लगभग 845 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा और ज्ञान का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चारू निगम, कमांडेंट, 47वीं वाहिनी पी.ए.सी., गाजियाबाद तथा ब्रांड एम्बेसडर के रूप में निधि पंवार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी बागपत उपस्थित रहीं। आयोजन को सफल बनाने में संयोजक मनीष खारी, गुरमीत सैनी, विनीत खारी, अर्जुन खारी, अक्षय शर्मा, विमल खारी, अनुज व राजन चौधरी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में महर्षि दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, पिलौना के प्रधानाचार्य बाबूराम धाम का सहयोग सराहनीय रहा। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्कृष्ट अनुशासन और जोश का परिचय दिया। जिसमें विजेता विद्यार्थियों की सूची जिला स्तरीय दी जा रही है विजेता विद्यार्थियों की सूची कक्षा 12वीं से प्रथम स्थान अनिकेत एवं कीर्ति, द्वितीय स्थान वर्तिका, दिव्यांशी एवं शिवम, तृतीय स्थान वंशीका, कक्षा 11वीं से प्रथम स्थान लकी धामा, द्वितीय स्थान मानसी एवं अभिनव विकल, तृतीय स्थान वंशीका रानी एवं मनीषा शर्मा, कक्षा 10वीं से प्रथम स्थान शिवांकी पुत्री अशोक (अंक- 46), द्वितीय स्थान कृष सैनी पुत्र भूपेंद्र कुमार अंक 45 तृतीय स्थान राधा पुत्री धनपाल अंक 43, कक्षा 9वीं से प्रथम स्थान छवि सैनी पुत्री राजेन्द्र कुमार अंक 43, द्वितीय स्थान सार्थक पुत्र वासुदेव अंक 40, तृतीय स्थान महीमा पुत्री लोकेन्द्र सिंह अंक 39 इनके अलावा दिल्ली ग्लोबल स्कूल के छात्र अव्युक्त सैनी पुत्र रितुराज सैनी निवासी फलावदा ने कक्षा 4 की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल और माता-पिता का नाम रोशन किया है। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में ज्ञानवर्धन, प्रतिस्पर्धात्मक भावना तथा आत्म विश्वास का विकास हुआ। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं विज. ेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजकों ने घोषणाएं की आगामी वर्षों में भी ऐसे शैक्षिक कार्यक्रम जिलेभर में होते रहेंगे।

# रालोद नेता त्रिलोक त्यागी ने गन्ना मूल्य वृद्धि को बताया सही कदम



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी ने रविवार सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने का समर्थन मूल्य 400 प्रति क्विंटल किए जाने के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय लंबे समय से किसानों की मांग रही है, और अब यह कदम उनके हित में एक सकारात्मक पहल साबित होगा। त्यागी ने इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चौधरी जयंत सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य नरेंद्र सिंह खजुरी, प्रबुद्ध कुमार, जिलाध्यक्ष मतलूब गौड़, वरिष्ठ रालोद नेता चौधरी सत्येन्द्र सिंह तोमर, संगीता दोहरे, संजय पनवारी, नरेश चौधरी, चंद्रवीर सिंह, आर्यन सिंह, अभिमन्यु ललसाना, जयराज सिंह, अरविंद तोमर सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरधना चर्च में वार्षिक मेले का समापन

## झांसी के धर्मप्रांत बिशप रहें मुख्य अतिथि, देश विदेश से लाखों श्रद्धालुओं ने की शिरकत




शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** ऐतिहासिक चर्च में चल रहें माता मरियम महोत्सव चर्च मेले का रविवार को भव्य कार्यक्रम के बीच समापन हो गया। समापन के दौरान विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समापन के बाद वाहनों की निकलने के वजह से जाम की स्थिति बनी रही, जिसे खुलवाने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। सरधना नगर के ऐतिहासिक चर्च में प्रत्येक वर्ष चर्च मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें देश-विदेश से हजारों की तादाद से श्रद्धालु पहुंचकर माता मरियम की चमत्कारी तस्वीर के समक्ष अपनी अपनी मन्नतें मांगते है। इस बार भी सरधना चर्च में हजारों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचे थे, और अपनी मन्नतें मांगी।

रविवार को मेले समापन के मौके पर मुख्य अतिथि झांसी के धर्मप्रांत के बिशप विल्फ्रेड ग्रेगरी मोरास रहें, जिन्होंने विशेष प्रार्थना कराते हुए विश्व शांति के लिए दुआ मांगी। दोपहर 3बजे चर्च परिसर से शुरू हुई समापन यात्रा जुलूस का संत इंटर कालेज में जाकर समापन हुआ। मेला परिसर में झूले, खिलौने, भोजन स्टॉल और धार्मिक सामग्री की दुकानों पर लोगों की खूब भीड़ रही। बच्चों और महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने मेले की रौनक का आनंद लिया। चर्च प्रशासन ने बताया कि सरधना मेला वर्षों से सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक रहा है। मेला समापन के साथ ही सभी श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे का अभिवादन कर सुख-शांति की कामना की। मेले के दौरान सीओ आशुतोष कुमार, थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह, ईओ सरधना दीपिका शुक्ला समेत प्रशासन के लोग मुस्तैदी में लगे रहे, मेला समाप्त होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# जानी थाने पहुंचे कप्तान ने देखी व्यवस्था, दिए निर्देश



शाह टाइम्स संवाददाता

**जानी खुर्द।** शुक्रवार देर रात जानी थाने पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा और एसपी देहात ने जानी थाने का निरीक्षण किया। देर रात पहुंचे विपिन ताडा ने महिला सुरक्षा साइबर अपराध व दंगा निरंतर से कैसे निपटा जाए इसकी भी जानकारी ली और रजिस्टर चेक किया। वहीं महिला हेल्प डेस्क मिशन शक्ति केंद्र शस्त्रगार और भोजनालय व हवालात सहित बरीकी से थाने पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र को निर्देश दिए कि थाने में पुलिस बल की तैनाती बनाए रखे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और एसपी देहात ने करीब तीन घंटे जानी थाने का निरीक्षण किया जिसमें जानी थाने की पुलिस फोर्स रात भर थाना परिसर में ही मौजूद रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा के जाने के बाद थाना पुलिस ने राहत की सांस ली।

# बकाया गन्ना भुगतान को किया धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बकाया गन्ना भुगतान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) से जुड़े किसानो ने गन्ना समिति पर धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने कहा कि गन्ना भुगतान अदा करने के लिये मिल प्रबंधन ने काफी बड़ी बड़ी बातें की थीं, लेकिन मिल प्रबंधन अपनी एक भी बात पर खरा नहीं उतर पा रहा है। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक किसानों का बकाया भुगतान मिल अदा नहीं कर देती तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) से जुड़े किसानों ने केसर चीनी मिल पर 145 करोड़ का बकाया भुगतान की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। धरने में किसानों ने एक आवाज में कहा कि यदि मिल चलने से पहले भुगतान नहीं करती है तो वह मिल चलने नहीं देंगे। चौधरी कुलवीर सिंह ने कहा कि हम अपना गन्ना कहीं भी ले जाने को स्वतंत्र है हमें न रोका जाए। युवा प्रदेश महासचिव अनुज ठाकुर ने अपने विचार रखते हुए मिल अधिकारियों को घेरा। समिति की तरफ से किसानों ने समिति के सचिव और डिप्टी भी शामिल हुए, जिनसे किसानों से तीखी बहस भी हुई, जिसपर



सचिव कोई भी उचित जवाब नहीं दे पाए। गन्ना मिल की तरफ ये आए अधिकारियों के द्वारा भुगतान न कर पाने की बात आज फिर से दोहराई गई जिसपर वहां मौजूद किसान आग बबूला हो गए। धरने में बनी कमेटी के द्वारा धरना समाप्त कर अगले धरने की 15 नवम्बर की तारीख निश्चित की गई है। धरने की अध्यक्षता चौधरी भगवान सिंह ने की। धरने में मुख्य रूप से सरदार बलजिंदर सिंह मान प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश/उत्तराखंड (तराई क्षेत्र), प्रदेश सचिव दानिश बाबा रहे। मंच का संचालन चौधरी अजीत सिंह प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश/उत्तराखंड (तराई क्षेत्र) ने किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बलजिंदर सिंह मान, प्रदेश महासचिव अनुज ठाकुर, प्रदेश सचिव बाबा दानिश खान, चौधरी अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण

**■ गोवंश के लिए हरा एवं सूखा चारा उपलब्ध, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने रविवार को तहसील फरीदपुर क्षेत्र में स्थित हरेली अलीपुर गौशाला का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने गौशाला में संरक्षित गोवंश की संख्या, चारे की उपलब्धता, चिकित्सीय सुविधा, पानी की आपूर्ति तथा साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशाला में गोवंश के लिए पर्याप्त हरा एवं सूखा चारा उपलब्ध रखा जाए, पीने का पानी, ठंड के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाएं तथा बीमार अथवा कमजोर गोवंश का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराया जाए। गोशाला में संरक्षित गोवंश के सापेक्ष शेड की कम पाए गए जिसके लिए मुख्य पशु



चिकित्सा अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत भुता से विचार विमर्श किया एवं शीघ्र ही दो अतिरिक्त शेड एवं बाउण्डरी वाल बनाए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

उन्होंने गौशाला प्रबंधन को निर्देशित किया कि गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से दुरुस्त किया जाए और आवश्यक संसाधनों की कमी होने पर तत्काल अवगत कराया जाए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी फरीदपुर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कस्बे में लगे नेत्र शिविर में उमड़े नेत्र रोगी, 300 रोगियों का हुआ परीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर में रविवार को अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नेत्र रोगियों ने अपना परीक्षण कराया।

कस्बे की जामा मस्जिद में आयोजित किए गए नेत्र शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर आफताब आलम ने तीन सौ से अधिक नेत्र रोगियों का परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में वरिष्ठ नेत्र परीक्षक मो. नदीम अख्तर, नेत्र परीक्षक मो. शहबाज, मो. शाहिद आदि ने शि. विर में सहयोग किया। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के तत्वाधान को लगाए गए इसे नि:शुल्क नेत्र शिविर में नेत्र रोगियों की भारी बारिश उमड़ पड़ी। इस अवसर पर कमेटी के सदर असलम मंत्री, सभासद हसीब सिद्दीकी, आढ़ती इस्लाम अंसारी, अब्दुल इशहाक आदि ने शिविर में आए चिकित्सक डॉक्टर आफताब आलम के साथ ही उनकी टीम का शॉल ओढ़कर स्वागत किया।

# उर्स ए हामिदी: देश भर के अकीदतमंद पहुंचे दरगाह

**■ 192 मुफ्ती, आलिम, हाफिज और कारी को सौंपी गई डिग्रियां**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उर्स-ए-हामिदी के आज दूसरे दिन हुज्जातुल इस्लाम मुफ्ती हामिद रजा खान साहब (हामिद मियां) के कुल शरीफ की रस्म मुल्क भर से आये हजारों अकीद. तमंदों की मौजूदगी में अदा की गयी। दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की सदारत व सय्यद आसिफ मियां की देखरेख में देश के नामवर उलेमा की तकरीर हुई। मदरसा मंजर-ए-इस्लाम का 122 वां दीक्षांत समारोह (दस्तारबंदी) मनाया गया। फारिग सभी 192 तलबा (छात्रों) को हजरत सुब्हानी मियां व मुफ्ती अहसन मियां के हाथों डिग्रियां सौंपकर दस्तारबंदी की गई। कार्यक्रम देर रात तक जारी था।

दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि आज का आगाज बाद नमाज-ए-फज्र कुरानख्वानी से हुआ। दिन में नात मनकबत का दौर जारी चला। शाम को शायर-ए-इस्लाम महशर बरेलवी, फारूक मदनपुरी, हाजी गुलाम सुब्हानी व आसिम नूरी ने नात-ओ-मनकबत पाक का नजराना पेश किया। मुख्य कार्यक्रम बाद नमाज-ए-ईशा 9 बजे मदरसे के सदर मुफ्ती आकिल रजवी, वरिष्ठ मुफ्ती मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी, मुफ्ती अय्यूब खान, मुफ्ती मोइनुद्दीन, मुफ्ती सय्यद कफील हाशमी, मौलाना अख्तर हुसैन, मौलाना डॉक्टर एजाज अंजुम, मुफ्ती मुजीब, मुफ्ती सय्यद शाकिर अली, मुफ्ती जमील, मुफ्ती कलीम उर रहमान की मौजूदगी में देश भर से आये नामवर उलेमा की तकरीर का आगाज मुफ्ती जईम रजा मंजरी ने कुरान की तिलावत से किया।

सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां ने सभी छात्रों से कहा कि हमेशा सुन्नियत और मसलक का वफादार रहते हुए बरेलवी मिशन को दुनिया भर में पहुंचाने काम करें। हर शख्स खुद और अपने बच्चों को इल्मे दीन जरूर सिखाएं। इल्म इंसान में शऊर (समझ) पैदा करता है। उर्स-ए-हामिदी के मौके पर मरकज-ए-अहले सुन्नत बरेली का पैगाम यही है कि देश भर के सज्जादगान सुन्नी सूफी खानकाही विचार धारा के मिशन को आगे बढ़ाने का काम करें। मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने खिताब करते हुए सभी फारिग तलबा (स्टूडेंट) से कहा कि वह अपने मजहब के साथ अपने मुल्क से मोहब्बत करने की तालीम को देश भर में आम करने का काम करें।

अल्लाह वालों के उर्स आपस में इत्तेहाद के लिए अहम भूमिका अदा करते हैं। मुफ्ती आकिल रजवी ने अपने खिताब में कहा कि हुज्जातुल इस्लाम अरबी फन के अंदर अदब में इस कदर माहिर थे कि अरब के बड़े-बड़े उलेमा कहते थे कि हिन्द के जितने उलेमा अरबी के जानकार हैं उनमें हमने मुफ्ती हामिद रजा से बढ़कर न देखा। मुफ्ती अय्यूब खान ने खिराज पेश करते हुए कहा कि हुज्जातुल इस्लाम ने अपनी पूरी जिंदगी इल्मी खिदमात, फतावा नवेशी में गुजारी। साथ ही आप बहुत बड़े शायर भी थे। अल्लामा मुख्तार बहेड़वी ने भी खिराज पेश किया। रात 10 बजकर 35 मिनट पर मुफ्ती हजरत हामिद मियां के 85 वें कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए खुसूसी दुआ सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां ने की। इसके बाद दीक्षांत समारोह शुरू हुआ। दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां व सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां ने 22 मुफ्ती, 87 कारी, 03 हाफिज व 80 आलिम कुल 192 तलबा को डिग्रियां सौपी गयीं। निजामत (संच. ालन) कारी यूसुफ रजा संभली ने की।

उर्स की व्यवस्था में मुख्य रूप से रजाकार राशिद अली खान, मौलाना अबरार उल हक, शाहिद नूरी, अजमल नूरी, परवेज नूरी, नासिर कुरैशी, हाजी जावेद खान, औररंगजेब नूरी, ताहिर अल्वी, मंजूर रजा, काशिफ रजा, आलेनबी, हाजी शारिक नूरी, मुजाहिद बेग, इशरत नूरी, जोहेब रजा, तारिक सईद, शान रजा, सबलू अल्वी, अब्दुल माजिद, सय्यद एजाज, सय्यद माजिद, इरशाद रजा, अरबाज रजा, साजिद नूरी, नईम नूरी, साकिब रजा, समी खान, अजमल रजा, सुहैल रजा, साद रजा, शारिक बरकाती, हाजी अब्बास नूरी, काशिफ सुब्हानी आदि ने संभाली।

# शीशगढ़ पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने पेश की मानवता की मिशाल

**■ मेले में बिछड़े डेढ़ वर्ष के बच्चे को खोजकर परिजनों को सौंपा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** शीशगढ़ पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने मेले में परिवार में बिछड़ गए डेढ़ वर्ष के बच्चे को खोजकर परिवार को सौंपकर मानवता की मिशाल पेश की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार देवेंद्र कुमार ग्राम गह लोइयां थाना शेरगढ़ ग्राम जाम अनंतपुर शेरगढ़ बार्डर पर आयोजित मेले में अपने डेढ़ वर्ष के पुत्र हरप्रीत को साथ लेकर मेले गए थे। मंदिर पर जल चढ़ाते समय बच्चा पिता से बिछड़ गया था। दोपहर को डेढ़ वर्षीय बच्चा लावारिस अवस्था में घूमता मिला। मिशन शक्ति को सूचना मिलने पर मिशन शक्ति टीम के मुख्य आरक्षी



प्रदीप कुमार, महिला कांस्टेबल शबनम , भावना शर्मा ने बच्चे की खोजबीन शुरू कर दी। मोबाइल के माध्यम से संपर्क साधकर बच्चे के पिता देवेंद्र कुमार को तलाश कर बच्चे को उनके सुपुर्द किया गया। पुलिस की सजगता व संवे. दनशीलता से उनका लाडला बच्चा उनको सकुशल वापस मिल गया। परिजनों ने शीशगढ़ पुलिस व मिशन शक्ति टीम की प्रशंसा करते हुए हार्दिक धन्यवाद भी दिया। मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत यह कार्य महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा के प्रति उत्तर प्रदेश पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# युवक पर जान लेवा हमला, बरेली रेफर, शराब भट्टी के सामने मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बीती शाम हाफिजगंज-सेंथल मार्ग पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कुछ दबंगों ने एक युवक पर बेरहमी से जान लेवा हमला कर दिया। घटना शराब भट्टी के ठीक सामने की बताई जा रही है। हमले में युवक गंभीर रूप से लहूलुहान होकर गिर पड़ा, जिसके बाद स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई।

घटना की जानकारी देते हुए प्रयंक पाण्डेय पुत्र संजीव पाण्डेय बरौर नवाबगंज ने बताया कि उसका भाई नेहाल पाण्डेय बीती शाम करीब सात बजे बरेली से मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहा था। रास्ते में शराब भट्टी के सामने कुछ लोग खड़े थे। जब नेहाल ने रास्ता देने को कहा तो वे लोग भड़क उठे और उसे गंदी-गंदी गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने



लाठी-डंडों और धारदार हथियार से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी उसे अधमरा छोड़कर मौके से फरार हो गए। खून से लथपथ नेहाल वहीं सड़क पर बेहोश पड़ा रहा। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग दौड़ पड़े और डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से नवाबगंज साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए बरेली रेफर कर दिया।

परिजनों का कहना है कि नेहाल की हालत बेहद नाजुक है और सिर व शरीर पर कई गहरे घाव हैं। भाई प्रयंक पाण्डेय ने बताया कि घटना स्थल पर पूछताछ करने पर आसपास के लोगों ने आरोपियों के नाम बताए जो थाना हाफिजगंज क्षेत्र के निवासी हैं। इनके साथ 3ख्र4 अज्ञात लोग भी थे। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। लोगों ने कहा कि शराब भट्टी के पास आए दिन असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है, जिससे राहगीर असुरक्षित महसूस करते हैं। कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच की जा रही है और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# डीएम ने की पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा

## डुप्लीकेट प्रविष्टियों के सत्यापन व बीएलओ कार्य प्रगति पर दिए आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद बरेली में विशेष प्रगाढ़ मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सभी बूथों पर नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन एवं डुप्लीकेट प्रविष्टियों के सत्यापन का कार्य तेजी से संचालित है।

इसी क्रम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आज तहसील सदर में पंचायत निर्वाचन हेतु मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्यों तथा एसआईआर कार्यों का निरीक्षण और समीक्षा की।



जिलाधिकारी ने अधिकारियों से घर-घर सत्यापन, बीएलओ कार्य प्रगति, डुप्लीकेट प्रविष्टियों की पहचान और सुधार की स्थिति की जानकारी लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे। उन्होंने समयबद्ध रूप से सत्यापन कार्य पूरा करने, प्राप्त दावों और आपत्तियों का निस्तारण प्राथमिकता से करने तथा आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील बरेली स्थित वीआरसी सेंटर का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में आने वाले नागरिकों को सभी सुविधाएँ सहज उपलब्ध कराने तथा लंबित प्रकरणों का निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कस्बे में साफ सफाई की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 7 में इन दिनों नालियों की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। गलियों में नालियों का गंदा पानी भरने से स्थानीय लोगों का जीना दूभर हो गया है। कई जगह सड़कों पर पानी जमा होने से आवागमन मुश्किल हो गया है वहीं बदबू और मच्छरों के प्रकोप से लोग बीमारियों के डर में जी रहे हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि बार-बार शिकायतें करने के बावजूद नगर पंचायत की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। गली-गली में जलभराव लोग परेशान वार्ड नंबर 7कीअधिकांश गलियों में नालियों का पानी सड़कों पर फैल गया है। कीचड़ और बदबू के बीच से लोगों को गुजरना पड़ता है। बच्चों और बुजुर्गों को चलने में काफी दिक्कत हो रही है। स्कूल जाने वाले बच्चे गंदे पानी से होकर निकलते हैं जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। कस्बा निवासी असद अंसारी का कहना है कि कस्बे के केवल प्रमुख इलाके और मुख्य बाजार क्षेत्रों में ही सफाई कराई जा रही है जबकि वार्डों और



पिछड़े मोहल्लों में गंदगी कचरे के ढेर और जाम नालियों से लोग परेशान हैं, नगर पंचायत को इसपर ध्यान देना चाहिए।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# अलका यादव को मिली पीएचडी की उपाधि




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अलका यादव को भगवंत यूनिवर्सिटी, अजमेर से फार्मास्युटिकल साइंस, सिंथेटिक्स ऑफ सुस्टीट्यूट कोमेंरिन ष्डेरिवेटिव्स काउंटइनिंग पैराजोलिन रिंग एंड दी यार इवैल्यूएशन फॉर एंटीमाइक्रोवेल एक्टिविटी में डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई है। यह प्रतिष्ठित उपाधि उनके गहन शोध कार्य पाइराजोलिन रिंग और इसके डेरिवेटिव में रोगाणुरोधी गतिविधि की प्रबल क्षमता, मौजूदा दवाओं के प्रति बढ़ते रोगाणुरोधी प्रतिरोध को देखते हुए, प्रभावी रोगाणुरोधी एजेंटों की खोज में एक महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति उनके योगदान को दर्शाती है। इस उपाधि को प्राप्त करने की लगभग पांच वर्ष की यात्रा/कड़ी मेहनत में कई चुनौतियां थीं, जिन्हें उन्होंने धैर्य और लगन से पार किया। डॉ० नीरज शर्मा सर के मार्गदर्शन में, अलका यादव ने अपने शोध को सफलतापूर्वक पूरा किया। अलका यादव कहती हैं, इस मुकाम पर पहुंचना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। मेरे शोध को पहचान मिलना और इस क्षेत्र में योगदान देना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। अलका यादव ने कई महत्वपूर्ण पेपर पब्लिश किए हैं, वर्तमान में वह रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी,(मेडिकल कॉलेज कैंपस) जनपद- बरेली में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं तथा उनके पति राजेश कुमार, औषधि निरीक्षक, जनपद- बरेली के पद पर तैनात हैं।

## एक नजर

# दहेज हत्या का आरोपी दबोचा, भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** देवरनियां थाना क्षेत्र में दहेज हत्या के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मो. तसलीम (26) पुत्र महबूब शाह निवासी ग्राम इटौआ, थाना देवरनियां, जिला बरेली के रूप में हुई है।



यह गिरफ्तारी मुखबिर की सूचना पर आज रविवार को ग्राम इटौआ से की गई। आरोपी के खिलाफ थाना देवरनियां में धारा 85/115(2)/80(2) बीएनएस व डीपी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, इस संबंध में सलीम पुत्र स्व. भाईजान निवासी कैचू टांडा, थाना अमरिया, जिला पीलीभीत ने थाना देवरनियां में तहरीर दी थी। इसी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

पूछताछ में आरोपी मो. तसलीम ने बताया कि उसकी शादी फिजा पुत्री भाई जान निवासी कैचू टांडा थाना अमरिया जिला पीलीभीत से हुई थी। वह दिल्ली में रहकर सिलाई का काम करता है और पढ़ा-लिखा नहीं है। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि दहेज हत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में वरिष्ठ उपनिरीक्षक नवदीप कुमार, उपनिरीक्षक विजय तेवतिया और कांस्टेबल राजन शामिल थे।

# 13 नवम्बर को निकलेगी विशाल पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर विधानसभा में 13 नवम्बर को एक विशाल पदयात्रा निकाली जाएगी।

विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के नेतृत्व में क्षेत्र के गांव वीजामऊ से सुबह 11 बजे पदयात्रा का शुभारंभ होगा, जो कई ग्रामों से होते हुए शाम को नगर के पटेल चौक पर आकर इसका समापन होगा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार ने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से इस पदयात्रा में शामिल होने की अपील की है।

# 16 नवंबर को जुलूसे परचम कुशाई से होगा उर्से बशीरी मंजूरी का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** 79वें सालना तीन रोजा उर्से बशीरी व मंजूरी का 16 नवंबर को जुलूसे परचम कुशाई के साथ आगाज होगा। 17 नवंबर को आखिरी कुल के साथ उर्स सम्पन्न हो जायेगा। दरगाह कमेटी ने उर्स की तमाम तैयारियां पूरी कर ली हैं। उर्स में बाहर से आने वाले जायरीनों के खाने व ठहरने की बेहतर व्यवस्था की गई है।

नगर के मोहल्ला शेखूपुर में खानकाह ए आलिया मंजूरिया शाहिदिया जामिया गौसिया बशीरूल उलूम में 70वें सालना दो रोजा उर्से बशीरी व मंजूरी के पहले दिन 16 नवंबर को बाद नमाज असर मंजूरी चौक से जुलूसे परचम कुशाई निकाला जायेगा। जुलुसे परचम के वापस दरगाह लौटने पर परचम कुशाई की रस्म अदा होगी। इसी दिन बाद नमाज इशा श्तेरे दर से बादशाहों का गुजारा हो गया, मिसरे पर तरहई मुशायरा होगा। अगले दिन 17 नवम्बर को बाद नमाज फज्र खानकाह शरीफ में सलातो सलाम हल्का ए जिक्र कुरान ख्वानी बाद नमाज जोहर खत्म खव्वाजागान शरीफ होगा। बाद नमाज असर पहला कुल शरीफ होगा। बाद नमाज इशा जलसा ए दस्तारबंदी आयोजित किया जाएगा, जिसमें जामिया गौसिया बशीरूल उलूम बहेड़ी का सालाना जशने दस्तारबंदी (दीक्षांत समारोह) आयोजित होगा, जिसमें इस साल सात छात्रों की दस्तारबन्दी होगी। बाद में रात 2 बजे 79वें सालाना दो रोजा उर्स ए बशीरी व मंजूरी का आखिरी कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। सज्जादानशीन सय्यद फैजी मियां की खुसूसी दुआ के साथ दो रोजा उर्स ए बशीरी व मंजूरी रात में ही सम्पन्न हो जाएगा। उर्स में मुख्य अतिथि मौलाना मुफ्ती सय्यद कफील हाशमी बरेलबी होंगे। वह 17 नवम्बर को जलसे को खिताब करेंगे। उर्स ए बशीरी व मंजूरी के तमाम होने वाले कार्यक्रम सज्जादानशीन सय्यद फैजी मियां, मौलाना सैयद हस्नैन मियां, सय्यद सिब्तैन मियां, मौलाना सय्यद नूरी मियां की निगरानी में होंगे।

# दरगाह ख्वाजा अजमेरी के मुतावल्ली थे सेंथल के पहले नवाब साबिर अली उर्फ फैजुल्ला सानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** सेंथल के पहले नवाब सैयद साबिर अली उर्फ सैयद फैजुल्ला सानी मशहूर ए जमाना शम्शीर बकफ, मुखातिब बा खिताब तातार की पैदाइश 9 नवंबर सन 1690 ई0 को सेंथल के जागीरदार सैयद शर्फुद्दीन महबूब ए शाही के घर हुई। आप अपने भाईयों में सबसे बड़े थे। आपकी वालिदा का नाम सैयदा अजीष्जुन्निसां बेगम उर्फ बेगम रहीमी था जो निहायत ही रहम दिल खातून थीं। इनका ताल्लुक कासगंज के करीब सहावर के तिरमिजी सैयद खानदान से था, इनके वालिद का नाम सैय्यद कासिम सादुल्लाह था जो मुगल



दरबार में मनसबदार रहे, इन्हीं के परपोते मुफ्ती वली उल्लाह साहब गुजरे हैं जिन्होंने तारीखष् फर्रुखाबाद लिखी और शहर में 114 बीघा जमीन पर एक मदरसा कायम किया। सैयद शर्फुद्दीन महबूब ए शाही एहदे आलमगीर में बड़े मनसबदारों में शुमार किए जाते थे मुगल दरबार की तरफ से उनको ष्महबूब ए शाहीष का खिताब मिला था।

सैयद साबिर अली तमाम उलूमो के साथ फने सिपाहगरी में माहिर होने की वजह से अपने वालिद के साथ कम उम्र में ही दरबारे शाही से जुड़ गये। सैयद जलालुद्दीन लाड़ बारह की जागीर के आपसी बंटवारे में सेंथल सैयद साबिर अली के हिस्से में आयी जिसकी हैसियत जागीर की राजधानी की थी, इसके लिए एचआर नेविल के डिस्ट्रिक्ट गजेटियर आफ दी यूनाईटेड प्रोवीनेंस आफ आगरा एंड अवध 1911 में दर्ज है कि सेंथल को खुद एक सैयद अमानुल्लाह द्वारा बसाया गया है, जिसने किसी दिल्ली के सुल्तान से इस जमीन का फरमान हासिल किया था, और इस जगह पर अभी भी उनके बहुत सारे वंशज मौजूद हैं। उनमें से एक इस जमीन के हिस्से का मालिक है। वाजिबुल अर्ज सेंथल में नवाब सैयद साबिर अली के वंशज गालिब अली व महबूब अली के अलावा जो दीगर नाम आये हैं वो नवाब सैयद साबिर अली की फुपी का तर्का हैं। तिरीख की किताब 'असनादुद सनादीद' व बहादुर शाह नामा के अलावा अखबारात ए दरबारे मुगलिया के हवाले से नस्बनामा व रोजनामचा सेंथल, लेखक मीर मौहम्मद जफर साहब में दर्ज है कि जंग के जाजूजन जीतने के बाद मिर्जा मुअज्ष्जम शाह बहादुर शाह अव्वल ने इनको ष्नवाबष के खिताब से नवाजाष् और 'तातार' का लक्ब अता किया और साथ ही इनको दरगाह ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी रह0अलै0 का मुतावल्ली बनाया गया तथा सूबा अजमेर में एक जागीर भी दी गयी। किताब अट्ठारवीं सदी के दौरान अजमेर शहर का राजनीतिक, प्रशासनिक और आर्थिक इतिहास के लेखक सैयद लियाकत हुसैन के अनुसार 20 जीकाद मुताबिक 10 फरवरी 1708 को बादशाह बहादुर शाह अव्वल की तरफ से शाही मंसबदार व कैलीग्राफिस्ट बहाउद्दीन ने नवाब सैयद साबिर अली को खिलअत व एक कष्ुरान की कापी पेश की। इसी दौरान जब बादशाह बहादुर शाह अव्वल ने अजमेर की तरफ कूच किया तो उनकी अगुवाई नवाब सैयद साबिर अली तातारी ने बढ़कर की।

नवाब सैयद साबिर अली तातारी अपनी अजमेर की जागीर की आमदनी का एक बड़ा हिस्सा अजमेर के कुछ मंदिरों और दक्षिणी भारत के एक बहुत पुराने मंदिर जिसका जीर्णोद्धार इनके पूर्वज सैयद जलालुद्दीन लाड़ बारह ने मुगल बादशाह अकबर के दौर में करवाया था, उसके लिए वक्ष्फ कर दिया था जोष् उनके वंशज नवाब सैयद गालिब अली तातारी तक चलता रहा और 1857 ई0 के बाद अंग्रेजी हुकूमत द्वारा इनकी जागीर के जब्त होने के बाद बंद हो गया। नवाब सैयद साबिर अली तातारी का इंतकाल 10 जनवरी सन 1757 ई0 को हुआ।

# जनपद में अलग-अलग स्थान पर दो हत्याओं से सनसनी

## एक का शव निरोजपुर गांव के समीप व दूसरे का लधवाड़ी मोड़ के पास मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** निवाली गांव निवासी शेखर की देर रात निरोजपुर गांव के समीप गोली मारकर हत्या कर दी गई। शेखर हरियाणा में प्राइवेट नौकरी करता था और रात में डयूटी से घर लौट रहा था। परिजनों को उसके घर लौटने में देरी की चिंता हो रही थी, तभी रात करीब 2 बजे पुलिस ने फोन पर शेखर का शव मिलने की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक शेखर निवाली गांव का रहने वाला था। वह पिछले पांच वर्षो से हरियाणा में निजी नौकरी कर रहा था और प्रतिदिन गांव से आना-जाना करता था। शेखर के चाचा योगेश ने बताया कि परिवार की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। उन्होंने यह भी बताया कि परिवार रात में शेखर के घर लौटने का इंतजार कर रहा था, लेकिन पुलिस के फोन से उन्हें घटना की जानकारी मिली। योगेश ने बताया कि शेखर के शरीर पर एक गोली लगी हुई थी, जिसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो पाएगी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि हत्यारों का सुराग मिल सके। मृतक के परिवार में एक भाई और एक बहन हैं। शेखर अपने परिवार में अकेला कमाने वाला सदस्य था। घटना के बाद से परि. जनों का रो-रोकर बुरा हाल है और स्थानीय लोग उन्हें सांत्वना दे रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



मृतक का फाइल फोटो



मृतक का फाइल फोटो









वही दूसरी, कोतवाली क्षेत्र के लधवाड़ी मोड़ के पास एक इंजी. नियर का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान निरोजपुर गांव निवासी अनुज के रूप में हुई है, जो हरियाणा की एक कंपनी में इंजी. नियर के पद पर कार्यरत था।

जानकारी के अनुसार, अनुज पुत्र देवेंद्र रात करीब 12 बजे अपने घर लौट रहा था, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। पुलिस ने परिजनों को फोन कर घटना की सूचना दी। परिजनों ने आरोप लगाया है कि अनुज की हत्या लूट के इरादे से की गई है। उनके अनुसार, अनुज के गले पर गहरे निशान पाए गए हैं। पीड़ित परिजनों ने बताया कि अनुज हरियाणा में इंजीनियर था और रात में उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। देवेंद्र कुमार ने यह भी बताया कि अनुज की गाड़ी और मोबाइल भी लूटा गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही अनुज की मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक जिला बदी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली पुलिस ने एक जिला बदर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरा. पी सलमान को पकड़ा। उसके कब्जे से एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार, सलमान को आपराधिक मामलों के चलते जिला बदर किया गया था। वह जिला बदर की समय सीमा समाप्त होने से पहले ही जनपद में घूम रहा था और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। एसपी सूरज राय के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ और अपराधों की रोकथाम के लिए निरंतर अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में यह गिरफ्तारी हुई है। खेकड़ा कोतवाली प्रभारी प्रभाकर केन्तुरा ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान जिला बदर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, परिवार में शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिनौली थाना क्षेत्र के माखर गांव में एक 22 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला। खेतों में काम करने गए किसानों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान माखर गांव निवासी सोनू के रूप में हुई है। वह हरियाणा में जेसीबी चलाने का काम करता था और दो दिन पहले ही अपने घर आया था। मृतक के भाई ने बताया कि घर में सब कुछ ठीक था और किसी से कोई लड़ाई-झगड़ा नहीं हुआ था। सुबह खेतों में काम करने वाले किसानों ने उन्हें बताया कि उनके भाई का शव एक पेड़ पर लटका हुआ मिला है। भाई ने यह भी जानकारी दी कि सोनू भट्टे पर ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। वह दो दिन पहले एक शादी में शामिल होने के लिए गांव आया था। परिजनों को इस बात का कोई अंदाजा नहीं है कि उसने आत्महत्या क्यों की। परिवार ने भी मामले की गहन जांच की मांग की है। बिनौली थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



मृतक का फाइल फोटो

## एक नजर

### घर के बाहर बैठे युवक पर फायरिंग करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सांकलपुट्ठी गांव में एक युवक पर जानलेवा हमला करने और घर पर फायरिंग करने का आरोप लगा है। पीड़ित ने थाना चांदीनगर ने 6 लोगो के खिलाफ तहरीर दी है। सांकलपुट्ठी निवासी सुनील पुत्र नेपालसिंह ने बताया की वह 7 नवम्बर में घर के बाहर बैठा था समीप ही उसके पास एक बच्चा हर्ष भी कुर्सी पर बैठा था तभी गांव का अकुंर काला पुत्र राम किशन तेजगति से कार लेकर पहुंचा और उसे टक्कर मारने का प्रयास किया जिससे वह वहा से कूद हट गया और उसकी कार का टायर बच्चे हर्ष के पांव पर चढ गया और वह वहा से फरार हो गया 8 नवम्बर को वह देर शाम घर के बाहर बैठा हुआ था तो अकुंर बाईक से वहा पहुंचा और उस पर सरिये से वार किया वह जान बचाता हुआ घर की और भागा तो अकुंर ने उस पर फायरिंग भी की तभी उसके भतीजे अखिल ने 112 पर पुलिस को सूचना दी मौकें पर पुलिस भी पहुंची तो अकुंर वहा से फरार हो गया वह थानें रिपोर्ट दर्ज कराने आया तो पीछे से अकुंर, लोकेन्द्र, कालू, विशेष, रिंकू सतेन्द्र ने उसके घर पर फायरिंग की जिसके बाद परिवार दहशत मे है। पीड़ित ने थानें मे 6 लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस जांच मे जुटी है।

# अज्ञात हमलावरों ने की अधिवक्ता व उसके चचेरे भाई पर फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार देर रात मीतली-बसौद गांव के बीच नहर मार्ग पर विशेष लोक अभियोजक इंद्रपाल गुर्जर के छोटे भाई अधिवक्ता रविंद्र और उनके चचेरे भाई प्रवेश पर अज्ञात हमलावरों ने गोली चला दी। गोली प्रवेश की कमर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया।



जानकारी के अनुसार, बुढेड़ा गांव निवासी विशेष लोक अभियोजक इंद्रपाल गुर्जर के बेटे की शादी पर भात नौतने की रस्म के लिए परिवार के सदस्य शनिवार को पाबला गांव गए थे। रस्म पूरी होने के बाद अन्य सभी सदस्य गाड़ियों से वापस लौट गए, जबकि अधिवक्ता रविंद्र और उनके चचेरे भाई प्रवेश बाइक से देर रात लौट रहे थे। जैसे ही वे मीतली-बसौद मार्ग पर मंदिर से आगे नहर के रास्ते पर पहुंचे, अचानक पीछे से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। रविंद्र ने बताया कि गोली लगने के बाद पीछे बैठे प्रवेश ने कमर में दर्द की शिकायत की। कुछ दूरी पर बाइक रोककर देखने पर पता चला कि प्रवेश की कमर में गोली लगी थी। रविंद्र ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल प्रवेश को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। घटना की जानकारी मिलते ही एएसपी प्रवीण कुमार चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने आसपास के क्षेत्र की तलाशी लेकर साक्ष्य जुटाए। इस मामले में एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही हमलावरों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक और कार की भिड़ंत में महिला सहित दो घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस -वे पर लहचौड़ा के समीप ट्रक और कार की भिड़त मे महिला सहित दो लोग घायल हो गये।

पाबला निवासी अनुज अपने भाई सुबोध और महिला रोशनी के साथ ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस -वे से होते हुए गाजियाबाद की और जा रहे थे लहचौड़ा के समीप वह रांग साइड़ खड़े थे तभी गाजियाबाद की और से ट्रक चालक मुनेश निवासी भोपुरा आ रहा था जिसकी कार से भिड़त हो गयी जिसमे सुबोध और रोशनी को मामूली चोटे लगी है।

# मंदिर में जो छत्र हम चढ़सते हैं वह हमेशा शुद्ध कपड़ों में चढ़ाना चाहिए:मुनिराज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के अतिथि भवन मेंआचार्य श्री 108 नयन सागर मुनिराज ने धर्म श्रावको को संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर में जो छत्र हम चढ़सते हैं वह हमेशा शुद्ध कपड़ों में चढ़ाना चाहिए। अशुद्ध कपड़ों में चढ़सने से अविनय होती है। भक्तांबर की साधना करनी चाहिए। उसको पढ़ने से दुष्ट कर्मों का विनाश होता है जब भी धर्म करो मन को स्थिर करके करना चाहिए क्योंकि तेज गति से किए गए धर्म से पुण्य कम पाप ज्यादा मिलता है क्योंकि इसमें अशुद्ध की संभावना ज्यादा होती है। मल्लिनाथ भगवान की जयमाला साक्षात आगम है आचार्य श्री ने कहा कि 14, 15, 16 नवंबर को सभी श्रावक अपने परिवार सहित मान स्तंभ प्रतिष्ठा महोत्सव में सम्मिलित हो एवं धर्म लाभ उठाएं आज मुजफ्फरनगर सहारनपुर से भी श्रावक पधारे थे और धर्म लाभ लिया। दिनेश जैन गौरव जैन अनुराग मोहन राजेश जैन सुधीर जैन बबलू विनीता राखी श्वेता आदि ने भाग लिया।

# तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** फ़जलपुर के शांति देवी कन्या इंटर कालेज में चल रही तीन दिवसीय नौवी चौधरी हरबंश लाल स्मृति बालिका खेलकूद प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया, जिसमें शांति देवी कन्या इंटर कालेज ओवरआल चौंपियन बना। प्रतियोगिता में आसपास के दस विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभा दिखाई। अंतिम दिवस हुई सीनियर कबड्डी स्पर्धा के फाइनल में शांति देवी कन्या इंटर कॉलेज की टीम ने धर्म सिंह सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज बड़का की टीम को 67/19 से शिकस्त देकर खिताब जीता, जबकि खोखो स्पर्धा के फाइनल में शांति देवी कन्या इंटर कालेज की टीम आर्य कन्या इंटर कालेज को 22/12 से हराकर विजेता बनी।




जूनियर लंबी कूद में अंतिम फजलपुर प्रथम, प्रीति जिवाना द्वितीय तथा लवी बडका तृतीय रही। ऊंची कूद में वंशिका फजलपुर प्रथम, सीतू बडका द्वितीय तथा प्रियांशी तृतीय रही। विजेता टीमों के खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि व्यवसायी ललित अग्रवाल, एसडीएम कंझावला दिल्ली वीरेंद्र सिंह, एसीपी सुरेंद्र कुंगा, संजीव चौधरी आदि ने ट्राफी, प्रमाण पत्र व मेडल देकर पुरस्कृत किया। संयोजक नरेश वर्मा ने अतिथियों को साल, स्मृति चिन्ह व वैदिक साहित्य भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान राकेश, प्रेरणा, सपना, सतीश चंद, विनोद, जयभगवान, संगीता, सर्वेंद्र भारद्वाज, वेदप्रकाश, रामकिशन, गिरवर, गायत्री, आस्था आदि मौजूद रहे।

# पशु की मौत से किसानों ने प्रदर्शन कर की मुआवजे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव मे पशुओं मे फैली बीमारी से पशुओं के मरने का सिलसिला जारी है। गांव में एक और किसान की भैस बीमारी के चलते मौत हो गयी है। किसानों ने प्रर्दशन करते हुए पीड़ित को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

ढिकोली गांव में पशुओं में बीमारी के चलते अब तक 200 पशुओं से ज्यादा की मौत हो चुकी है। गांव के ही मनीष पुत्र राजसिंह की एक भैस की मौत होने से गांव के लोग परेशान है। गांव के लोगो ने बताया कि मनीष की भैस की कीमत 1 लाख से ज्यादा थी जिससे उसे नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव मे लगातार आ रही है। फिर भी पशु लगातार बीमार चल रहे है।



पशुओं मे बीमारी के चलते दो दिन पहले सन्नी पुत्र बिजेन्द्र की कटिया की भी मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने प्रर्दशन करते हुए पीड़ित लोगो को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से कर रहा है विकास




**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**बड़ौत।** नगरपालिका परिषद मे भाजपा द्वारा मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यशाला व आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर प्रोफेशनल मीट का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मेरठ के पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि हम आत्मनिर्भर बनें दुसरे पर निर्भर ना बने। उन्होंने कहा आत्मनिर्भर भारत अभियान का लक्ष्य देश को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है, ताकि हम अपनी जरूरतों के लिए किसी अन्य देश पर निर्भर न रहे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। सरकार ने स्थानीय उद्योगों और व्यापारियों को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिससे नए रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने जोर दिया कि आज भारत की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है और पड़ोसी देश भारत की प्रगति से अचंभित हैं। उन्होंने कहा हम अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दे। सरकार ने स्थानीय उद्योगों और व्यापारियों को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिससे नए रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने जोर दिया कि आज भारत की आर्थिक स्थिति सुख्रढ़ हो रही है और पड़ोसी देश भारत की प्रगति से अचंभित हैं। उन्होंने कहा हम अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दे।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** थाने की मिशन शक्ति टीम ने रविवार को बरनावा व बिनौली गांव में मुख्य चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूक किया। महिला शक्ति टीम प्रभारी शीलेश चौधरी ने महिलाओं को कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए तुरंत सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल कर सूचना दें। उन्होंने इस दौरान महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर व सरकार द्वारा बालिकाओं के कल्याण के लिए चलाई जारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान एसआई दीपशिक्षा, कुसुम लता राघव, महिला कांस्टेबिल मनीषा पंवार, निखिल आदि भी शामिल रहे।

# केपी मलिक के छोटे भाई की श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जन सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** प्रदेश सरकार में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री केपी मलिक के छोटे भाई रविंद्र मलिक की श्रद्धांजलि सभा में राजनीतिक व सामाजिक लोगों के साथ साथ स्थानीय लोगों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। रॉयल स्टैंप मंडप में सुबह से लेकर देर शाम तक रविन्द्र मलिक को श्रद्धांजलि के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही।



इस दौरान पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री डा.सत्यपाल सिंह, डा.संजीव बालियान, राज्यमंत्री व प्रभारी मंत्री जशंवत सैनी, सांसद डा.राजकुमार सांगवान, विधायक योगेश धामा, पूर्व विधायक सहेन्द्र सिंह रमाला, बिजनौर सासंद चंदन चौहान, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, राज्य सूचना आयुक्त राजेन्द्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष पति जय किशोर, मेरठ जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, जिला सहकारी बैंक चौयरमेन विकल शर्मा, अमरोहा विधायक महेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक उमेश मलिक, प्रदेश मंत्री डा.चन्द्रमोहन, जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, नीरज शर्मा सूरजपाल सिंह, पूर्व चौयरमेन डा.अमित राणा, जिला महामंत्री एडवोकेट बिजेंद्र शर्मा, राकेश जैन, नीरज कौशिक जिला मीडिया प्रभारी डा.पवन शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष सतबीर बड़का सचिन शर्मा जागौश आदि मौजूद रहे।

# सीएमओ ने पीएचसी पटवाई एवं पंजाबनगर में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पटवाई एवं पंजाब नगर में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स एवं अन्य कर्मचारी मौजूद मिले।

चिकित्सालय परिसर में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पायी गयी, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई कराये जाने हेतु चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में अधिक से अधिक रोगियों के आने हेतु पर्याप्त मात्रा में प्रचार-प्रसार कराया जाए, जिससे अधिक से अधिक आम जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक एवं उपस्थित स्टाफ को निर्देशित किया कि चिकित्सालय में आने वाले रोगियों और उनके तीमारदारों के साथ चिकित्सा कर्मियों द्वारा मधुर व्यवहार करते हुए चिकित्सीय कार्य संपादित किये जायें और निरीक्षण में पायी गयी कमियों पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

# अर्बन आयुष्यमान आरोग्य मंदिर में उपस्थित मिले सभी चिकित्सक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान आरोग्य मेला प्रत्येक रविवार को आयोजित होता है। इस दिन आरोग्य मेले में रोगियों के स्वास्थ्य की जांच कर चिकित्सा दी गई। एसीएमओ डा. सत्यमूर्ति तोमर ने केमरीक्बरेली गेट और अजीतपुर आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जांच के दौरान कहा कि केमरी, बरेली गेट और अजीतपुर आरोग्य मंदिर में आयोजित मेले में सुबह से ही मरीजों की भीड़ मिली।

मेले का मुख्य उद्देश्य बदलते मौसम में फैल रही मौसमी बीमारियों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना और उन्हें तत्काल उपचार उपलब्ध कराना था। मेरे निरीक्षण के दौरान मेले में सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार, सिरदर्द और बदन दर्द के सर्वाधिक मरीज पहुंचे मिले जिनकी मौके पर मौजूद चिकित्सकों ने जांच कर दवाएं देते हुए वायरल संक्रमण से बचाव के लिए सावधानियां बरतने की जानकारी दी। डा. तोमर ने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण वायरल बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने ग्रामीणों को पौष्टिक भोजन और पर्याप्त विश्राम पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। कहा कि मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए अपने घरों और आसपास साफ-सफाई बनाए रखने जरूरी है। इस दौरान अर्बन समन्वयक मोहम्मद अनादिल भी साथ मौजूद रहे।

# विधिक सेवा दिवस जन जागरूक कार्यक्रम हुआ आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** ब्लॉक स्तर पर विधिक सेवा दिवस जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक मिलक में पीएलबी आरफा द्वारा इस दिन को विधिक सेवा दिवस के तहत प्राधिकरण अधिनियम और वादिकारियों के अधिकारों को विभिन्न प्रावधानों से अवगत कराने के लिए मनाया गया। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य समाज के कमजोर और वर्गों के लोगों को के लिए नि:शुल्क प्रवीण और कानूनी सेवाओं के बारे में समझाया गया।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण न्याय तक आपकी पहुंच मुफ्त कानूनी सलह और सहायता के लिए टोल फ्री, हेल्पलाइन नंबर के बारे में प्रचार और प्रसार किया गया और इससे संबंधित पंपलेटो का वितरण भी किया गया।

# गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी के 350 साल होने पर निकले नगर कीर्तन का हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** जगतगुरु तेग बहादुर जी के शहीदी के 350 वर्ष पर रामपुर से निकले महान नगर कीर्तन का नगर पहुंचने पर जिसका विभिन्न राजनी. तिक धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह स्वागत किया। रामपुर के हाथी खाना चौराहे के पास स्थित गुरुद्वारे से शुरू होकर महान नगर कीर्तन ने पटवाई होते हुए नगर के रेलवे फाटक से नगर में प्रवेश किया। जिसका रेलवे फाटक के पास गुरुद्वारा सिंह सभा प्रबंधक कमेटी सहित सिख समाज ने स्वागत किया नगर कीर्तन नगर के पटवाई रोड, स्टेशन रोड से होता हुआ में रोड स्थित गुरुद्वारा पहुंचा



जहां से बिलासपुर के लिए रवाना हो गया। नगर कीर्तन का विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने विभिन्न स्थानों पर पंच प्यारों और सेवादारों का स्वागत किया। नगर कीर्तन इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष पति भाजपा नेता कु. नरेंद्र सिंह गंगवार, सभासद अमरजीत सिंह माटा, स. महेंद्र सिंह, स.हरजीत सिंह, स.जसपाल सिंह, स. जगतार सिंह, स. गुरमीत सिंह, स. हरविंदर सिंह, चंद्रभान मित्तल आदि मौजूद रहे।

# चौकी पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एव अपराधियों के विरुद्ध चलिए जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी स्वार के पर्यवेक्षण मे चौकी पुलिस द्वारा एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष किया पेश।

चौकी पुलिस ने मानपुर उत्तरी गांव में छापेमार कार्रवाई करते हुए वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मसवासी पुलिस ने मानपुर उत्तरी गांव में छापेमार करवाई कर अपराध मे वांछित चल रहे एक वारंटी इश्त्याक पुत्र नन्नू निवासी मानपुर उत्तरी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है जहां से जेल भेज दिया गया है।

# पीएचसी धमोरा का चिकित्सा अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/ रामपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमोरा का मिलक के चिकित्सा अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण कर दिए जरूरी दिशा निर्देश।

तहसील क्षेत्र के धमोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर बासित अली के द्वारा किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इमरजेंसी रूम, औषधि भंडार तथा उपस्थिति रजिस्टर भी चेक किए गए तथा डेंगू जांचों की संख्या आदि की जांच की गई।

जिस संबंध में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर बासित अली ने अपने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस अवसर पर पीएचसी का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# किसान नेता के देहांत पर पहुंचे सांसद ने शोक संवेदना व्यक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता जागीर सिंह का दिल का दौरा पड़ने पर आकस्मिक निधन हो जाने पर सांसद मोहिबुल्लाह नदवी किसान नेता के घर बिलासपुर सिंह कॉलोनी पहुंचे।

सांसद नदवी ने किसान नेता की मौत पर उनकी आत्मा शांति के लिए 2 मिनट का मोन रखा तथा परिजनों से मुलाकात कर गहरा शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरदार जागीर सिंह का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उनकी सादगी मिलनसार स्वभाव और समाज सेवा के जज्बे को भुलाया नहीं जा सकता। वह किसानों के सच्चे हमदर्द थे जिन्होंने हमेशा खेत खलियान और मेहनतकश तव्के के हक की लड़ाई।

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी शाहाबाद क्षेत्र के ग्राम मीरापुर में गंभीर सिंह यादव की बहन की शादी में शामिल हुए।



सांसद नदवी ने पटवाई क्षेत्र के ग्राम कूप मे पीडीए की पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हर मजलूम पिछड़े दलित हर वर्ग के साथ खड़े तथा सभी वर्ग के मुद्दों की लड़ाई लड रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कहना है कि अब हमें ग्राम पंचायत की परिभाषा भी बदलनी होगी और हर जरूरी काम ग्राम पंचायत में भी शहर की तर्ज पर होना चाहिए। पिछली सपा सरकार में लोगों को एक फोन करने पर पुलिस की सुविधा तथा स्वास्थ्य की सुविधा के रूप में एम्बुलेंस तुरंत उनके घर पहुंच जाती थी और लोगों को शीघ्र लाभ मिलता था।

उत्तर प्रदेश सरकार ने रोजगार के अवसर पैदा नहीं किया जिससे लोग बेरोजगार हो गए हैं। हमारे जिले में आसपास के जिले में कोई भी सरकारी मेडिकल कॉलेज नहीं है। मौजूदा उत्तर प्रदेश सरकार ने रोजगार व स्वास्थ्य पर कोई ध्यान नहीं दिया है सरकार हर एक मुद्दे पर फैल रही है। उ

त्तर प्रदेश सरकार धर्म के आधार पर सभी वर्गों को बांटना चाहती है आम जनता मैं अभी से अपना मूड बना लिया है और वह 2027 में मौजूदा उत्तर प्रदेश सरकार को हटा देगी अब जनता भी परिवर्तन चाहती है।

इस दौरान सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट, नगर पालिका रामपुर प्रतिनिधि डॉक्टर अब्दुल सलाम, शाहाबाद नगर पालि. का प्रतिनिधि नसीम मियां, बिलासपुर नगर पालिका प्रतिनिधि अतहर खान, बदन सिंह यादव, याकूब खान, अनस खान, नरेश यादव, अल्ताफ हुसैन, सलीम, नासिर शेख, जुबेर अहमद, ओवैस खान, रिंकू सिंह, खुशीराम यादव, अरशद अली एडवोकेट, जमील सैफी, कलवे अली आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों के विवाद में जमकर हुई मारपीट चले ईट पत्थर पुलिस को सौंपी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर के मोहल्ला चाऊपुरा निवासी सलमा पत्नी अफजल ने पुलिस चौकी को सौंपी। तहरीर में शिकायत की है कि रविवार को उसके बच्चे घर पर थे तभी घर में पत्थर आने शुरू हो गए जब उसने बाहर को देखा तब बच्चे पत्थर मार रहे थे। इस मामले की शिकायत पत्थर मारने वाले बच्चों के पिता इकबाल पुत्र इकरार से की गई। तब इकबाल व उसकी पत्नी रूबी आरिफ पुत्र अमीर ब उसकी मां चांदनी लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट की शोर शराबा होने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और किसी तरह बीच बचाव किया और मामले को रफा दफा किया। इस मामले की शिकायत सलमा ने पुलिस को तहरीर सौंपकर की है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# विश्व हिंदू परिषद की बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर हुई गई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** रविवार की दोपहर सर्व हितकारी इंटर कॉलेज में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड स्वार ग्रामीण की मासिक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि अमरनाथ वाल्मीकि जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद रहे, जिला मंत्री चंद्रपाल भी साथ में रहे। अमरनाथ ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया, तथा बैठक में सभी से संगठन विस्तार करने के ऊपर कार्य करने के विषय में चर्चा की गई व वर्ष में एक बार धर्म रक्षा निधि का कार्यक्रम होता है उसके लिए सभी से धर्म रक्षा निधि एकत्रित करने का आग्रह किया।



बैठक में अर्जुन कुमार गुप्ता अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ग्रामीण आकाश मौर्य प्रखंड संयोजक बजरंग दल संजय पाल गोरक्षा प्रमुख, जितेंद्र सैनी, सौरभ, सूरज दिवाकर, आकाश मौर्य, जमना प्रसाद, विक्की मौर्य, सोनू मौर्य, अरुण कश्यप, सर्वेश सैनी, राज. कुमार, सूरज मौर्य, विनीत, राजा आदि मौजूद रहें।

# शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन कर किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** थाना पुलिस ने उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में शनिवार को पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन में महिला सुरक्षा दल थाना सैफनी द्वारा क्षेत्रांतर्गत छात्र छात्राओं को सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन कर जागरूक किया गया।

कार्यशाला में छात्राओं को महिला संबंधी अपराध विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1930 साइबर क्राइम, 1090 वूमेन पावर लाइन, 181महिला हेल्प लाइन, 108एंबुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

# 2 नफर वारंटी को गिरफ्तार किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** रविवार पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 2 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शनिवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी इश्तयाक पुत्र नन्हू निवासी मानपुर उत्तरी 2 अरुण सैनी पुत्र दीनदयाल निवासी चक स्वार को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 अजय कुमार शुक्ला, सुग्रीव सिंह, हे0का0, प्रमोद कुमार, अंकुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन- एस.आई.आर जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री

**शानदार प्रजातंत्र की ताकत को शरारतपूर्ण परिवारतंत्र की आफत से बदनाम करने की बकैती बेनकघब हो रही है: नकवी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने रामपुर दौरे पर कहा कि किसी भी भारतीय मुसलमान की ना नागरिकता खतरे में है ना मताधिकार। नकवी ने आज रामपुर में कोयला ग्राम पंचायत के ग्राम मिलक विचौला में आयोजित स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन- एस.आई.आर जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि



कुछ छद्म सेक्युलर छल छत्र सुनियोजित सियासी साजिश के तहत हर संवैधानिक सुधार पर सांप्रदायिक प्रहार के जरिए मुसलमानों को राजनैतिक हाशिए पर खड़ा करना चाहते हैं, ताकि उनमें असुरक्षा का बीज बो कर वोटों की फसल काट सकें। नकवी ने कहा कि इसी अपराधिक साजिश के जरिए थोक में मुसलमानों का वोट लेने वाले राजनैतिक दलों ने फुटकर में भी उनका सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और सियासी सशक्तिकरण नहीं किया। नकवी ने कहा कि शानदार प्रजातंत्र की ताकघ्त को शरारतपूर्ण परिवारतंत्र की आफतष्से बदनाम करने की बकैती बेनकघब हो रही है। वोटर लिस्ट विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर काल्पनिक भय-भ्रम का भंवरजाल फैलाने वाले साजिशी सिन्डीकेट के सियासी संक्रमण से सावधान रहना होगा।

वैध मतदाताओं की सुरक्षा, अवैध मतदाताओं की समीक्षा प्रभावी प्रजातंत्र के चुनावी व्यवस्था की निरंतर प्रकिया है। नकवी ने कहा कि साजिशी षड्यंत्र से ष्संवैधानिक जनतंत्र को बदनाम करने में लगी लफ्फाजी की लम्पट लॉबी कभी हाइड्रोजन बम का फुका गोला तो कभी हथकंडों का थका झोला लेकर, प्रजातंत्र को परिवार तंत्र का बंधक बनाने की सनक-साजिश में लगे हैं।

नकवी ने कहा कि वोट चोरी की पिटी पटकथा पर विदेशी मॉडल का टशन भी सत्तालोलुप सुल्तानों के मिशन को टायं टायं फिस्स होने से नहीं बचा पाया, डायनेस्टी के डिफॉल्टर डपोरशंखों की लम्पट सोंच उनकी लुटिया डुबाऊ लोच साबित हो रही है।

नकवी ने कहा कि वोट चोरी के साजिशी शोर के बीच बिहार में बम्पर वोटिंग ने साबित कर दिया कि सुनियोजित साजिशों का भौकाल चुनावी चौपाल पर चारो खाने चित हुआ, मतदान के प्रति लोगों को हतोत्साहित करने की अपराधिक अराजकता नाकाम हो गई है। जनता की बम्पर वोटिंग, जनतंत्र की बम्पर विक्ट्री का संदेश है।

विपक्षी गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि श्कौड़ी का ठिकाना नहीं, करोड़ों की ठिठौली में लगा झूठ और झांसे के झुंड की झालर में शार्ट सर्किट हो चुका है, चुनाव में बीजेपी से फाइट से अधिक फ्रेंडली फाइट में डटे हैं। गठबंधन सामन्ती सनक से नहीं सियासी समझ से सफल होता है, सामन्ती सियासत के सत्तालोलुप सुल्तानों को समझना होगा सरकार सामन्ती टशन से नहीं सुशासन के मिशन से बनती चलती है, सत्ता जन्मसिद्ध अधिकार नहीं जनादेश का उपहार होता है, जिसे किसी सामंती सियासत, सुल्तानी विरासत का मोहताज और मातहत नहीं बनाया जा सकता।

घमंडिया घरानों के घोंचूं घनचक्करों की धाराप्रवाह धूर्तता ने कांग्रेस को श्घर से घरौंदा, घरौंदे से घोंसला, घोंसले से घोंचू का चोचला बना दिया है। हिट एन्ड रन के खेल में कांग्रेस तो हिट विकेट हो रही है साथ ही अपने साथियों को भी बिना रन के रन आउट करा रही है और बाउंड्री के बाहर से गाना गा रही है, हम तो डूबे हैं सनम। तुमको भी ले डूबेंगे।ष उत्तर प्रदेश में भी सत्ताइस के चुनावी समर में सत्तालोलुप सुल्तानों का सुरूर और गुरूर फिर एक बार चकनाचूर होगा और भाजपा का सुशासन सफर आगे बढ़ता रहेगा, मुसलमानों को भी भाजपा हराओ रिवाज, मिजाज पर आत्मचिंतन करना होगा, वरना भाजपा से दूरी को छद्म सेक्युलर सिंडिकेट मुसलमानों की मजबूती बना उनका राजनैतिक शोषण करते रहेंगे।

भाजपा के प्रति अस्पृश्यता के रिवाज के बजाय अंतरात्मा के मिजाज से चुनाव में अपने मताधिकार की ताकघ्त का इस्तेमाल करना मुल्क और मुसलमानों के लिए वक्त की जरूरत है, अपने वोटों को वोट के सौदागरों की सम्पति नहीं, बल्कि अपने सम्मान, समृद्धि, सशक्तिकरण की सम्पत्ति बनाना होगा।

अपने दो दिवसीय प्रवास पर आज रामपुर पहुंचे नकवी रामपुर निवासी चिरंजीव गुड्डू की माता जी के स्वर्गवास से शोकाकुल परिवार से मिलने उनके निवास गए और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी और श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, अभय गुप्ता, हंसराज पप्पू, भूकंप लोधी, पूरन लोधी, जगपाल यादव प्रदीप गुप्ता रवि रोहिल्ला, कपिल आर्य, रविंद्र रवि, संजय नरूला, अर्चना गंगवार, विवेक पांडे, रजनीश पटेल, सतनाम सिंह, मोहन लोधी, भारत भूषण गुप्ता, संजय चंद्रा, सोनू लोधी, अजय सैनी, कृष्ण अवतार लोधी, पूरन प्रधान, दिनेश शर्मा, पन्नालाल सैनी, लालता प्रसाद, कांता प्रसाद, मो. हनलाल, इरशाद, ताहिर, मोहसिन नकघ्वी, लाल सिंह, विजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# वन विभाग की टीम ने टाण्डा क्षेत्र में आरा मशीन पर मारा छापा

**एक अवैध आरा मशीन को जेसीबी से उखाड़ा, दूसरी सील**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** रविवार को पूर्वाह्न वन विभाग की टीम ने नगर के करीबी गांव रतुआ नगला में स्थित आरा मशीन पर छापेमारी की। जहां मौके पर तीन आरा मशीन संचालित पाई गईं। जबकि संच. ालक के पास दो मशीनों का लाइसेंस पाया गया। एक परिसर में एक लाइसेंस पर दो मशीनें संचालित थीं, जिनमे दोनों ही वर्टिकल कंडीशन में चल रही थीं। एक मशीन लाइसेंसी जबकि दूसरी अवैध रूप से चलाई जा रही थी। जबकि दीवार के पार बराबर में ही एक अन्य मशीन का संचालन लाइसेंस से किया जा रहा था। आरोप है कि मशीन संचालक ने वन दरोगा से अभद्रता की, जिसकी सूचना उनके द्वारा विभागीय उच्च अधिकारियों को दी गई। इसके



बाद मुरादाबाद मंडल से विभाग का उड़न दस्ता क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार जौहरी के नेतृत्व में फोर्स के साथ मौके पर पहुंचा और अभिलेखों का भली भांति अवलोकन करने के बाद एक मशीन को जेसीबी की मदद से उखाड़ कर जब्त कर लिया गया, जबकि दूसरी मशीन को सील कर दिया गया। बताते हैं कि मौके पर कुछ प्रतिबंध लड़कियां भी पाई गईं।

विभाग की उक्त कार्रवाई से मशीन संचालकों में हड़कंप मच गया।वन दरोगा कुलवीर सिंह सुबह लगभग 10:00 बजे के करीब मुखबिर की सूचना पर गांव रतुआ नगला में आरा मशीन के निरीक्षण को पहुंचे। आरोप है कि उन्हें देखकर संचालक ने उनके साथ-साथ अभद्रता की। इसके बाद दरोगा ने उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। सूचना पर मुरादाबाद मंडल से विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची। जिन्होंने गहनता से आरा मशीन एवं लाइसेंस आदि की जांच की। बताते हैं कि संचालक द्वारा दो लाइसेंस की फोटो प्रतियां विभागीय अधिकारियों को दिखाई गईं, जिनमे तीसरी मशीन के संचालन के संबंध में संदिग्ध रूप से हाथ से अंकित पाया गया। जिस पर विभाग ने अवैध रूप से पहली मशीन के साथ संचालित दूसरी मशीन को जेसीबी से उखाड़ कर अपने कब्जे में ले लिया,जबकि पहली मशीन को सील कर दिया गया। विभागीय कार्रवाई से मशीन संचालकों में हड़कंप मच गया।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अवैध आरा मशीनों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

इस अवसर पर रेंजर मुजाहिद हुसैन, राज कुमार दरोगा, रविंद्र सिंह, रोबिन सिंह गौतम और कुलवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# हर्षोउल्लास के साथ मनाया ग्रैंडपेरेंट्स दिवस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बेनहर किड्स वर्ल्ड विलगवां रोड में दादा दादी व नाना-नानी दिवस धूमधाम से मनाया गया। नर्सरी इंचार्ज मोहिनी उपाध्याय के दिशा-निर्देश में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर स्कूल में बच्चो ने दादा-दादी, नाना-नानी के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके दादा-दादी और नाना-नानी के साथ रिश्ते को मजबूत करना और किताबी ज्ञान के अलावा उनके जीवन के अनुभवों से सीखने का मौका देना था।

कार्यक्रम का मैनेजिंग डायरेक्टर परविंदर सिंह सैहमी के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। अतिथि के रूप में फाउंडर ऑफ बेन-हर रंजीत सैहमी, एडीएम रोशनी यादव का अभिनंदन फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया। इसके पश्चात सभी ग्रैंडपेरेंट्स को बैच लगाकर सम्मानित किया गया। दादा-दादी, नाना-नानी हमारे परिवार का एक अहम हिस्सा होते हैं। वे हमें अपने जीवन के अनुभव, कहानियों वह जीवन के महत्वपूर्ण पाठों से समृद्ध करते हैं। आता है हमें उनका सम्मान व स्नेह देना चाहिए। तत्पश्चात बच्चों ने अपने दादा-दादी नाना-नानी के लिए विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी। जिसमें प्ले ग्रुप के विद्यार्थियों द्वारा रैंप वॉक, प्री नर्सरी की एक विद्यार्थी द्वारा संस्कृत में सरस्वती वंदना प्री-नर्सरी व नर्सरी के विद्यार्थियों द्वारा द्वारा मनमो. हक नृत्य, व कक्षा केजी के बच्चों ने द्वारा सुंदर कविता पाठ वह सामूहिक नृत्य किया गया। बच्चों ने पुराने गानों पर नृत्य कर सभी ग्रैंडपेरेंट्स को पुराने दिनों की यादें ताजा करवाई। सभी अभिभावक बच्चों की प्रस्तुति से भाव विभोर हो गए।विद्यालय की ओर से दादा-दादी और नाना-नानी के लिए अनेक गेम्स जैसे टंग ट्विस्टर, पासिंग द कैप, रैंप वॉक, टैगलाइन रिकॉग्निशन जैसे मनोरंजन खेल रखे गए गए।

कार्यक्रम का संचालन मिस काशफा एवं सलोनी जयसवाल द्वारा किया गया। बेन-हर फाउंडर रंजीत सैहमी ने बच्चों के प्रयास की सराहना की तथा कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रोग्राम को सफल बनाने में सभी शिक्षिकाओं के की अहम भूमिका रही।

# डग्गामार वाहनों पर यातायात पुलिस का चला डंडा, 109 वाहनों का काटा चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के निर्देशन में यातायात माह नवम्बर-2025 के अंतर्गत लगातार कार्यवाही की जा रही है।

यातायात पुलिस द्वारा डग्गामार वाहनों के विरुद्ध, अवैध रूप से संचा. लित व अनुमति से अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चेकिंग कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त डग्गामार वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सड़क पर अवैध रूप से संचालित, अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले तथा नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों के विरुद्ध चेकिंग कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। जिसमें यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के प्रमुख मार्गों, बस अड्डों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से अतिक्रमण हटवाते हुए विशेष चेकिंग अभियान में 32 डग्गामार वाहनों सहित 109 वाहनों के चालान करते हुए कुल 1,07,500 रुपए का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया, साथ ही यातायात पुलिस द्वारा जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया है।



# घर में घुसकर युवती को पीटा, सगे भाइयों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** घुघंचाई थाना क्षेत्र की गांव लुकटिहाई निवासी वीरपाल ने बताया 8 नवंबर को पड़ोस के रहने वाले विपिन कुमार व अवनीश कुमार पुत्रगण राजेंद्र कुमार घर में घुस आए। इसके बाद दोनों भाइयों ने ग्रामीण की बेटी अर्चना देवी के साथ मारपीट और गाली गलौज की। शोर मचाने पर पड़ोस के लोग पहुंच गए। तभी आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मामले की शिकायत ग्रामीण ने थाने में की। पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्रामीण ने बताया रंजिश में आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया है।

# वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुनगढ़ी।** थाना सुनगढ़ी पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 398/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट में वांछित अभियुक्त गोकिल प्रसाद पुत्र स्व० मूलचन्द निवासी मो० तुलाराम थाना सुनगढ़ी जनपद पीलीभीत को मुखविर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद अवैध तमंचा देशी 12 बोर व बैरल में फसा एक खोखा कारतूस 12 बोर को अभियुक्त की निशानदेही पर शराब गोदाम थाना सुनगढ़ी जनपद पीलीभीत के पास झाड़ियों से बरामद किया गया। आपको बता दें कि रामकिशोर के द्वारा थाना सुनगढ़ी पर लिखित तहरीर के माध्यम में सूचना दी
गयी कि उनके सगे भाई गोकिल प्रसाद पुत्र मूलचन्द निवासी मो०तुलाराम थाना सुनगढ़ी जनपद पीलीभीत के द्वारा पैतृक सम्पत्ति के विवाद को लेकर एक दिन पूर्व को फायर मार दिया जिसके छर्रे वादी के दाहिने हांथ की कोहनी में लग गये। सूचना पर थाना सुनगढ़ी पुलिस द्वारा तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त गोकिल प्रसाद उपरोक्त को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# मॉर्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बीसलपुर-पीलीभीत मार्ग पर रविवार सुबह टहलने निकले एक सेवानिवृत्त अध्यापक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान नगर के मोहल्ला पटेल नगर निवासी 62 वर्षीय केदारनाथ के रूप में हुई है।

वह एक सेवानिवृत्त अध्यापक थे। रविवार सुबह करीब 7 बजे, केदारनाथ रोज की तरह पीलीभीत मार्ग पर टहलने निकले थे। बताया गया कि जैसे ही वह पीलीभीत मार्ग पर नहर के आगे पहुंचे, एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि केदारनाथ गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए और उन्होंने कुछ ही क्षणों में दम तोड़ दिया। राहगीरों ने तुरंत घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक की शिनाख्त करवाई और उनके पटेल नगर स्थित परिवार वालों को हादसे कीजानकारी दी। सूचना पाते ही केदारनाथ के परिजन मौके पर पहुंच गए। इस अचानक हुए हादसे से परिवार में शोक छा गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक शुक्ला ने यह भी बताया कि घटना को अंजाम देकर फरार हुए अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने का प्रयास कर रही है ताकि जल्द से जल्द वाहन और उसके चालक का पता लगाया जा सके। क्षेत्र में इस असामयिक मृत्यु से शोक की लहर है।

# शनिवार की देर रात एक अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा।** थाना शहजाद नगर क्षेत्र में एक अस्पताल में प्रसव पीड़ा होने पर गर्भवती महिला को भर्ती कर उसको नॉर्मल डिलीवरी का आश्वासन देकर एक दिन तक उपचार करते रहे।

नॉर्मल डिलीवरी न होने पर गर्भवती को एक किलोमीटर की दूरी पर अपना दूसरा अस्पताल बता कर उसमें भर्ती कर शनिवार की देर रात ऑपरेशन कर जच्चा ने एक बच्चे को जन्म दिया।

जन्म के आधे घंटे बाद जच्चा की हालात बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई। जिला मुरादाबाद क्षेत्र के गनेशपुर गांव निवासी दीपक मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं ।उनकी पत्नी सुमन को प्रसव पीड़ा होने पर शहजाद नगर थाना क्षेत्र के शंकरपुर के एक अस्पताल में लाए थे । वहां अस्पताल खोलकर बैठे अस्पताल संचालकों ने नॉर्मल डिलीवरी का आश्वासन देकर गर्भवती को एक दिन भर्ती रखा नॉर्मल डिलीवरी न होने पर अपने दूसरा अस्पताल बताकर वहां शनिवार की देर रात भर्ती कर ऑपरेशन कर दिया और ऑपरेशन के बाद जच्चा की हालत बिगड़ती चली गई और कुछ ही देर में जच्चा की मौत हो गई।

मौत की जानकारी होते ही स्वजनों में चीख पुकार मच गया।

# बैंक अधिकारी बन लाखों रुपये की ठगी, मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** साइबर क्राइम से ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं, लगातार शातिर ठग लोगों की मेहनत की कमाई को उड़ा रहे है। माधोटांडा की एक महिला और युवक के ठगो ने लाखों रुपए हड़प लिए। मामले में पुलिस ने मुकदमे दर्ज किए हैं। पहली घटना में माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव पचपेड़ा ताल्लुके महाराजपुर की रहने वाली कमलजीत कौर पत्नी हरपाल सिंह ने बताया 22 अगस्त 2025 सुबह 10 बजे उनके मोबाइल नंबर पर एक ज्ञात व्यक्ति ने फोन किया आरोपी ने धमकाकर उनके एसबीआई अकाउंट से 100000 ठग लिए। घटना की जानकारी महिला ने अपने परिजनों को दी। इसके बाद बैंक पहुंचकर भी बताया। पुलिस ने आरोपी अज्ञात आरा. पी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे मामले में क्षेत्र के ही गांव खजुरिया मझारा निवासी अजय कुमार ने बताया 26 जून को उनके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर खुद को बैंक अधिकारी बताया। इसके बाद झांसे में बैंक डिटेल लेकर 157093 रुपए ठग लिए। जानकारी लगने के बाद युवक के होश उड़ गए। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## आज होगी भानु गुट की मासिक पंचायत, पीलीभीत में 1 दिसंबर के किसान घेराव की रणनीति होगी तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) की मासिक बैठक आज आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष रुसान अहमद करेंगे। इसमें आगामी 1 दिसंबर को होने वाली यूनियन की बड़ी बैठक की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा होगी और किसान हितों से जुड़ी अगली रणनीति तय की जाएगी। बैठक में मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे, जबकि मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार गुप्ता विशेष रूप से शामिल होंगे। पदाधिकारियों ने बताया कि यूनियन द्वारा पूर्व में प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी कारण किसानों में आक्रोश है और प्रशासन के ढीले रवैये को देखते हुए 1 दिसंबर को बड़े स्तर पर घेराव कार्यक्रम तय किए जाने पर विचार किया जाएगा।

बैठक में संगठन के सभी ब्लॉक व ग्राम स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। यूनियन ने सभी कार्यकर्ताओं से समय पर उपस्थित होकर किसानों के हक की इस निर्णायक रणनीति में भाग लेने की अपील की है।

# संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज में वक्ताओं ने दिया बहुमूल्य ज्ञान



**मथुरा।** संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं अस्पताल द्वारा संतोष मैमोरियल आडिटोरियम में 'चिकित्सा में अंत:विषय प्रशिक्षण: आवश्यकता और व्यवहार्यता' विषय को लेकर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए वक्ताओं ने चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा वितरण में अंत:विषय सहयोग और एकीकृत दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डाला और चिकित्सा क्षेत्र में व्यापक रोगी देखभाल और नवाचार सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न चिकित्सा विषयों के संयोजन की व्यवहार्यता और आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा स्वागत भाषण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एमबी चेट्टी ने उत्साहवर्धक और उत्साहपूर्ण शब्दों में कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक डॉ. आकांक्षा ने कार्यक्रम के सभी गणमान्य अतिथियों का संक्षिप्त परिचय दिया। मुख्य अतिथि, आईपीएस (सेवानिवृत्त), अनुप्रयुक्त विधि के प्रकांड विद्वान डॉ. विपिन कुमार मिश्रा ने अंत:विषय चिकित्सा पद्धति के नैतिक और कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डाला और स्वास्थ्य सेवा में अनुप्रयुक्त कानून के महत्व पर बल दिया। विशिष्ट वक्ता, पद्मश्री पुरस्कार विजेता, पूर्व निदेशक और सीईओ, दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान, डॉ. राजेश कुमार ग्रोवर ने चिकित्सा विज्ञान के उभरते परिदृश्य और बेहतर स्वास्थ्य सेवा परिणामों के लिए आयुर्वेदिक और आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों के एकीकरण की आवश्यकता पर एक गहन व्याख्यान दिया। सेमिनार के प्रारंभ में वैदिक ज्योतिषी डॉ. के. टी. सुरेश कुमार ने छात्रों को भगवद् गीता का ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जिस प्रकार गीता समग्र कल्याण के लिए शरीर, मन और आत्मा के एकीकरण पर जोर देती है, उसी प्रकार आधुनिक अंत:विषय चिकित्सा विविध क्षेत्रों – आयुर्वेद, आधुनिक विज्ञान, मनोविज्ञान, योग और सामाजिक स्वास्थ्य – को एकीकृत करती है ताकि व्यक्ति का समग्र रूप से उपचार किया जा सके, न कि केवल लक्षणों के समूह के रूप में। सत्र की अध्यक्षता डॉ. अरुण प्रकाश ने की, जिन्होंने दर्शन और चिकित्सा के बीच अंतर्संबंध का उपयोगी वर्णन किया और रोगी की देखभाल में मानवतावादी दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने ली पीड़ित बेटी के जीवनभर पढ़ाई करवाने की जिम्मेदारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** रविवार भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने ग्राम पंचायत नैनूपट्टी के नगला जंगली में 12 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से बात. चीत की और पीड़ित बेटी की जीवनभर पढ़ाई अपने निजी खर्च पर कराने की जिम्मेदारी ली तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उनके साथ ग्राम प्रधान, क्षेत्राधिकारी गोवर्धन, इलाका पुलिस मौजूद रहीं। गौरतलब हो कि भाजपा सरकार में अपराधियों की जगह केवल सलाखों में है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगाह मथुरा में हो रही हर गतिविधियों पर रहती है। दलित परिवार की बेटी के साथ हुई इस घटना पर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने दुख प्रकट करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है, उन्होंने कहा कि दोषियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगी हुई है जल्द ही दोषी गिरफ्तार होंगे। योगी सरकार में अपराधियों के लिए उत्तर प्रदेश में कोई जगह नहीं है। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित परिवार को हर संभव मदद मुहैय्या कराई जाए। जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ विनोद प्रमुख, डा. देवेन्द्र प्रधान नैनूपट्टी, वेद प्रधान सींगापट्टी, प्रताप सिंह प्रधान झुडावई, क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार, थानाध्यक्ष मगोर्रा हरीश चौधरी, इंटेलिजेंस के पीके देशवाल, एसओजी क्राइम राकेश यादव, योगेश सहित गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री बनाने की धीमी गति डीएम खफा

**मथुरा।** फार्मर रजिस्ट्री बनाने में मथुरा जनपद की गति धीमी है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने चौमुंहा स्थित फार्मर रजिस्ट्री केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से समय पर रजिस्ट्री कराने की अपील की ताकि उन्हें सरक. ारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार नगर पंचायत चौमुहां में स्थित हरिओम नसेवा केंद्र का निरीक्षण किया। इस केंद्र पर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया चलाई जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री की वर्तमान स्थिति, किसान लाभार्थियों की संख्या और पंजीकरण की प्रगति के बारे में अधिकारियों से जानक. ारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक लगभग 40 प्रतिशत किसानों की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री कृषि से संबंधित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए महत्वपूर्ण है। रजिस्ट्री होने से किसानों को सरकारी योजनाओं का वास्तविक और समय पर लाभ प्राप्त होगा। जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों से कहा कि जिन किसानों ने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है, वे जल्द से जल्द नजदीकी जनसेवा केंद्र संपर्क करें।

# जिलाधिकारी ने चौमुहां की गौशालाओं का किया निरीक्षण, ठंड से बचाव के दिए निर्देश

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील छाता के ग्राम सिहाना स्थित वृहद गो संरक्षण केन्द्र तथा तहसील गोवर्धन के ग्राम सहार स्थित वृहद गो संरक्षण केन्द्र का एवं चौमुहां स्थित हरिओम जनसेवा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सर्दी, ठंड के दृष्टिगत गौशाला में गौवंशों हेतु की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने हरा चारा, भूसा, खर, चोकर, पानी, साफ सफाई, शेड आदि का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने ठंड के दृष्टिगत गौशालाओं के शेड को तिरपाल से कवर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फर्श, जमीन पर पुआल, भूसा या पेड़ की पत्तियाँ बिछाएं ताकि गौवंशों को ठंड न लगे। गौशाला के दरवाजों और खिड़कियों पर बोरे लगाएं ताकि ठंडी हवा का प्रवेश रोका जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नियमित अंतराल पर अलाव जलाएं ताकि गौवंश को गर्माहट मिल सके। गौवंशो की नियमित जांच कराए तथा ठंड के मौसम में बीमार होने वाले गौवंशों का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि बेसहारा गोवंशों को जनपद की विभिन्न गोशालाओं में पहुच. ाने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण में सिहाना ग्राम प्रधान तुलाराम द्वारा अवगत कराया गया कि गौशाला में लगभग 310 गौवंश संरक्षित है। निरीक्षण में ग्राम सहार प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि गौशाला में लगभग 290 गौवंश संरक्षित है। किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी सीपी सिंह ने कॉमन सर्विस सेंटरों (सीएससी) का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों के पंजीकरण की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से फार्मर रजिस्ट्री अभियान को गति दी जा रही है। शनिवार रात 10 बजे जिलाधिकारी सीपी सिंह ने ब्लॉक चौमुहा स्थित हरिओम जनसेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

# शातिर अपराधी हर्ष सैनी 6 माह के लिए जिला बदर

**मथुरा।** थाना वृन्दावन पुलिस ने शातिर अपराधी हर्ष सैनी को गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत 6 माह के लिए जिला बदर किया। आरोपी को हरियाणा बॉर्डर तक छोड़कर कार्रवाई पूरी की गई। थाना वृन्दावन पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एक शातिर अपराधी हर्ष सैनी को जिले से बाहर कर दिया है। आरोपी को गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत 6 माह के लिए लिए जिला बदर किया गया है। जिलाधिकारी, मथुरा द्वारा केस संख्या 1320, 2025 (धारा 3, 4 उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम) में आदेश जारी किया गया। आदेश मिलते ही थाना वृन्दावन पुलिस टीम ने आरोपी हर्ष सैनी पुत्र बोबी सैनी, निवासी हरिवंशनगर कॉलोनी, वृंदावन को उसके घर पर जाकर न्यायालय का आदेश सुनाया। इसके बाद मोहल्ले में मुनादी कराकर कार्रवाई की सूचना दी गई। पुलिस के अनुसार हर्ष सैनी एक शातिर और दुस्साहसी अपराधी है। महिलाओं से छेड़छाड़ और मारपीट जैसे गंभीर मामलों में वह पहले भी शामिल रहा है। उसके डर से लोग उसके खिलाफ गवाही देने से कतराते हैं। उसके आपराधिक व्यवहार से क्षेत्र में भय और तनाव का वातावरण बना हुआ था।

# कांग्रेसियों ने पार्टी की पद यात्रा एक कदम गांधी के साथ पर की चर्चा

**मथुरा।** जिला कांग्रेस कमेटी के सेठबाडा स्थित कार्यालय पर साप्ताहिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में सद्भावना, संविधान और लोकतंत्र की विरासत के लिए दो अक्टूबर को राजघाट वाराणसी से दिल्ली तक आरंभ हुई पैदल यात्रा 'एक कदम गांधी के साथ' के उद्देश्य समता, बंधुता, सम्मान, सहिष्णुता, शांति, इंसाफ और निर्भयता एवं प्रकृति संरक्षण पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए का शिवदत्त चतुर्वेदी ने बताया कि आज देश की बड़ी चुनौतियां हैं जिसमें बढ़ती मंहगाई घटता रोजगार, किसानों की घटती आमदनी और बढ़ता कर्ज, घटता व्यापार बढ़ता टैक्स,रेल बिजली सड़क का निजीकरण, नागरिक अधिकारों पर हमला, वोट का अधिकार, नागरिक अधिकार एवं स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं जैसे गांधी, नेहरू, लोहिया, मौलाना आजाद, डॉ अम्बेडकर के योगदान को नकारते हुए मनगढ़ंत इतिहास बताना है आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चरित्र और विचारों पर हमला तथा गांधी विचार की संस्थाओं जैसे साबरमती आश्रम, गुजरात विद्यापीठ, सेवाग्राम आश्रम, सर्व सेवा संघ वाराणसी पर मनगढ़ंत आरोप और अवैधानिक कब्जा की कोशिश करना है श्री चतुर्वेदी ने बताया कि 'एक कदम गांधी के साथ' एतिहा. सिक यात्रा 15 नवंबर को मथुरा जनपद की सीमा में प्रवेश करेगी जो कि 20 नवंबर तक मथुरा शहर व देहात में भ्रमण कर दिल्ली को प्रस्थान करेगी जहां 25 नवंबर संविधान दिवस को दिल्ली में यात्रा का समापन होगा। उन्होंने बताया कि 56 दिन चलने वाली 1000 किलोमीटर लंबी यात्रा में 110 पड़ाव होंगे,यह ऐतिहासिक यात्रा प्रदेश के 18 जिलों एवं 3 राज्यों के सैंकड़ों स्कूल, कालेजों, गांवों, कस्बों, बाजारों व शहरों से होकर गुजरेगी। उन्होंने इस पदयात्रा के उद्देश्यों को हासिल करने के लिए साथियों सहित इस एतिहासिक पदयात्रा में सहभागिता कर सहयोग करने के लिए सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की। बैठक में उत्तर प्रदेश में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं एस आई आर पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने किया। उपस्थित जनों में मुख्य रूप से सर्वश्री वैद्य मनोज गौड़ महेश चौबे राकेश शर्मा सुशील सागर मोहित चौधरी पूरन सिंह बलवीर सिंह अनिल खरे दिलशाद खान हर्ष कुमार अजीम शाह सुरेश शर्मा कलुआ मनीष चौधरी विवेक कुमार करण निषाद अरनब चौधरी दीपकजिलानी कादरी रवि सागर सहित आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।




शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अमला की बेस्ट-11 लिस्ट में बड़ा ट्विस्ट




**नई दिल्ली, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज हाशिम अमला ने हाल ही में अपनी ऑल टाइम वनडे प्लेइंग इलेवन का ऐलान किया है, जिसमें उन्होंने कई दिग्गजों को जगह दी है। हालांकि, अमला ने भारत के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा को टीम में शामिल नहीं किया, जिससे भारतीय फैंस

- **भारत के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा को टीम में शामिल नहीं किया , जिससे भारतीय फैंस काफी हैरान**

काफी हैरान हैं। वहीं, दूसरी तरफ टी-20 फार्मेट की बात आने पर अमला ने रोहित को अपना नंबर-1 खिलाड़ी बताया है। एक पाडकास्ट पर बातचीत के दौरान अमला ने अपनी वनडे इलेवन का खुलासा किया। उन्होंने ओपनिंग जोड़ी के रूप में सचिन तेंदुलकर और एडम गिलक्रिस्ट का चयन किया। तीसरे नंबर पर विराट कोहली, जबकि चौथे पर ब्रायन लारा को रखा गया। अमला के मुताबिक, कोहली की निरंतरता और लारा की क्लास दोनों उन्हें इस सूची में अनिवार्य बनाते हैं।श पांचवें नंबर पर उन्होंने अपने साथी और मित्र एबी डिविलियर्स को रखा। वहीं, जैक कैलिस को नंबर छह और महेंद्र सिंह धोनी को विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में सातवें नंबर पर जगह दी। गेंदबाजी विभाग में अमला ने दो महान स्पिनरों मुथैया मुरलीधरन और शेन वार्न को शामिल किया। तेज गेंदबाजी के लिए उन्होंने वसीम अकरम और डेल स्टेन को चुना। अमला की वनडे इलेवन इस प्रकार है: सचिन तेंदुलकर, गिलक्रिस्ट, कोहली, लारा, एबी डिविलियर्स, जैक कैलिस, एमएस धोनी कि शेन वार्न, मुथैया मुरलीधरन, वसीम अकरम, डेल स्टेन। सबसे हैरानी की बात यह रही कि अमला ने रोहित शर्मा को इस टीम में शामिल नहीं किया। रोहित वनडे इतिहास में तीन दोहरे शतक लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं और उनके नाम वनडे का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर (264 रन) भी दर्ज है। हालांकि, वनडे में रोहित को बाहर करने वाले अमला ने टी-20 क्रिकेट में रोहित की तारीफों के पुल बांध दिए। उन्होंने कहा कि रोहित अब भी मेरे पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्हें खेलते देखना एक खुशी की बात है। उनके शाट्स में सहजता और क्लास है। रोहित शर्मा ने 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद इस फार्मेट से संन्यास ले लिया था। उनके बाद विराट कोहली ने भी टी-20 क्रिकेट को अलविदा कहा। टी-20 के लिए अमला ने तीन पसंदीदा बल्लेबाजों के नाम बताए। उन्होंने रोहित शर्मा, क्लासेन (दक्षिण अफ्रीका) और सूर्यकुमार यादव (भारत) के नाम लिए। अमला ने सूर्या की 360 डिग्री बल्लेबाजी और क्लासेन की पावर-हिटिंग की भी जमकर तारीफ की।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### रोमांचक मुकाबले में न्यूजीलैंड ने विंडीज को नौ रनों से हराया

**नेल्सन, वार्ता।** डेवोन कॉन्वे (56) और डैरिल मिचेल (41) की शानदार बल्लेबाजी के बाद जेकब डफी और ईश सोढ़ी (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम न्यूजीलैंड ने तीसरे टी-20 के रोमांचक मुकाबले में वेस्टइंडीज पर नौ रनों से जीत दर्ज की। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली हैं। ईश सोढ़ी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। वेस्टइंडीज 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय 12-3 ओवर में 88 रन पर आठ विकेट खो गंवा चुकी थी और उसकी हार निश्चित नजर आ रही थी। ऐसे संकट के समय शमर स्प्रिंगर और रोमारियो शेफर्ड की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की जमकर खबर ली।

### पाक ने द. अफ्रीका को हराया और सीरीज भी जीती

**फैसलाबाद, वार्ता।** अबरार अहमद (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद सैम अयूब (77) और मोहम्मद रिजवान (नाबाद 32) के शानदार प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 149 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका को 37-5 ओवर में 143 रन के स्कोर पर समेटने के बाद पाकिस्तान ने 25-1 ओवर में तीन विकेट पर 144 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फखर जमान (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए बाबर आजम ने सैम अयूब के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़े। इसी दौरान 11वें ओवर में बाबर (27) रनआउट हुए।

# श्रीमंत झा ने हंगरी पैरा आर्म रेसलिंग वर्ल्ड कप में जीता सिल्वर

- **श्रीमंत झा ने अपनी इस उपलब्धि को भारत माता के वीर शहीद जवानों को समर्पित किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के गौरव श्रीमंत झा ने एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने हंगरी के रेप्सेलक शहर में आयोजित हंगरी पैरा-आर्म रेसलिग वर्ल्ड कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में श्रीमंत झा ने रोमांचक मुकाबले में हंगरी के जानोस नागी को हराकर फाइनल में स्थान बनाया और उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सिल्वर मेडल जीता। श्रीमंत झा ने अपनी इस उपलब्धि को भारत माता के वीर शहीद जवानों को समर्पित किया है।उन्होंने कहा कि मेरी हर जीत देश के उन वीर जवानों के लिए है जिन्होंने अपनी जान देश की सुरक्षा में न्योछावर की। यह सिल्वर मेडल मैं उन सभी शहीदों को समर्पित करता हूं। हंगरी पैरा-आर्म रेसलिग वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन 7 से 9 नवम्बर 2025 तक रेप्सेलक शहर में हुआ। इस प्रतियोगिता में श्रीमंत झा ने अपनी ताकत, तकनीक और धैर्य का शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक पहुंचकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। झा दुनिया के तीसरे और एशिया के नंबर वन पैरा-आर्म रेसलर हैं। अब तक उन्होंने भारत के लिए 60 अंतर्राष्ट्रीय मेडल जीतकर नयाइतिहास रचा।

# आकाश ने 8 गेंद में लगातार 8 छक्के मारे




- **11 बॉल में फास्टेस्ट फिफ्टी बनाई, युवराज सिंह शास्त्री का रिकॉर्ड तोड़ा, रणजी में रचा इतिहास**

**सूरत, वार्ता।** लगातार 6 छक्कों के रिकॉर्ड के बारे में आपने सुना ही होगा। 2008 में युवराज सिंह ने टी-20 वर्ल्डकप में लगाए थे। रवि शास्त्री भी रणजी ट्राफी में लगा चुके हैं। अब एक नया रिकॉर्ड बना है। सिर्फ ओवर में छह छक्के नहीं लगे। ओवर समेत आठ गेंदों पर लगातार आठ छक्के मारे गए। क्रिकेट के इतिहास का यह बड़ा रिकॉर्ड रविवार को सूरत में रणजी ट्राफी के मैच में बना। यह कारनामा किया है मेघालय के बल्लेबाज आकाश कुमार चौधरी ने।

25 साल के आकाश ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 14 बाल पर नाबाद 50 रनों की पारी खेली। इसी के साथ वे फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे तेज 11 बाल पर अर्द्धशतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। आकाश ने इंग्लैंड के वेन नाइट के 12 बाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। फर्स्ट क्लास में सबसे तेज फिफ्टी आकाश चौधरी ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड बनाया है। इससे सबसे तेज फर्स्ट-क्लास अर्द्धशतक का रिकॉर्ड इंग्लिश काउंटी क्रिकेट टीम लीसेस्टरशायर के वेन नाइट के नाम था, जिन्होंने 2012 में 12 गेंदों पर 50 रन बनाए थे। श्रीलंका के क्लाइव इनमैन ने 1965 में 13 गेंदों पर अर्द्धशतक जमाया था। समय के लिहाज से वे सबसे तेज फिफ्टी लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। आकाश ने 9 मिनट में यह अर्द्धशतक बनाया, जबकि इनमैन ने सिर्फ 8 मिनट में 50 रन पूरे किए थे। 6 बाल पर 6 छक्के लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी आकाश फर्स्ट क्लास क्रिकेट में लगातार 6 बाल पर 6 सिक्स लगाने वाले तीसरे ही प्लेयर बने। सबसे पहले गैरी सोबर्स ने 1968 में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में एक ओवर में लगातार छह छक्के मारे थे। उन्होंने यह कारनामा ग्लैमरगन और नाटिंघमशायर के बीच मैच में मैल्कम नैश के एक ओवर में किया था। फिर 1984-85 में रवि शास्त्री ने यह कारनामा किया। स्टुअर्ट ब्राड के ओवर में युवराज सिंह ने 6 छक्के लगाए थे 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ युवराज सिंह ने 6 छक्के लगाए थे। उन्होंने एंड्रयू फ्लिंटाफ से बहस के बाद स्टुअर्ट ब्राड के ओवर की लगातार 6 बाल पर 6 छक्के जड़े थे।

### सबालेंका को हराकर एलेना रयबाकिना ने जीता डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब

**रियाद, वार्ता।** विश्व की नवम्बर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को हराकर कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब अपने नाम किया। यह इस वर्ष की आखिरी प्रतियोगिता में उनकी पहली जीत है। 2022 की विबलडन चैंपियन रयबाकिना का अपने करियर का यह दूसरा सबसे बड़ा खिताब हैं। शनिवार रात खेले गए एकल वर्ग के फाइनल में कड़े मुकाबले में एलेना ने बेलारुस की सबालेंका को 6-3, 7-6 से हराकर चैंपियन बनी। यह कजाकिस्तान की दुनिया की नंबर 6 खिलाड़ी रयबाकिना की सीजन के आखिर में लगातार 11वीं जीत है। मैच के बाद रयबाकिना ने कहा कि यह एक अविश्वसनीय हफ्ता रहा है। उन्होंने फाइनल में अपनी सर्विस पर मिले सभी पांच ब्रेक पॉइंट्स बचाए। ईमानदारी से कहूं तो मुझे इस तरह के किसी नतीजे की उम्मीद नहीं थी। इतनी दूर तक जाना, यह बस अविश्वसनीय है। ये बेहद कड़ा मुकाबला था।

# बड़े बदलाव की तैयारी! संजू के बदले जडेजा



- **जडेजा और सैमसन दोनों ही 18 करोड़ रुपयें के खिलाड़ी और अब तक यह सौदा पक्का हो चुका होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रवींद्र जडेजा के बदले संजू सैमसन - एक ऐसी संभावना जिसे कभी आईपीएल हलकों में न केवल दूर की कौड़ी बल्कि पूरी तरह असंभव माना जाता था, अब अटकलें नहीं रह गई हैं। पिछले कुछ दिनों में व्यापार समझौते पर सक्रिय बातचीत शुरू हो गई है। यह अभी भी, जैसा कि अमेरिका में कहा जाता है, एक निश्चित सौदा नहीं है। लेकिन क्रिकबज इस बात की पुष्टि कर सकता है कि चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स इस व्यापार पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। क्रिकबज ने 7 नवम्बर को इस संभावना के बारे में बताया था। जडेजा और सैमसन दोनों ही 18 करोड़ रुपए के खिलाड़ी हैं और अब तक यह सौदा पक्का हो चुका होगा। हालांकि, समझा जाता है कि राजस्थान रॉयल्स अभी सीधे अदला-बदली के लिए तैयार नहीं है। माना जा रहा है कि फ्रेंचाइजी किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल करने पर जोर दे रही है, जो अंततः पेच का कारण बन सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि रॉयल्स प्रबंधन ने कुछ अन्य फ्रेंचाइजी- जैसे सनराइजर्स हैदराबाद- को भी चुना है, इसके अलावा लखनऊ सुपर जायंट्स, दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी टीमों के साथ अपने संवाद के चैनल खुले रखे हैं। ऐसा समझा जाता है कि सीएसके-आरआर सौदे में सबसे बड़ी बाधा दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रेविस की मांग है, जो पिछले सीजन के बीच में सीएसके में शामिल हुए थे। तब से, यह दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी वैश्विक फ्रेंचाइजी सर्किट में शीर्ष बल्लेबाजों में से एक बन गया है। सितम्बर में दक्षिण अफ्रीका 20 नीलामी में प्रिटोरिया कैपिटल्स ने भी उन्हें रिकॉर्ड बोली में शामिल किया था, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स की सहायक कंपनी जोहान्सबर्ग सुपर किंग्स विजई बोली से पहले ही पीछे हट गई थी। क्रिकबज द्वारा पिछले कुछ दिनों में दी गई रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान रॉयल्स के ब्रिटेन स्थित प्रमुख मालिक मनोज बडाले, जो वर्तमान में मुंबई में हैं, उनकी बातचीत का नेतृत्व कर रहे हैं। हालांकि, पता चला है कि चेन्नई सुपर किंग्स अपने रुख पर अडिग है - उनका इस सौदे में किसी और खिलाड़ी को शामिल करने का कोई इरादा नहीं है, ब्रेविस की तो बात ही छोड़ दें। सीएसके की ओर से ऐसा माना जा रहा है कि जडेजा, जो इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक हैं, को छोड़ना अपने आप में एक बड़ा खुलासा है। हालांकि, ऐसा माना जा रहा है कि फ्रेंचाइजी ने व्यापार वार्ता शुरू करने से पहले 36 वर्षीय अनुभवी ऑलराउंडर से सलाह-मशविरा किया है। फ़िलहाल, स्थिति यह है कि गेंद राजस्थान रॉयल्स के पाले में है। सनराइजर्स के सूत्रों के अनुसार, हैदराबाद की टीम सैमसन को लेकर जडादा उत्साहित नहीं है।

# भगवान महाकालेश्वर की भस्म आरती में शामिल हुई दीप्ति शर्मा

**उज्जैन, वार्ता।** हाल ही में महिला क्रिकेट विश्व कप जीतकर देश का गौरव बढ़ाने वाली भारतीय क्रिकेट टीम की सदस्य दीप्ति शर्मा ने रविवार तड़के विश्व प्रसिद्ध भगवान महाकालेश्वर मंदिर में आयोजित भस्म आरती में भाग लिया। उन्होंने आरती के दौरान भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर देश की समृद्धि व टीम इंडिया की सफलता के लिए बाबा महाकाल का धन्यवाद किया। दीप्ति शर्मा प्रातःकाल मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने पारंपरिक तरीके से आरती में सम्मिलित होकर श्रद्धाभाव से दर्शन किए। आरती के समय मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और सभी ने भारतीय टीम की खिलाड़ी का गर्मजोशी से स्वागत किया। दर्शन उपरांत मंदिर समिति की ओर से उप प्रशासक श्री एसएन सोनी ने दीप्ति शर्मा का स्वागत एवं सत्कार किया। उन्हें भगवान महाकालेश्वर का प्रसाद, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर श्री सोनी ने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने हाल ही में विश्व कप जीतकर देश का मान बढ़ाया है, और यह देश के लिए गर्व की बात है कि टीम की सदस्य महाकाल बाबा के दरबार में आशीर्वाद लेने पहुंचीं। दीप्ति शर्मा ने भी महाकाल मंदिर के दर्शन को अपने जीवन का विशेष अनुभव बताया और कहा कि यहां आकर उन्हें अपार ऊर्जा और शांति की अनुभूति हुई। उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल से उन्होंने भारतीय टीम की निरंतर सफलता और देशवासियों के कल्याण की प्रार्थना की है।

### टीम 'ड्राइव स्क्वाड' ने पहले दिन जीता सम्मान

**नई दिल्ली, वार्ता।** टीम ड्राइव स्क्वाड ने कुतुब गोल्फ लीग के दूसरे संस्करण के पहले दिन 22-5 अंकों के साथ बढ़त हासिल कर सुर्खियां बटोरीं। यह लीग शनिवार को भारत के पहले सार्वजनिक गोल्फ कोर्स, क्यूजीसी में शुरू हुई। सभी लड़कियों की टीम 'चार्लीज एंजल्स' 18 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही, जबकि टीम 'आइकन्स' 16 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। गत विजेता 'स्विगिग शेर्स' कुल 13-5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रही। 'ड्राइव स्क्वाड' टीम के लिए, भव्य मान, अमित व ध्रुव की तिकड़ी ने 2-5-2-5 अंक हासिल किए।




### लियोनल मेसी ने इंटर मियामी को कॉन्फ्रेंस सेमीफाइनल में पहुंचाया

**मियामी, वार्ता।** लियोनल मेसी और तादेओ अलेंदे के दो-दो गोल की बदौलत इंटर मियामी ने शनिवार को अपने प्लेऑफ सीरीज के निर्णायक मैच में नैशविले को 4-0 से हराकर एमएलएस ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता मेसी ने 10वें मिनट में मेजबान टीम को बढ़त दिलाई जब उन्होंने 20 गज की दूरी से ड्रिबल किया और फिर पेनल्टी एरिया के किनारे से गोल दागा। मेसी ने माटेओ सिल्वेटी के शॉट के बाद 18 गज की दूरी से साइड-फुटिग कर गोल करके बढ़त दोगुनी कर दी। मेजबान टीम ने अलेंदे की मदद से स्कोर 3-0 कर दिया, जिन्होंने जोर्डी अल्बा के कट-बैक के बाद गोलकीपर जो विलिस को छकाते हुए पहला प्रयास किया। सेल्टा विगो के लोन पर आए अलेंदे ने 76वें मिनट में मेसी की सटीक थ्रू बॉल पर विलिस के ऊपर से शॉट मारकर टीम को जीत दिलाई। इस परिणाम के साथ इंटर मियामी ने 2-1 से सीरीज जीत ली।

# विश्व चैंपियन गुकेश बाहर, तीन भारतीय टाई ब्रेक में भिड़ेंगे

**पणजी, वार्ता।** ग्रैंडमास्टर आर-प्रज्ञानंदा ने बीच के गेम में मिली मामूली बढ़त का पूरा फायदा उठाते हुए आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर रॉबर्ट होवहानिस्यान को हरा दिया। इस तरह चार भारतीयों ने शनिवार को यहां जारी फिडे विश्व कप 2025 के चौथे राउंड में जगह पक्की कर ली, जबकि विश्व चैंपियन गुकेश डी-हारकर बाहर हो गए।

प्रज्ञानंदा, जिन्हें तीसरे राउंड में पहुंचने के लिए लंबा टाईब्रेक खेलना पड़ा और फिर काले मोहरों से पहला गेम ड्रॉ करना पड़ा, खुद को मुश्किल स्थिति में पा गए क्योंकि ऐसा लग रहा था कि होवहानिस्यान ने भारतीय की शुरुआती बढ़त को खत्म कर दिया है। लेकिन तीसरे सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय खिलाड़ी के पास एक स्पष्ट रणनीति थी और उन्होंने 27वीं चाल में अपनी रानी और हाथी के

- **हरिकृषणा ने बेल्जियम के ग्रैंड मास्टर डेनियल के खिलाफ एक ड्रा खेलने के बाद अगले दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने**

साथ काले मोहरों के राजा पर दबाव बनाकर मैच पर नियंत्रण कर लिया। आर्मेनियाई खिलाड़ी ने अंततः 42 चालों के बाद हार मान ली। कुल 10 भारतीय खिलाड़ी फिडे विश्व कप 2025 के तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। यह सिगल-एलिमिनेशन नॉक-आउट टूर्नामेंट है जिसमें 82 देशों के 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित विश्वनाथन आनंद कप के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिसका नाम इस भारतीय दिग्गज के नाम पर रखा गया है। सफेद मोहरों से पहला गेम जीतने वाले हरिकृष्णा ने बेल्जियम के ग्रैंडमास्टर डैनियल दर्जा के खिलाफ एक त्वरित ड्रॉ खेलने के बाद अगले दौर में पहुंचने




वाले पहले भारतीय बने। इसके तुरंत बाद ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और विश्व जूनियर चैंपियन ग्रैंडमास्टर प्रणव वी भी उनके साथ आ गए, जिन्होंने भी काले मोहरों से खेलते हुए जोखिम नहीं उठाया और अंक बांट लिए। प्रतियोगिता में सर्वोच्च वरीयता प्राप्त विदेशी खिलाड़ी अनीश, ग्रैंडमास्टर अलेक्जेंडर के खिलाफ काले मोहरों से 47 चालों में दूसरा गेम हारने के बाद बाहर हो गए। विश्व चैंपियन गुकेश - फ्रेडरिक स्वेन के खिलाफ तीसरे दौर का मैच हार गए। काले मोहरों से पहला गेम ड्रॉ होने के बाद, भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में जीत की कोशिश की, लेकिन स्वेन न केवल समय के दबाव से उबरने में कामयाब रहे।

# वायु सेना का अदम्य साहस

रविवार को भारतीय वायुसेना ने अपना 93वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर देश की वायुसेना की ताकत देखने को मिली। ब्रह्मपुत्र नदी पर राफेल, सुखोई और तेजस ने 75 विमानों के साथ 25 अद्भुत कारनामे दिखाए। इस समारोह के लिए गुवाहाटी को चुना गया था, जहां विमानों की गर्जना से आसमान ने स्वागत किया, तो ब्रह्मपुत्र नदी का पानी कलरव करने लगा। वायुसेना ने यहां अदम्य साहस का परिचय दिया। अक्टूबर 2025 में आए एक वर्ल्ड डायरेक्टरी आफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट (डब्ल्यूडीएमएमए) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय वायुसेना (आईएएफ) अब अमेरिका और रूस के बाद दुनिया की तीसरी सबसे ताकतवर वायुसेना बन गई है। भारत ने वायुसेना की ताकत के मोर्चे पर चीन को पीछे छोड़ दिया है। गुवाहाटी एयर शो का आयोजन पूर्वोत्तर क्षेत्र में सुरक्षा और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह प्रदर्शन भारतीय वायुसेना की सैन्य सक्षमता, फुर्ती और रणनीतिक ताकत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिखाने का अवसर भी प्रदान करता है। वायुसेना ने इस मौके पर लोगों को एयर डिफेंस, आधुनिक लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टरों की क्षमता के बारे में जानकारी दी। दर्शकों ने राफेल और सुखोई जैसे एडवांस्ड लड़ाकू विमानों की तेज और सटीक उड़ान का लाइव अनुभव किया। यह प्रदर्शन भारतीय वायुसेना की उच्च तकनीकी क्षमता, युद्धक कौशल और सटीकता का प्रतीक बना। आजादी के बाद से ही भारतीय वायुसेना पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के साथ चार युद्धों व चीन के साथ एक युद्ध में अपना योगदान दे चुकी है। अब तक इसने कई बड़े मिशनों को अंजाम दिया है जिनमें ऑपरेशन विजय - गोवा का अधिग्रहण, ऑपरेशन मेघदूत, ऑपरेशन कैक्टस व ऑपरेशन पुमलाई शामिल है। ऐसें कई विवादों के अलावा भारतीय वायुसेना संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन का भी सक्रिय हिसा रही है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय वायु सेना के कमांडर इन चीफ के रूप में कार्य करते है। भारतीय वायु सेना में किसी भी समय एक से अधिक एयर चीफ मार्शल सेवा में कभी नहीं होते। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है एवं 2006 के आंकड़ों के अनुसार इसमें कुल मिलाकर 170,000 जवान एवं 1,350 लड़ाकू विमान हैं, जो इसे दुनिया की चौथी सबसे बड़ी वायुसेना होने का दर्जा दिलाती है। दुनिया में एक से बढ़कर एक हथियार बन चुके हैं। हालांकि फाइटर जेट किसी भी युद्ध की दशा और दिशा बदलने की ताकत रखते हैं। जिस देश के पास जितना शक्तिशाली फाइटर जेट, वो देश उतना ही शक्तिशाली। भारत खुद का तेजस बना चुका है। तेजस अभी दुनिया के टॉप 10 खतरनाक फाइटर जेट्स में शामिल नहीं है, लेकिन भविष्य में उसके अपडेटेड मॉडल इसमें शामिल हो सकते हैं। स्वदेशी आधुनिक लड़ाकू विमान एलसीए तेजस मार्क-2 के 2025 में अपनी पहली उड़ान भरने की संभावना है। यह विमान स्टेल्थ तकनीक पर आधारित होगा। यह 5.5 पीढ़ी का लड़ाकू विमान होगा। भारत इसके 2040 तक भारतीय वायुसेना में शामिल करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। यह दो इंजनों वाला बहुउद्देशीय विमान होगा.। भारत इस दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इसके बावजूद भारत के पास अभी दुनिया के 2 सबसे खतरनाक फाइटर जेट्स हैं।

## नेहरू को केवल चीन युद्ध से न आंका जाए



जैसे भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सिर्फ चीन युद्ध की हार से नहीं आंका जा सकता या इंदि. रा गांधी को केवल आपातकाल से नहीं, वैसे ही आडवाणी के लंबे राजनीतिक जीवन को भी एक घटना तक सीमित कर देना अनुचित है, आडवाणीका लो. कसेवा के प्रति समर्पण, विनम्रता और ईमानदारी देश के लिए प्रेरणा है, नेहरूजी के पूरे करियर को चीन की हार से नहीं आंका जा सकता, न ही इंदिरा गांधी को सिर्फ आपातकाल से, इसी तरह, हमें यही दृष्टिकोण आडवाणी जी के साथ भी अपनाना चाहिए, उनके लंबे सार्वजनिक जीवन को सिर्फ एक घटना से आंकना गलत है।

**-शशि थरूर**
**कांग्रेस सांसद**

# बिहार से न्यूयॉर्क तक नफरत भरे भाषण इस्लामोफोबिया चुनावी आख्यानों पर हावी





**एम हसन**

पटना और न्यूयॉर्क के बीच की दूरी 13,850 किलोमीटर होने के बावजूद, अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ खड़े राजनीतिक दलों की राजनीतिक सोच एक जैसी है। न्यूयॉर्क में जोहरान ममदानी और बिहार में महागठबंधन के नेताओं के साथ हो रहे नस्लवादी और सांप्रदायिक दुर्व्यवहार ने साबित कर दिया है कि दुनिया भर में कट्टरता कितनी सामान्य हो गई है। लंदन के मेयर सादिक खान के साथ भी यही स्थिति है।

अगर नमक हराम, बुर्का और घुसपैठिया बिहार चुनावों में इस्लामोफोबिया पैदा करने वाले नफरत भरे कारक हैं, तो न्यूयॉर्क भी हाल ही में संपन्न हुए प्रतिष्ठित मेयर चुनाव में पीछे नहीं रहा, जिसमें एक भारतीय-अमेरिकी मुस्लिम जोहरान ममदानी ने अभूतपूर्व रूप से एप्पल सिटी के राजनीतिक वंश को सत्ता से बेदखल कर दिया। ममदानी का मेयर पद का चुनाव अनियंत्रित इस्लामोफोबिया से प्रभावित रहा और इसके जल्द खत्म होने की संभावना नहीं है। जबकि बिहार में एक कार्टून में दिखाया गया था कि कांग्रेस की एक बस घुसपैठियों और बुर्का पहने महिला से भरी हुई चुनाव के लिए बिहार जा रही है, न्यूयॉर्क में एक कार्टून में लाल रंग के विमान जिस पर ममदानी लिखा था, को एक टावर की ओर जाते हुए दिखाया गया था आतंकवादियों द्वारा 9/11 ट्विन टावर दुर्घटना की याद दिलाते हुए।

पटना और न्यूयॉर्क के बीच की दूरी भले ही 13,850 किलोमीटर है, लेकिन एक समुदाय के खिलाफ खड़े सभी राजनीतिक दलों की राजनी. तिक सोच एक जैसी है। न्यूयॉर्क में जोहरान ममदानी और बिहार में महागठबंधन के नेताओं को अभी भी जिस नस्लवादी और सांप्रदायिक दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है, उसने साबित कर दिया है कि दुनिया भर में कट्टरता कितनी सामान्य हो गई है। लंदन के मेयर सादिक खान के साथ भी यही स्थिति है।

ममदानी वास्तव में नस्लवादी हमले का सामना करने वाले अकेले नहीं थे। 2008 में, तत्कालीन डेमोक्रेट राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बराक हुसैन ओबामा यह जानकर हैरान रह गए कि वह मुस्लिम हैं। ओबामा के मुस्लिम होने की अफवाहें उड़ीं, जो उनके अभियान के मीडिया कवरेज का एक महत्वपूर्ण पहलू बन गईं। ओबामा के विरोधियों ने उनकी धार्मिक पृष्ठभूमि पर संदेह जताया और पूछा कि अगर उन्हें पता चले कि डेमोक्रेट को हमास का समर्थन प्राप्त है तो वे कैसे वोट देंगे हालांकि, इस मामले को सुलझाने के लिए, पूर्व विदेश मंत्री कॉलिन पॉवेल, जो उस समय डेमोक्रेट पार्टी में शामिल हो गए थे, ने जोर देकर कहा कि ष्ओबामा मुसलमान नहीं हैं और एक सभ्य पारिवारिक व्यक्ति हैं। वह एक ईसाई हैं। वह हमेशा से ईसाई रहे हैं। फिर भी, पॉवेल ने आगे कहा, ष्अगर ओबामा मुसलमान होते तो क्या होता? क्या इस देश में मुसलमान होने में कोई बुराई है? जब उनका मध्य नाम, हुसैन, एक राजनीतिक हथियार बन गया, तो ओबामा ने खुद को इससे दूर कर लिया। बराक ओबामा विविधता का स्वीकार्य, भयरहित चेहरा बन गए। आकांक्षी, लेकिन सतर्क।

उन्होंने शायद ही कभी अपनी मुस्लिम पृष्ठभूमि का हवाला दिया, आशा की एक व्यापक, रंगभेदी कहानी को चुना। ममदानी एक अलग युग का प्रतिनिधित्व करते हैं। एक ऐसा युग जो तालमेल बिठाने में कम और दृढ़ रहने में अधिक रुचि रखता था। जब उनका मध्य नाम विरोधियों के मुंह में कलंक बन गया, तो ओबामा ने ध्यान हटा लिया। ममदानी अपना नाम तब तक धीरे-धीरे उच्चारित करते हैं जब तक कि दूसरे उसे सही नहीं बोल लेते। ओबामा मुस्लिम चश्मे से देखे जाने से बचते रहे। ममदानी कहते हैं कि मुस्लिम होना, अफीका में जन्मा होना और दक्षिण एशियाई होना कहानी है, बोझ नहीं।

हालांकि, ममदानी की सफलता ने न्यूयॉर्क या कहीं और इस्लामोफोबिया को खत्म नहीं किया है अपने प्रभावशाली विजय भाषण में, न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर ने घोषणा की कि अब न्यूयॉर्क ऐसा शहर नहीं रहेगा जहां आप इस्लामोफोबिया का लाभ उठाकर चुनाव जीत सकें। बिहार की बात करें तो, क्या 11 नवंबर को दूसरे चरण के मतदान में जाने वाले राज्य के मतदाता न्यूयॉर्क सिटी से कोई सबक लेंगे? इसकी संभावना बहुत कम है। जैसे-जैसे बिहार में दूसरे चरण का प्रचार जोर पकड़ रहा है, राजनीतिक विमर्श में एक चिंताजनक पैटर्न उभर रहा है। राज्य का राजनीतिक विमर्श नाटकीय रूप से बदल गया है। नफरत फैलाने वाले भाषण, जो कभी चुनावी बयानबाजी का एक मुख्य विषय हुआ करते थे, अब केंद्र में आ गए हैं और रैलियों, सोशल मीडिया और आधिकारिक प्रचार सामग्री के जरिए और भी ज्यादा बढ़ गए हैं। विकास और शासन की भाषा की जगह धीरे-धीरे धर्म, जाति और ष्घुसपैठियोंष जैसे आक्षेपों ने ले ली है, जिससे नागरिक समाज समूहों में चिंता बढ़ गई है।

नफरत पर नजर रखने वाले एक समूह, सिटीजन्स फॉर जस्टिस एंड पीस (सीजेपी) ने हाल ही में एक रिपोर्ट में धार्मिक और जातिगत समुदायों को निशाना बनाकर नेताओं की टिप्पणियों का एक स्पष्ट पैटर्न दर्ज किया है। इसने नमक हराम टिप्पणी को पक्षपातपूर्ण निष्ठा के माध्यम से नागरिकता को परिभाषित करने का प्रयास बताया, एक ऐसी रेखा जो कल्याण प्राप्तकर्ताओं और राजनीतिक समर्थकों के बीच के अंतर को धुंधला कर देती है। पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह पैटर्न स्पष्ट है। प्रत्एक टिप्पणी संदेह के माहौल को मजबूत करती है, जहां पहचान ही निष्ठा निर्धारित करती है। उत्तर भारत की चुनावी राजनीति में लंबे समय से इस्तेमाल किया जाने वाला घुसपैठिया शब्द बिहार के चुनावी जिलों में नए सिरे से प्रभावी हो गया है। और सोशल मीडिया द्वारा हर नारे को एक साझा करने योग्य मीम में बदलने के साथ, आक्रोश और प्रवर्धन का बिहार का चुनावी इतिहास जातिगत गौरव और धार्मिक विभाजन की अपीलों से भरा पड़ा है। इस बार जो बदला है, वह है प्रचार का पैमाना और गति। डिजिटल प्रचार का ढांचा व्हाट्सएप फॉरवर्ड, एआई-जनरेटेड पोस्टर और एल्गोरिथम माइक्रो-टारगेटिंग यह सुनिश्चित करता है कि विभाजनकारी सामग्री चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया से पहले ही तेजी से फैल जाए, लेकिन 14 नवंबर जिस दिन नतीजे घोषित होंगेकृही बताएगा कि यह विभाजनकारी हथकंडे कारगर रहे या नहीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्टार प्रचारकों के स्ट्राइक रेट में सबसे आगे आदित्यनाथ

**योगी ने बिहार में सीतामढ़ी, परिहार, पिपरा, सीवान, वैशाली, भोजपुर, राघोपुर, मोतिहारी, पिंपरी, अत्री, रक्सौल, मोहीउद्दीन नगर, सिकटी, नरपतगंज, छातापुर, समस्तीपुर, चंपारण सहित 28 सभाओं में श्रोताओं को न केवल रोमांचित किया, उन्हें बिहार और पूरे देश में भाजपा क्यों जरूरी है, यह अच्छे से बताया भी। योगी ने जितनी भी सभाएं बिहार विधानसभा चुनाव में की उसमें कितनी सीटें एनडीए जीत पाएगी, यह 14 को ही पता चलेगा लेकिन चुनाव प्रचार के आखिरी दिन जब चुनाव नतीजों पर चर्चा शुरू हुई तो इसमें यह खास था कि एनडीए सबसे बेहतर प्रदर्शन उन क्षेत्रों में करने जा रही है जहां यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की सभा हुई।**



**यशोदा श्रीवास्तव**

बिहार विधानसभा चुनाव में इस बात को लेकर भी चर्चा है कि किस स्टार प्रचारक का स्ट्राइक रेट कैसा होगा? मतलब विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन हो या इंडिया गठबंधन, गठबंधन में शामिल अन्य दलों के स्ट्राइक रेट की चर्चा तो होती है लेकिन स्टार प्रचारकों के स्ट्राइक रेट पर पहली बार चर्चा सुनी गई। इसका मतलब यह है कि किसी भी दल के स्टार प्रचारक ने कितने क्षेत्रों में सभाएं की और इनमें कितनी सीटें जिता पाया?

बता दें कि चुनाव में सभी दलों की स्टार प्रचारकों की लंबी सूची तय होती है। ए अपने अपने दलों के उम्मीदवार के पक्ष में सभाएं करते हैं। सभाएं आयोजित करने में जो खर्च आता है वह पार्टी वहन करती है न कि प्रत्याशी। बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार देखा गया कि यूपी की समाजवादी पार्टी ने जिसका एक भी उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ रहा था, उसने भी इंडिया गठबंधन के लिए स्टार प्रचारकों को नामित किया और पूरे बिहार में जमकर प्रचार किया और सभाएं की। सपा के स्टार प्रचारकों में स्वयं अखिलेश यादव की सभाओं में खूब भीड़ उमड़ी। सांसद इकरा हसन ने भी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए सभाएं की। निसंदेह उनकी सभाएं भी बहुत अच्छी रही। इस तरह सभी दलों के स्टार प्रचारकों ने अपने अपने दलों के उम्मीदवारों के लिए खूब सभाएं की।

रविवार को जब शाम छह बजे आखिरी चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार थमा तो स्टार प्रचारकों के स्ट्राइक रेट पर चर्चा शुरू हो गई। सभी के अपने अपने दावे थे लेकिन चर्चा के केंद्र बिंदु में मुख्य रूप से यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ थे। लोग पूरे आत्मविश्वास से कह रहे थे कि योगी आदित्यनाथ ने जितनी सभाएं की है, उसमें दो तिहाई सीटों पर एनडीए उम्मीदवार की जीत पक्की है। कुछ लोग तो यहां तक कह रहे कि योगी की करीब 28 सभाओं में से 25 पर एनडीए की जीत होगी।योगी ने बिहार विधानसभा चुनाव में करीब 28 सभाएं की। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन यानी रविवार को भी योगी आदित्यनाथ ने सीता मढ़ी समस्तीपुर और चंपारण में एनडीए के लिए सभाएं की। इसके पहले वे बिहार में 24 सभाएं कर चुके थे। योगी की सभी सभाओं में भीड़ अपरंपार थी। उनकी कई सभाओं में लोग बुलडोजर लेकर पहुंचे। भीड़ में से श्रोता जोर जोर से नारा लगाते सुने गए, बुलडोजर बाबा बिहार आओ,हम आपके साथ हैं। योगी ने अपनी हर सभाओं की शुरुआत जय राम से की। उन्होंने समूचे इंडिया गठबंधन को राम द्रोही और अपराधियों का समर्थक बता कर खूब वाहवाही लूटी। स्वर्गीय सहाबुद्दीन के बेटे ओसामा सहाब के बहाने आरजेडी पर खूब निशाना साधा। एनडीए के सभी बड़े स्टार प्रचारकों ने लालू यादव के पूर्व शासन को जंगल राज बताया लेकिन यही बात जब योगी अपनी सभाओं में कहते तो उनके अंदाज से लोग जोश से भर जाते। चारा घोटाले को लेकर भी योगी खूब मुखर रहे। कांग्रेस को उन्होंने अपने सभी सभाओं में छठ माता का अपमान करने वाला बताया। योगी की सभाओं में उमड़ती भीड़ देख एनडीए उम्मीदवारों में योगी की सभाओं को लेकर होड़ लग गई। सभी उम्मीदवार अपने क्षेत्रों में योगी की सभा चाहते थे। योगी आदित्यनाथ ने दरभंगा की रैली में महागठबंधन के तीन बड़े नेताओं को पप्पू,टप्पू और गप्पू कहकर उनका जो मजाक उड़ाया वह पूरे बिहार में एनडीए समर्थको में खूब लोकप्रिय हुआ। योगी की भाषण शैली आक्रमक रहती ही है और उनके इसी अंदाज को लोग पसंद भी करते हैं। वे लाग लपेट वाली भाषा और भाषण दोनों से दूर रहते हैं। बिहार में उन्होंने अपनी हर सभाओं में बुलडोजर की बात की। उन्होंने कहा यह बुलडोजर ही है जिससे अपराधी और माफिया यूपी में थर थर कांपते हैं। बड़े माफियाओं और अपरा. धियों ने या तो यूपी छोड़ दी है या राम नाम सत्य हो गए। बिहार में भी इस बार बुलडोजर चलेगा। बिहार की धरती से राम, बुद्ध और नालंदा को रेखांकित करते हुए योगी ने राम के आचरण और बुद्ध के ज्ञान तथा नालंदा के शिक्षा को भी अपने भाषणों के केंद्र में प्रमुखता से रखा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वोट चोरी: देश चाहता है राहुल के सवालों के जवाब



**तनवीर जाफरी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इन दिनों सत्ता व चुनाव आयोग की मिलीभगत के कथित नेटवर्क को लेकर काफी आक्रामक हैं। विगत 7 अगस्त से लेकर गत 5 नवंबर तक वे चार बार देश के मीडिया के समक्ष अनेक प्रमाणों सहित सार्वजनिक रूप से यह दावे कर चुके हैं कि चुनाव आयोग सत्ता की कठपुतली के रूप में काम करते हुए श्वोट चोरीश कर रहा है। जिस तरह 7 अगस्त को उन्होंने अपनी इस तरह की पहली प्रस्तुति में कर्नाटक के महादेवपुरा निर्वाचन क्षेत्र को केंद्र में रखते हुए यहां 1,00,250 फर्जी वोट जोड़े जाने का आरोप लगाया था जिसमें 11,956 डुप्लीकेट वोटर, 40,009 अमान्य पते, 10,452 बल्क रजिस्ट्रेशन अर्थात एक ही पते पर 80 लोग , 4,132 अमान्य फोटो , और 33,692 फॉर्म 6 का दुरुपयोग जैसे अनेक गंभीर आरोप लगते हुए कहा था कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर वोट चोरी करते हुए एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत का उल्लंघन कर रहा है। ठीक उसी तर्ज पर उन्होंने पिछली 5 नवंबर को दिल्ली में मीडिया के समक्ष हरियाणा के अक्टूबर 24 के चुनावों में बड़े पैमाने पर हुई कथित धांधली का भी भंडाफोड़ किया। इस बार सुबूतों के साथ चुनाव आयोग पर लगाए गए उनके आरोप और भी अधिक गहरे व गंभीर थे।




उन्होंने यहां आरोप लगाया कि 2024 के राज्य विधानसभा चुनाव में 25 लाख वोट चुराए गए। उन्होंने अपनी इस प्रस्तुति को एच फाइल्स का नाम दिया तथा अपने इन गंभीर रहस्योद्घाटन को सत्ता व चुनाव आयोग के लिए हाइड्रोजन बताया। राहुल गांधी ने दावा किया कि हरियाणा में भी 5,21,619 डुप्लीकेट वोटर पाए गए जबकि 93,174 मतदाताओं के पते अमान्य मिले। इसी तरह 19,26,351 बल्क वोटर पाए गए और 1,24,177 मत ऐसे मिले जिनपर फर्जी फोटो लगाई गई थी। इन्हीं फर्जी फोटो में एक चित्र एकब्राजीलियन मॉडल का भी इस्तेमाल किया गया जिसके फोटो पर 10 अलग अलग बूथों पर अपना नाम बदल बदल कर 22 बार मतदान किया गया था। जब उस ब्राजीलियन मॉडल लैरिसा नेरी को ब्राजील में यह पता लगा कि उस के चित्र का प्रयोग भारत के वोटर लिस्ट में बार बार सीमा, स्वीटी, सरस्वती जैसे 22 अलग अलग नामों के साथ किया गया है तो उसने कहा कि वह इससे पूरी तरह अनजान हैं। उसने एक वीडियो में हैरानी जताते हुए कहा कि दोस्तों, मैं आपको एक मजाक सुनाती हूं यह बहुत भयानक ह। वे भारत में चुनावों के लिए मेरी पुरानी तस्वीर का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें मुझे भारतीय दिखा रहे हैं। यह पागलपन क्या है? मैं कभी भारत नहीं गई हूं। यह अविश्वसनीय है। गोया ब्राजील तक भारतीय चुनाव आयोग की धांधली के डंके बजते सुने जा सकते हैं। इसी तरह एक महिला का चित्र ऐसा भी था जिसे लगाकर 223 बार दो अलग बूथों पर मतदान कराया गया। 5 नवंबर को दिल्ली में H Files के प्रस्तुत करने के बाद राहुल गांधी बिहार की अपनी सभी चुनावी जनसभाओं में केंद्रीय चुनाव आयोग और मोदी सरकार पर कथित वोट चोरी का सार्वजनिक रूप से आरोप लगा रहे हैं। और जनता की ओर से वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए जा रहे हैं। वे हरियाणा की भाजपा सरकार को चोरी की सरकार बता रहे हैं। वे Gen Z का भी वोट चोरी के प्रति सचेत रहने का आह्वान कर रहे हैं। राहुल गांधी के अनुसार सच तो यह है कि नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह जी और चुनाव आयोग, ये तीनों मिलकर संविधान पर हमला कर रहे हैं। संविधान कहता है वन मैन, वन वोट । हरियाणा में यह सिद्धांत नहीं था। वहां वन मैन, मल्टिपल वोट्स हुआ। उन्होंने कहा, वे लोग बिहार में भी यही करने जा रहे हैं। यह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा और गुजरात में भी हो चुका है। इस रहस्योद्घाटन के बाद दिल्ली से भी कुछ ऐसे खास लोगों के नाम उजागर हो रहे हैं जिनके पास दिल्ली का भी मतदाता पहचान पात्र है और बिहार का भी। अब लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के इस तरह के अति गंभीर व गहरे आरोपों का जवाब यदि केंद्रीय चुनाव आयोग बिंदुवार तरीके से देने के बजाए केवल उन्हें झुठलाने की कोशिश करे या इन आरोपों को बेबुनियाद कहकर उल्टे राहुल गांधी से ही अपने आरोपों संबंधी हलफनामा दाखिल करने को कहे तो इससे चुनाव आयोग की साख पर सवाल उठना तो लाजिमी है या केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का यह कहना कि हरियाणा में कांग्रेस आपसी फूट के कारण हारी और राहुल अपनी नाकामी को छुपाने के लिए झूठे दावे कर रहे हैं या हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा राहुल के दावों दावों को खारिज कर देना निश्चित रूप से राहुल के आरोपों का जवाब नहीं है। आज यदि देश में बिना घर के पते के आधार कार्ड नहीं बन सकता तो मकान नंबर के बिना मतदाता पहचान पत्र कैसे ? यह कौन बताएगा या इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा कि एक ही व्यक्ति की फोटो का उपयोग अनेक जगहों पर कैसे किया गया? एक ही मकान में 100, 50 या 20-20 मतदाताओं के फर्जी नाम कैसे शामिल किए गए जबकि इन फर्जी नामों के लोग वहां रहते ही नहीं? राहुल का यह भी बेहद गंभीर आरोप है कि चुनाव आयोग ने डुप्लीकेट नाम पता व फोटो हटाने का सॉफ्टवेयर होने के बावजूद इस सॉफ्टवेयर को बंद कर दिया अन्यथा चुनाव पूर्व ही सारे डुप्लीकेट चेक हो जाते। क्या यह आरोप चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा नहीं करता ? राहुल का दावा है कि उनके पास और भी कई सबूत हैं और वे इस प्रक्रिया (वोट चोरी का पर्दा फाश) को जारी रखेंगे। सवाल यह है कि आज राहुल को चुनाव आयोग के विरुद्ध इतने संगीन आरोप क्यों लगाने पड़ रहे हैं जिससे पूरे विश्व में न केवल चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा मिट्टी में मिल गई है बल्कि यह सवाल भी खड़ा हो गया है दिल्ली से लेकर विभिन्न राज्यों की सरकारें वास्तव में वही सरकारें हैं जिन्हें जनता द्वारा लंबी लंबी कतारों में घंटों खड़े होकर चुना गया है या फिर उनकी निर्वाचित सरकार चोरी कर ली गई है ? निश्चित रूप से देश का प्रत्येक व्यक्ति जिसे लोकतंत्र व इसकी चुनाव व्यवस्था पर विश्वास है कि वह राहुल के सभी आरोपों के जवाब बिंदुवार चाहता है न कि वह इधर इधर के बहानेबाजी वाले जवाब सुनना चाहता है। यदि राहुल के आरोप गलत और बेबुनियाद हैं तो चुनाव आयोग उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं करता ? देश को राहुल के गंभीर सवालों के गंभीर जवाब चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत-अंगोली मिलकर बनाएंगे मजबूत भविष्य

## राष्ट्रपति मुर्मू बोलीं: अब अंगोला को भी उपलब्ध करा सकते हैं वंदे भारत ट्रेनें



■ लुआंडा में राष्ट्रपति का औपचारिक स्वागत

■ भारत हमेशा संवाद और शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में रहा है: मुर्मू

**लुआंडा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत और अंगोला के बीच गहरे और मजबूत संबंध हैं, और दोनों देश अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे का निरंतर समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत अंगोला के अफ्रीका में शांति, सुरक्षा और स्थिरता कायम रखने के प्रयासों की सराहना करता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत हमेशा संवाद और शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में रहा है। भारत और अंगोला संयुक्त राष्ट्र सहित कई अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। हम दोनों इस बात से सहमत हैं कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार आवश्यक है ताकि यह संस्था और अधिक प्रभावी बन सके। हमें इस दिशा में अंगोला के निरंतर समर्थन की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की 'मेड इन इंडिया' वंदे भारत सेमी हाई-स्पीड ट्रेनें देश के रेल क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसी आधुनिक ट्रेनें अंगोला को भी उपलब्ध करा सकते हैं। वहीं युवा आबादी पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भारत और अंगोला दोनों देशों में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए यह जरूरी है कि वे भविष्य के लिए जरूरी कौशल हासिल करें। उन्होंने शिक्षा, तकनीक और कौशल विकास के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर बल दिया। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रविवार को अंगोला की राजधानी लुआंडा में औपचारिक स्वागत समारोह में सम्मानित किया गया। इस मौके पर अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंको भी मौजूद थे। यह यात्रा भारत और अंगोला के बीच कूटनीतिक संबंधों के 40 साल पूरे होने के मौके पर हो रही है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू की यह यात्रा दोनों देशों के बीच रिश्तों को और मजबूत बनाएगी। यह पहली बार है जब किसी भारतीय राष्ट्रपति ने अंगोला का राजकीय दौरा किया है। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, यह यात्रा अफ्रीका और ग्लोबल साउथ के देशों के साथ भारत के बढ़ते सहयोग का प्रतीक है। विदेश मंत्रालय के अधिकारी सुधाकर दलेला ने बताया कि इस दौरे में राजनीति, अर्थव्यवस्था, विकास और संस्कृति से जुड़ी साझेदारियों पर चर्चा होगी। साथ ही, बोत्सवाना से चीता लाने की संभावना पर भी बात हो सकती है। वहीं बोत्सवाना में राष्ट्रपति व्यापार, निवेश, तकनीक, कृषि, स्वास्थ्य और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगी और वहां की संसद को भी संबोधित करेंगी।

## शेखर कपूर एआई की मदद से दोबारा बनाएंगे फिल्म 'पानी'

**नई दिल्ली।** करीब एक दशक बाद चर्चित फिल्म निर्देशक शेखर कपूर अपनी महत्वाकांक्षी फिल्म 'पानी' को फिर से जीवंत करने की तैयारी में हैं, लेकिन इस बार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से बनाया जाएगा। गौरतलब है कि यह वही फिल्म है जिसमें दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत को मुख्य भूमिका के लिए चुना गया था, लेकिन निर्माता यशराज फिल्म्स के हटने के बाद यह फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई थी। शेखर कपूर ने यूनीवार्ता से बातचीत में बताया कि अब वह फिल्म 'पानी' को एआई तकनीक के जरिए दोबारा बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। उनके अनुसार कि कई लोगों ने कहा था कि यह फिल्म बहुत महंगी है। लेकिन अब मैं इसे एआई से बनाने जा रहा हूं, जो तेज और किफायती, दोनों है।




कोलकाता। 'वोट चोर-गद्दी छोड़' अभियान के तहत विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस समर्थक नारे लगाते हुए।

## जापान के तेनाई शहर के पोल्ट्री फॉर्म में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि

**निगाटा।** जापान के निगाटा प्रांत के तेनाई शहर के पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि की गई है। प्रांतीय प्रशासन ने रविवार को कहा कि तेनाई शहर के एक पोल्ट्री फार्म में संक्रामक बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) के एक संदिग्ध मामले की जेनेटिक टेस्टिंग के बाद पुष्टि हो गई है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार यह इस सीजन में एक पोल्ट्री फार्म में चौथा पुष्ट मामला है। इससे पहले शहर के एक और पोल्ट्री फार्म और होक्काइडो में दो मामले सामने आए थे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इसे देखते हुए लगभग 280000 मुर्गियों को मारने का काम शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह पोल्ट्री फार्म ने काएत्सु पशुधन स्वच्छता केंद्र को जानकारी दी कि बड़ी संख्या में मुर्गियां मर रही हैं।

### आर्मी चीफ आसिम मुनीर अब तीनों सेनाओं के प्रमुख बनेंगे

# पाकिस्तान ने मुनीर के लिए संविधान बदला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी संसद ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का प्रमुख बनाने के लिए संविधान में बदलाव किया है। अब उन्हें देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) बनाया जाएगा। यह भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की तरह होगा। यह नया पद इसलिए बनाया गया है ताकि सेना, नौसेना और वायुसेना आपस में मिलकर बेहतर तरीके से काम कर सकें और तीनों की कमान एक जगह से संभाली जा सके।

इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस साल 20 मई को पाकिस्तानी सरकार ने आसिम मुनीर को फील्ड मार्शल का दर्जा दिया था। मुनीर से पहले 1959 में सैन्य तानाशाह अयूब खान ने खुद को फील्ड मार्शल घोषित कर दिया था। फील्ड मार्शल पाकिस्तान सेना में सर्वोच्च सैन्य रैंक है, जो एक फाइव स्टार रैंक मानी जाती है। यह रैंक जनरल (फोर स्टार) से ऊपर है। पाकिस्तान में फील्ड मार्शल का पद सेना, नौसेना और वायुसेना में सबसे ऊंचा होता है। मुनीर को 6 महीने में 2 बड़ा प्रमोशन मिला है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक चीफ ऑफ फोर्सेस बनाने का फैसला मई में भारत और पाकिस्तान के बीच हुई चार दिन की झड़प से मिली सीख के बाद लिया गया है। पाकिस्तान ने महसूस किया कि जंग में तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल और तुरंत एक्शन लेना बहुत जरूरी है। इसीलिए अब ऐसी यूनीफाइड कमांड सिस्टम लाई जा रही है, ताकि थलसेना, नौसेना और वायुसेना मिलकर एक साथ और तेजी से जवाब दे सकें। पाकिस्तान की संसद में शनिवार को 27वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया गया, जिसे पास कर दिया गया है। यह संविधान के अनुच्छेद 243 में बदलाव से जुड़ा है। इसमें आर्म्ड फोर्स से जुड़े 5 बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति अब प्रधानमंत्री की सलाह पर आर्मी चीफ और चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज, दोनों की नियुक्ति करेंगे। सेना प्रमुख को ही चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज का पद भी दिया जाएगा। नेशनल स्ट्रैटजिक कमांड बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री की सलाह से चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज इसके मुखिया की नियुक्ति करेंगे। इस कमांड का नेतृत्व पाकिस्तान आर्मी का अधिकारी करेगा। सरकार को अब अधिकारियों को फील्ड मार्शल, एयर फोर्स मार्शल और एडमिरल ऑफ द फ्लीट जैसे विशेष रैंक देने की मंजूरी होगी। इनमें से फील्ड मार्शल का पद आजीवन रहेगा। मौजूदा चेयरमैन, जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी का पद 27 नवम्बर 2025 के बाद खत्म हो जाएगा 27वां संशोधन सिर्फ सेना से जुड़ा नहीं है। इसके जरिए कुछ और बड़े बदलाव भी किए जा रहे हैं। इनमें संवैधानिक अदालत की स्थापना, हाई कोर्ट जजों की बहाली और ट्रांसफर, राज्यों को मिलने वाली राजस्व हिस्सेदारी में बदलाव, अनुच्छेद 243 में संशोधन, शिक्षा और जनसंख्या नियोजन से जुड़ी शक्तियों को संघ को वापस करने और चुनाव आयोग की नियुक्तियों में मुश्किलों को खत्म करने जैसी चीजें शामिल हैं। फेडरल कान्स्टिटयूशनल कोर्ट यानी संवैधानिक अदालत संविधान संशोधन का एक अहम प्रस्ताव है। यह अदालत खास तौर पर संविधान से जुड़े मामलों की सुनवाई करेगी। जैसे कि केंद्र और प्रांतीय सरकारों के बीच विवाद, कानूनों की संवैधानिक वैधता और संवैधानिक अधिकारों से जुड़े मामले। अभी पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट ही ऐसे मामलों की सुनवाई करता है, लेकिन नई अदालत बनने के बाद संवैधानिक मामलों की जिम्मेदारी अलग अदालत को मिल जाएगी।



■ देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज बनाया जाएगा, मई में बने थे फील्डमार्शल

### मुनीर को ताकतवर बनाने वाले संविधान पर बवाल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में 27वें संवैधानिक संशोधन को लेकर हंगामा हो गया है। विपक्षी पार्टियों ने इसके खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान कर दिया है। विपक्षी पार्टियों का आरोप है कि इस संशोधन से संविधान की नींव हिल जाएगी। गौरतलब है कि इस संविधान संशोधन के जरिए पाकिस्तानी सेना के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की ताकत और बढ़ जाएगी। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ और अन्य विपक्षी दलों वाले गठबंधन तहरीक-ए-तहफ्फुज -आईन-ए-पाकिस्तान ने संविधान संशोधन का देशव्यापी विरोध करने का एलान किया है। मजलिस वहदत ए मुस्लिमीन के प्रमुख अल्लामा राजा नासिर अब्बास ने कहा कि इस संविधान संशोधन से देश की लोकतांत्रिक संस्थाएं पंगु हो जाएंगी और पूरे देश को इसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए। एक अन्य विपक्षी नेता ने कहा कि यह संविधान संशोधन संविधान की नींव हिला देगा।

## गाजा में इजरायली हमलों में एक की मौत

**गाजा/यरूशलम।** गाजा में शनिवार को हुए दो इजरायली हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के सूत्रों के अनुसार पहले हमले में इजरायली टैंकों ने अल-बुरेइज शरणार्थी शिविर के पास गोले दागे और भारी मशीनगन से गोलीबारी की जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। अल-अवदा अस्पताल ने एक बयान में पुष्टि की है कि उन्हें एक शव मिल गया है। नागरिक सुरक्षा विभाग ने बताया कि दूसरे हमले में दक्षिणी गाजा के खान यूनिस के पश्चिम में अल-मवासी इलाके में इजरायली गोलीबारी में एक युवक घायल हो गया। इस बीच इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि उसने उत्तरी गाजा और दक्षिणी गाजा में एक एक फिलीस्तीनी को मार गिराया है। आईडीएफ ने दावा किया कि दोनों और एक तीसरे ने 'एलो लाइन' पार कर ली थी जो गाजा में इजराइली सेना की तैनाती वाले क्षेत्रों को चिह्नित करती है और आईडीएफ सैनिकों के पास पहुंच गए थे। इजरायल और हमास के बीच 10 अक्टूबर को हुए युद्धविराम से इजरायली हमलों में कमी तो आई है, लेकिन उन्हें पूरी तरह से रोका नहीं है।

# पहली बार बांग्लादेश पहुंचा पाकिस्तानी वॉरशिप

■ चार दिन चटगांव में रहेगा, भारत से तनाव के बीच करीब आ रहे बांग्लादेश और पाकिस्तान

**ढाका।** 1971 के युद्ध के बाद पहली बार पाकिस्तान का एक युद्धपोत बांग्लादेश पहुंचा है। शनिवार को पाकिस्तानी वारशिप पीएनएस सैफ बंगाल की खाड़ी से होते हुए चटगांव बंदरगाह पहुंचा। यह जहाज चार दिन की सद्भावना यात्रा (गुडविल विजिट) पर है, जिसका मकसद दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करना बताया गया है। बांग्लादेश नौसेना के मुताबिक, इस जहाज की कमान कैप्टन शुजात अब्बास राजा के पास है।

चटगांव पहुंचने से पहले बांग्लादेश नौसेना के जहाज ठछै शाधीनोता ने समुद्र में ही पाकिस्तानी जहाज को औपचारिक सलामी दी और बंदरगाह तक एस्कार्ट किया। यात्रा के दौरान दोनों देशों की नौसेनाओं के अधिकारी आपसी मुलाकात करेंगे और सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। यह यात्रा 12 नवम्बर को समाप्त होगी। 2024 के अगस्त में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद पाकिस्तान उन शुरुआती देशों में था, जिसने मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार का स्वागत किया था। इसके बाद से ढाका और इस्लामाबाद के रिश्ते लगातार बेहतर हो रहे हैं, जबकि भारत और बांग्लादेश के संबंधों में हाल के महीनों में तनाव बढ़ा है। पाकिस्तानी वारशिप पीएनएस सैफ इन दिनों तकनीकी खराबी से जूझ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जहाज के एचपी-5 स्टेबलाइजर सिस्टम में गड़बड़ी आई है, जो जहाज की स्थिरता और संतुलन बनाए रखने के लिए अहम होता है। इस खराबी के कारण समुद्री यात्रा के दौरान जहाज का कंट्रोल प्रभावित हो सकता है और नेविगेशन में दिक्कतें आती हैं। पीएनएस सैफ को चीन ने 2010 में पाकिस्तान को बेचा था। यह वही फ्रिगेट क्लास का जहाज है जिसमें पीएनएस शामशीर और पीएनएस आसलत भी शामिल हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इन दोनों जहाजों में भी इसी तरह की तकनीकी समस्याएं सामने आई हैं। रक्षा विश्लेषकों के अनुसार, चीन ने इस क्लास के जहाजों की सप्लाई के लिए पाकिस्तान से करीब 6375 करोड़ रुपए वसूले थे।

# ममदानी के बाद सैकत चक्रवर्ती सांसद बनने की दौड़ में

### सैन फ्रांसिस्को से चुनाव लड़ेंगे, सुभाषचंद्र बोस वाली टी-शर्ट पहनी, तो अमेरिकियों ने कहा था नाजी समर्थक

**वाशिंगटन।** पिछले हफ्ते भारतीय मूल के जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क मेयर चुनाव जीतकर इतिहास रचा। अब भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेट सैकत चक्रवर्ती का नाम चर्चा में है। नैंसी पेलोसी के रिटायरमेंट की घोषणा के बाद सैन फ्रांसिस्को की संसद सीट खाली हो गई है। अब 39 साल के सैकत को डेमोक्रेटिक नामिनेशन मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

ममदानी की तरह सैकत भी अमेरिका में उभर रही प्रोग्रेसिव लीडर्स की नई पीढ़ी का हिस्सा हैं। इससे पहले सैकत 2018-19 में सुभाषचंद्र बोस की तस्वीर वाली टी-शर्ट पहनने पर विवादों में घिर गए थे। उनपर मीडिया ने नाजी विचारधारा का प्रचार करने का आरोप लगाया था। सैकत पुराने डेमोक्रेट विचारों को बदलना चाहते हैं। पुराने डेमोक्रेट गरीबों के लिए मुफ्त इलाज, पढ़ाई और नौकरी देने को प्राथमिकता मानते हैं। जबकि नए लीडर बीच का रास्ता अपनाते हैं। उनका मोटिव बिजनेस में मदद को बढ़ावा देना, फ्री ट्रेड और वेलफेयर रिफार्म करना है। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने चक्रवर्ती की तुलना ममदानी से की है, खासकर उनके प्रचार करने के तरीके के कारण। ममदानी की तरह, चक्रवर्ती ने भी बदलाव और सुधार को अपने अभियान का अहम हिस्सा बनाया है। दोनों की कैंपेन स्टाइल एक जैसी है। अप्रैल में कैंपेन शुरू करते हुए सैकत ने कहा था कि यह मौका है कामकाजी लोगों के लिए असली मूवमेंट, क्रांति लाने का। ममदानी की जीत पर सैकत ने एक्स पर लिखा कि जोहरान ने साबित किया कि चाहे विरोधी कितना भी पैसा खर्च कर ले, अगर आम लोग बदलाव के लिए एकजुट होकर काम करते हैं तो उन्हें हराया जा सकता है। चक्रवती भी ममदानी की तरह अमीरों पर टैक्स बढ़ाने के पक्षधर हैं।

## ब्राजील में बवंडर से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हुई

**साओ पाउलो।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य पराना में शुक्रवार रात को आए बवंडर से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है जबकि लगभग 750 लोग घायल हुए हैं और कम से कम एक व्यक्ति लापता है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया के अनुसार रियो बोनिटो डू इगुआकु शहर में कई घर और इमारतें नष्ट हो गईं। उन्होंने बताया कि लगभग 14000 लोगों के घर वाले शहर का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा तबाह हो गया है। अधिकारियों ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पराना के गवर्नर कार्लोस मस्सा रतिन्हो जूनियर ने राहत और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए आपातकालीन धनराशि जारी करने में तेजी लाने के लिए सार्वजनिक आपदा की स्थिति घोषित कर दी है।

# अमेरिका के ऐतिहासिक दौरे पर पहुंचे अहमद अल शरा

## 1946 के बाद पहली बार कोई सीरियाई राष्ट्रपति अमेरिका के अधिकारिक दौरे पर पहुंचे



■ सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल शरा वाशिंगटन में सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात करेंगे

**वाशिंगटन।** सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल शरा अमेरिका के दौरे पर पहुंचे हैं। यह दौरा बेहद ऐतिहासिक है क्योंकि साल 1946 के बाद पहली बार कोई सीरियाई राष्ट्रपति अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर वाशिंगटन पहुंचे हैं। सीरियाई राष्ट्रपति का अमेरिका दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब अमेरिका ने सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल शरा का नाम आतंकवादी सूची से एक दिन पहले ही हटाया है।

सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल शरा वाशिंगटन में सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात करेंगे। इससे पहले जब मई में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सऊदी अरब का दौरा किया था, उस वक्त सऊदी अरब के रियाद शहर में भी ट्रम्प की अहमद अल शरा से मुलाकात हुई थी। सीरिया में अमेरिका के राजदूत टाम बराक ने उम्मीद जताई कि अहमद अल शरा के इस अमेरिका दौरे पर सीरिया की सरकार, आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाले गुट में शामिल होने के समझौते पर हस्ताक्षर कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका, सीरियाई राजधानी दमिश्क के पास एक सैन्य अड्डा बनाने की योजना बना रहा है। इस सैन्य अड्डे का मकसद मानवीय सहायता के काम में समन्वय बताया जा रहा है। अमेरिका के विदेश विभाग ने पुष्टि की है कि अहमद अल शरा को आतंकवादी सूची से हटा दिया गया है क्योंकि शरा ने सीरिया में लापता अमेरिकियों का पता लगाने और बचे हुए रसायनिक हथियारों को खत्म करने की सहमति दी है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी अहमद अल शरा पर लगे प्रतिबंधों को हटा लिया था, जिसके बाद शरा ने सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा को भी संबोधित किया। ऐसा करने वाले भी शरा पहले सीरियाई राष्ट्रपति हैं। अहमद अल शरा के पूर्व के संगठन हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) का खूंखार आतंकी संगठन अल-कायदा से जुड़ाव था। यही वजह थी कि अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने शरा का नाम आतंकवादी सूची में डाला हुआ था। हालांकि बाद में शरा सक्रिय राजनीति में उतरे और बीते साल बशर अल असद के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया। सत्ता संभालने के बाद से, शरा और सीरिया के नए नेतृत्व ने खुद को अपने उग्रवादी अतीत से दूर कर सीरियाई लोगों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने एक अधिक उदार छवि पेश करने की कोशिश की है।

# थाइलैंड में नया शराब नियंत्रण कानून लागू

■ निर्धारित समय के बाद शराब पीने पर जुर्माना

**बैंकाक।** थाईलैंड में नया शराब नियंत्रण कानून आठ नवम्बर से प्रभावी हो गया, जिसमें निर्धारित समय-सीमा के बाद शराब पीने वालों पर जुर्माना लगाने का प्रावधान है। इससे पर्यटन एवं नाइटलाइफ को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

स्थानीय मीडिया ने रविवार को बताया कि थाईलैंड के पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र ने अल्कोहल नियंत्रण अधिनियम (संख्या दो) बीई 2568 पर चिंता व्यक्त की है, जिसमें कानूनी रूप से बिक्री के बाद तय समय के अतिरिक्त शराब पीने पर दंड का प्रावधान है। शराब की खपत पर कड़ा नियंत्रण रखने के उद्देश्य से बनाए गए इस कानून से जनता एवं पर्यटन उद्योग में व्यापक चिंता उत्पन्न हो गई है। नई व्यवस्था के अंतर्गत, समय-सीमा का उल्लंघन करने पर सिर्फ विक्रेताओं को ही नहीं बल्कि उपभोक्ताओं को भी दंड का सामना करना पड़ सकता है। सुबह 11:00-14:00 और शाम 6:00-24:00 के बाद रेस्टोरेंट में बैठकर शराब पीने पर 10000 बाट तक का जुर्माना लग सकता है। इस कदम की स्थानीय एवं विदेशी मीडिया दोनों ने आलोचना की है और थाईलैंड आने वाले पर्यटकों को सावधानी बरतने की चेतावनी दी है।

# ब्राजील में तेज हवाओं व भारी बारिश से तबाही

## इमारतें ढहीं, सड़के टूटीं, छह मौतें

**ब्रासीलिया/मनीला।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य पराना में तेज हवाओं और भारी बारिश के साथ आए तूफान ने भारी तबाही मचाई। राज्य सरकार के अनुसार, इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। सबसे ज्यादा नुकसान रियो बोनिटो डो इगुआकू शहर में हुआ।

यहां आधे से अधिक घरों की छतें उड़ गईं, कई इमारतें ढह गईं, सड़कें बंद हो गईं और बिजली की लाइनें टूट गईं। इस हादसे में अब तक 437 लोग घायल हुए हैं। वहीं, लगभग 1000 लोग बेघर हो गए। मौसम विभाग के अनुसार हवा की गति 180 से 250 किलोमीटर प्रति घंटा तक थी। दूसरी ओर फिलीपींस में रविवार को 'फंग-वोंग' सुपर टाइफून के कारण भारी बारिश, तेज हवाएं चलीं। इसके चलते फिलीपींस के पूर्वी और उत्तरी इलाकों से 1.5 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। यहां ऊंची समुद्री लहरों के लिए चेतावनी जारी कर दी गई है। फिलीपींस के बड़े हिस्से में चेतावनी जारी कर दी गई हैं। जिनमें सिग्नल संख्या 5 (सबसे ऊंची चेतावनी है) दक्षिण-पूर्वी लूजोन में जारी की गई है। इसमें कैटनडुआनस और कैमरिन्स नार्टे और कैमरिन्स सुर के तटीय क्षेत्र शामिल हैं। वहीं, मेट्रो मनीला और आसपास के क्षेत्र सिग्नल संख्या 3 के अंदर हैं। तूफान की रफ्तार 185 किमी प्रति घंटा से 230 किमी प्रति घंटा है। यह रात तक मध्य लुजोन के औरोरा प्रांत में दस्तक दे सकता है। यहां भारी बारिश, तेज हवाएं और समुद्री लहरों का खतरा है। कई इलाकों में बिजली गुल हो चुकी है।



■ फिलीपींस में 'फंग-वोंग' सुपर टाइफून, 1.5 लाख लोग रेस्क्यू किए गए

# जापान में आया 6.7 तीव्रता का तेज भूकंप

■ सुनामी की चेतावनी, छह हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने के निर्देश

**टोक्यो।** जापान में रविवार को इवाते प्रांत के तट के पास 6.7 तीव्रता का तेज भूकंप आया है। दोपहर 1:33 बजे आए झटके के बाद मौसम विभाग ने इवाते प्रांत के लिए सुनामी एडवाइजरी जारी की। इसके बाद इवाते के ओफुनातो शहर में तटीय इलाकों से 6138 लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने का निर्देश दिया गया। मौसम एजेंसी के मुताबिक ओफुनातो पोर्ट में 10 सेंटीमीटर ऊंची सुनामी की लहर दर्ज की गई। इससे पहले, समुद्र में तट से करीब 70 किलोमीटर दूर कमजोर सुनामी देखी गई। सुनामी एडवाइजरी तब जारी की जाती है जब लहरें 1 मीटर तक पहुंचने की आशंका होती है। भूकंप का असर रेलवे पर भी पड़ा। ईस्ट जापान रेलवे के अनुसार, तोहोकू शिंकानसेन की बिजली कुछ देर के लिए चली गई और सेंडाई से शिन-आओमोरी के बीच ट्रेनों की आवाजाही रोकनी पड़ी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108